# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 03 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल 10 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 309
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


### ट्रंप की डेड इकोनॉमी वाली टिप्पणी का पीएम मोदी ने दिया जवाब, कहा

# दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा भारत

वाराणसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताया था। उनके इस तंज के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से करारा संदेश दिया और कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पीएम मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया और कहा कि अब समय आ गया है कि हर भारतीय, हर खरीदारी में देशहित को प्राथमिकता दे। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि अब भारत भी हर चीज को परखने के लिए सिर्फ एक ही तराजू इस्तेमाल करेगा- वो है, भारतीय पसीने से बनी चीजें। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश का हर नागरिक, हर दुकानदार और हर उपभोक्ता इस मंत्र को अपनाए कि हम वही खरीदेंगे जो भारत में बना हो, जिसे भारतीय हाथों ने गढ़ा हो और जिसमें हमारे देश का पसीना हो। वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह सिर्फ सरकार की नहीं, हर भारतवासी की जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री का कहना था कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है। अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। भारत को भी अपने किसानों, लघु उद्योगों, युवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने आगे कहा, भारत को अब सजग रहना होगा। कौन सी चीज खरीदनी है, इसका सिर्फ एक ही तराजू होगा- वो जिसमें भारत के किसी नागरिक का पसीना बहा हो। हम वही चीजें खरीदेंगे जो भारत में बनी हों। भारतीय कौशल से बनी हों, भारतीय हाथों से बनी हों। यही हमारे लिए असली स्वदेशी है।



### हर नागरिक बने स्वदेशी का प्रचारक

प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प को सिर्फ सरकार या राजनीतिक दलों तक सीमित ना रखकर हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा, सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। लेकिन देश के नागरिक के रूप में हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को हर पल बोलते रहना चाहिए- दूसरे को कहते रहना चाहिए। जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, उसे अपने संकोच को छोड़कर देशहित में हर पल देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा- वह संकल्प है, हम स्वदेशी को अपनाएं। मोदी ने साफ किया कि वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया को अब केवल नारा नहीं, व्यवहारिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

### व्यापारी सिर्फ स्वदेशी माल बेचें, यही सच्ची देशसेवा

प्रधानमंत्री ने देश के व्यापारियों और उद्योगजगत से विशेष आग्रह किया और कहा, अब समय आ गया है कि सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी उत्पादों को ही बेचा जाए। उन्होंने कहा, मैं व्यापार जगत से जुड़े भाइयों को आगाह करता हूं- अब हमारी दुकानों पर सिर्फ स्वदेशी सामान बिकना चाहिए। यही देश की सच्ची सेवा होगी। जब हर घर में नया सामान आए तो वो स्वदेशी ही हो, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक व्यापारिक दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन से आयात पर बहस और अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा के केंद्र में हैं।

## पुणे में सांप्रदायिक हिंसा मामले में 500 लोगों पर केस दर्ज, 17 गिरफ्तार

### -आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी भी गिरफ्तार

पुणे। पुणे जिले की दौंड तहसील के यावत गांव में शुक्रवार को एक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद सांप्रदायिक तनाव भड़क उठा, जिसके चलते हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग किया था। इसके बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 500 लोगों पर केस दर्ज करते हुए 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल शुक्रवार दोपहर एक युवक ने सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट डाल दी। इसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साई भीड़ ने एक मोटरसाइकिल, दो कारें, एक धार्मिक स्थल और एक बेकरी को निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की हैं और 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसे के साथ आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यावत थाना के एक अधिकारी ने बताया कि चार मामलों में उपद्रव, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान को लेकर कार्रवाई की गई है। इनमें से 100 से अधिक लोगों की पहचान हो चुकी है।

### धारा 144 लागू, एसआरपीएफ तैनात

पुणे के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने मीडिया को बताया कि गांव में अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। किसी भी पूर्व नियोजित साजिश के संकेत फिलहाल नहीं मिले हैं। शांति बनाए रखने के लिए बीएनएस की धारा 144 और बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। राज्य आरक्षित पुलिस बल (एसआरपीएफ) को गांव में तैनात किया गया है। इसी के साथ ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर है।

## खास खबर

### संत प्रेमानंद को जान से मारने की धमकी

मथुरा। मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज को जान से मारने की धमकी दी गई। सतना जिले के एक युवक ने फेसबुक पर पोस्ट डाली है। इसमें लिखा- मेरे घर के बारे में बोलता तो मैं प्रेमानंद की गर्दन उतार लेता। पोस्ट के सामने आने के बाद मथुरा में धर्माचार्यों ने आक्रोश जताया। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष ने न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी बाबा ने कहा- कोई भी व्यक्ति प्रेमानंद बाबा की तरफ आंख उठा कर देखेगा तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम किसी भी अपराधी की गोली को अपनी छाती पर खाने को तैयार हैं। दरअसल, हाल ही में संत प्रेमानंद महाराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा। इसमें उन्होंने युवाओं को मनमानी और गलत आचरण से बचने की सलाह दी थी। उन्होंने खासतौर पर आजकल के समाज में बढ़ते बॉयफ्रेंड, गर्लफ्रेंड, ब्रेकअप और पैचअप जैसे चलन पर चिंता जताई।

### शिबू सोरेन की तबीयत फिर बिगड़ी

रांची। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत शुक्रवार को एक बार फिर बिगड़ गई। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। गुरुजी 19 जून से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। 81 वर्षीय शिबू सोरेन डायबिटीज, किडनी और हृदय संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हैं। उनके हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। तब से वे अस्पताल में हैं। बीच में ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस के कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई थी। लेकिन इसके बाद उनकी हालत में सुधार हुआ था। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू की सुरक्षा में चूक, दूसरे रास्ते से चली गई थी काफिले की गाड़ियां

देवघर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आई थीं। इस दौरान देवघर स्थित एम्स में राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई थी। इस पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने राष्ट्रपति मुर्मू के सुरक्षा व्यवस्था में चूक होने के मामले में 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति के काफिले की कुछ गाड़ियां तय मार्ग के बजाय अन्य रास्ते पर डायवर्ट कर दी गईं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। देवघर एयरपोर्ट से निकलने पर राष्ट्रपति दूसरे रूट से गईं और उनका काफिला अलग रूट पर चला गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार रात ही विशेष जांच टीम ने मामले की जांच की और रिपोर्ट सौंप दी। जांच में लापरवाही सामने आने पर देवघर यातायात थाना के 2 पुलिस अधिकारियों सहित कुल 4 सुरक्षाकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## कुछ ना कहना




## राहुल बोले- अरुण जेटली ने किसान कानून पर धमकाया

### कहा था विरोध करोगे तो कार्रवाई होगी; बेटे ने कहा- उनकी मौत के सालभर बाद कानून आया

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को किसान कानून और सरकार का विरोध करने पर पूर्व वित्त मंत्री अरूण जेटली पर धमकाने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि मुझे याद है कि जब में किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरूण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था।

राहुल ने बताया कि जेटली ने उनसे कहा था कि तुम सरकार के खिलाफ विरोध करना जारी रखोगे और किसान कानूनों के खिलाफ लड़ोगे तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद मैने जेटली की तरफ देखा और कहा कि आपको कोई भी आइडिया नहीं है कि आप किससे बात कर रहे हैं। राहुल के बयान पर अरूण जेटली के बेटे रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि मेरे पिता ने उन्हें किसान कानूनों पर धमकाया। लेकिन सच्चाई ये है कि मेरे पिता का



निधन 2019 में हुआ था और कानून 2020 में लाए गए थे। रोहन जेटली ने कहा कि ऐसे लोग जो अब हमारे बीच नहीं हैं, उनके बारे में बोलते वक्त सोच-समझकर बोलना चाहिए। राहुल गांधी ने पहले भी मनोहर पर्रिकर जी के अंतिम दिनों पर भी राजनीति की थी, जो बहुत ही गलत था।

### राहुल गांधी माफी मांगे

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि अरुण जेटली जी का निधन 24 अगस्त 2019 को हुआ था, जबकि कृषि कानून 17 सितंबर 2020 को लोकसभा और 20 सितंबर 2020 को राज्यसभा में पास हुए थे। जब ये बिल संसद में लाए गए, तब तक अरुण जेटली जी का निधन हो चुका था।

### किसान कानून सितंबर 2020 को संसद में पेश हुए थे

तीन किसान कानूनों को सितंबर 2020 में संसद में पेश किया गया और उसी महीने इन्हें पारित कर दिया गया था। हालांकि, देशभर के किसानों, खासकर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने इन कानूनों का भारी विरोध किया। नवंबर 2020 से दिल्ली की सीमाओं पर लंबा आंदोलन शुरू हुआ, जिसे एक साल से ज्यादा चला। विरोध के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर 2021 को इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। औपचारिक रूप से 1 दिसंबर 2021 को संसद ने तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिया था।

## कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

### पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने 14 नाम जारी किए थे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

हारिस शनिवार को सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच कल रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ऑपरेशन अखल को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है।

## राज्यसभा में बढ़ी बीजेपी की ताकत, तीन सांसदों के आने से 102 हुई सदस्य संख्या

नई दिल्ली। संसद के मॉनसून सत्र के बीच सियासी घटनाक्रम सामने आया जब सत्र की शुरुआत के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा दे दिया। अभी उनका कार्यकाल 2027 तक था। धनखड़ के अचानक इस्तीफा देते ही सरकार रणनीति बनोन में जुट गई। दूसरी ओर नए उपराष्ट्रपति को लेकर चुनाव प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस बीच सबसे केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी की संसद के उच्च सदन में ताकत बढ़ गई है। राज्यसभा में राष्ट्रपति ने पिछले दिनों चार सांसदों को मनोनीत किया था। इनमें तीन मनोनीत सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। इससे पार्टी की राज्यसभा में ताकत बढ़ गई है। संसद के उच्च सदन में बीजेपी का आंकड़ा अब 102 हो गया। यह उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले हुआ है। उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला और सी. सदानंदन मास्टर जैसे मनोनीत सांसद बीजेपी में शामिल हो गए हैं। तीन मनोनीत सांसदों के आने से राज्यसभा में बीजेपी की स्थिति और मजबूत हो गई है। अब उसके 102 सदस्य हो गए हैं। बता दें अप्रैल 2022 के बाद पहली बार बीजेपी ने 100 का आंकड़ा पार किया है।

## प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद : कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में अदालत ने दिया फैसला

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजनीति को हिला देने वाले चर्चित सेक्स स्कैंडल मामले में अदालत ने पूर्व सांसद और जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए उन्हें दो मामलों में उम्रकैद और 11 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई, जो पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाएगी।



यह मामला पहली बार तब प्रकाश में आया था जबकि एक पीड़िता ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रेप, यौन उत्पीड़न, धमकी और साइबर अपराध जैसे संगीन आरोप लगाए। सबसे अहम सबूत बना पीड़िता की साड़ी, जिसे उसने वारदात के बाद सुरक्षित रख लिया था। फोरेंसिक जांच में साड़ी पर स्पर्म के निशान मिले, जिससे अदालत को पुख्ता प्रमाण मिला। साथ ही पीड़िता ने घटना का वीडियो रिकॉर्डिंग भी अदालत को सौंपी, जिसमें प्रज्वल का चेहरा साफ दिख रहा था।

### वीडियो कॉल पर जबरन अश्लीलता

पीड़िता के अनुसार, 2020-2021 के दौरान रेवन्ना उसे वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर करता था। मना करने पर, उसने धमकी दी कि वो उसके पिता की नौकरी छीन लेगा और मां-बेटी दोनों का जीवन बर्बाद कर देगा। वह पीड़िता की मां के फोन पर कॉल कर बेटी को वीडियो कॉल उठाने के लिए मजबूर करता था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पीड़िता की मां ने भी आरोप लगाया कि उनके साथ भी बेंगलुरु के बसवनगुड़ी स्थित आवास में रेप किया गया। इसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रेवन्ना परिवार का यौन शोषण का इतिहास रहा है, और उसके पिता एचडी रेवन्ना भी इसमें शामिल रहे हैं।

### नौकरानियों का भी शोषण

पीड़िता के अनुसार, रेवन्ना परिवार में छह महिलाएं घरेलू काम करती थीं, जिनमें से तीन अन्य नौकरानियों ने भी आगे आकर बयान दिए कि उनके साथ भी अश्लील हरकतें की गईं। पीड़िता ने कहा, कि उसने हमें गुलामों की तरह रखा। हमें धमकाया और मजबूर किया कि हम चुप रहें। परिवार को जमीन बेचनी पड़ी, पिता की नौकरी गई, मां को घर से दूर रहना पड़ा। जब केस दर्ज हुआ तो उन्हें धमकाया गया और केस वापस लेने के लिए लालच भी दिया गया।




# ग्राम बड़ी कुम्हारी में प्राथमिक शाला भवन नहीं होने से बच्चों को हो रही परेशानी





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम बड़ी कुम्हारी में इन दिनों प्राथमिक शाला भवन नहीं होने के कारण, यहां के बच्चों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अन्य कक्षाओं के संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन को दो से तीन पालियों में कक्षाओं को संचालित करना पड़ रहा है। जिससे यहां के ग्रामीण सहित शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा विभाग से मांग की जा रही है की बड़ी कुम्हारी में प्राथमिक माध्यमिक शाला का भवन जल्द से जल्द बनाया जाए । अन्य कक्षाओं का संचालन जिन भवन में किया जा रहा है उन भवन की भी स्थिति धीरे-धीरे खराब होते जा रही है । दीवारों में दरार आने लगी है। स्कूल के प्राचार्य भी बताते हैं कि निश्चित ही प्राथमिक शाला भवन की कमी बड़ी कुम्हारी में बनी हुई है । भवन नहीं होने के कारण वह अन्य कक्षाओं को अलग-अलग पालियों में संचालित कर रहे हैं।**

### दीवारों में दरार भी आ गई है - सावन पिछोड़े

ग्राम कुम्हारी के सरपंच सावन पिछोड़े बताते हैं कि आज स्कूल में उन्होंने देखा तो भवन की अत्यंत आवश्यकता, कक्षाओं को संचालित करने के लिए है और जो अभी कक्षाएं संचालित हो रही है, उस बिल्डिंग की भी दीवारें खस्ताहाल होते जा रही है तो कुछ स्थानों पर दीवारों में दरार भी आ गई है और बरसात का मौसम होने के कारण दीवारों में नमी के साथ पानी भी रिस रहा है । उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने पंचायत की ओर से स्कूल में सीसीटीवी कैमरा लगवाए थे, किंतु उसका कोई मेंटेनेंस नहीं हो रहा है। जिसे वह आज बंद हो गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर स्कूल भवन बनाए जाने को लेकर आवेदन भी दिया है पर अभी तक उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### इस विषय को लेकर पत्राचार कर दिया गया है - जी.एस धुर्वे

कुम्हारी स्कूल के प्रधान अध्यापक जी.एस धुर्वे द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शाला भवन स्कूल में नहीं है। अतिरिक्त कक्ष में ही अन्य कक्षाओं का संचालन किया जाता है । स्कूल में आज सैकड़ो की संख्या में बच्चों की दर संख्या है। स्कूल हायर सेकेंडरी भी हो चुका है। किंतु भवन नहीं होने के कारण वह अलग-अलग पालियों में कक्षाओं का संचालन करते हैं और अभी जो कक्षाएं संचालित हो रही है वह भवन भी बहुत अधिक जर्जर है। उन्होंने बताया कि विभाग को इन्होंने इस विषय को लेकर पत्राचार कर दिया है । उन्होंने अपने स्तर पर जो कागजी कार्यवाही करना था वह कर चुके हैं ।

## माता-पिता पर विश्वास यह श्रद्धा है-डॉ. एड.एस.एस.वानखेड़े

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी किरनापुर में अंधश्रद्धा निर्मूलन शिविर संपन्न

किरनापुर( पद्मेश न्यूज) । तहसील शाखा द्वारा मुख्यालय के शाक्यमुनी बुद्धविहार में आज शनिवार दिनांक 02.08.2025.सुबह बारा से पाच बजे तक अंधश्रद्धा निर्मूलन शिविर संपन्न हुवा। इस कार्यक्रम में प्रमुख मार्गदर्शक आद बी एच गायकवाड राष्टीय सचिव मप्र राज्य के पालक मंत्री डॉ.एड.एस एस वानखेडे सर केंद्रीय प्रशिक्षण प्रभाग के प्रमुख उपस्थिती और अतीथी आद. गौतम पाटील,राष्टीय संघटक, डॉ.चरनदासजी ढेगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा आद. मनोज निकोसे सचिव मप्र कार्यक्रम के अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष किरनापुर थे। इस



अवसर पर अतिथि के रूप में जिला शाखा से खुशियाल मेश्राम,सचिव अशोक कुमार मेश्राम-आर डी देशभरतार,संगठक बी एल घल्लेकर, तह महासचिव विनय चौरे,कोषाध्यक्ष गौतम भीमटे , उपाध्यक्ष हरिचंद्र गौरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे शिबीर में श्रद्धा अंधश्रद्धा. एक सामाजिक समस्या.राशी भविष्य यह शास्त्र है क्या बाबा बुवा के प्रकार और प्रात्यक्षिके आदि विषयो पर बी एच गायकवाड.एस एस वानखेडेजी ने मार्गदर्शन किया डॉ वानखेडेजी ने बताया कि माता पिता पर विश्वास यह श्रद्धा है ।

# धनकोषा में निकाली हरियाली कलश यात्रा

### नवांकुर सखी वृक्षारोपण के लिए ग्रामीणों को कर रही है जागरूक

कटंगी( पद्मेश न्यूज) ।म.प्र. जन अभियान परिषद कंटगी द्वारा चयनित नवांकुर संस्था कोहका एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनकोषा द्वारा नवांकुर सखी-हरित हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्राम धनकोषा स्थित भगवान श्री राम मंदिर परिसर में महिलाओं ने चौपाल लगाकर भजन कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की. कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत गायत्री सारथी मुख्य अतिथि, विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत विशेष अतिथि, जनपद सदस्य श्रीमती रेखा



परिहार, सरपंच सीरम धुवें, अभ्युदय संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, परामर्शदाता अंजू डोगरें द्वारा भगवान श्री राम का पूजन कर शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जनपद गायत्री सारथी द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा नवांकुर दीदी एवं ग्रामीण जनों ने हरियाली यात्रा निकाल कर सभी ग्रामीणजनों को संदेश दिया गया की सभी अपने-अपने घरों में खेतों में वृक्ष लगाकर अपनी प्रकृति को हरा भरा कर जीवन को खुशहाल बनाए. जन अभियान परिषद के सुरेंद्र भगत द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को बताया कि हरियाली यात्रा निकालने का क्या उद्देश्य है हम सभी को वृक्षारोपण करके उसे संरक्षित करना है. अभ्युदय संस्था के संदीप शर्मा ने हरियाली यात्रा में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा हम सभी को अपने जीवन में 11 वृक्ष लगाकर उसको संरक्षित और संरक्षण करना है. इन्हीं पेड़ पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, वृक्षों के अभाव में मनुष्य जीवन असंभव है. परामर्शदाता सुश्री अंजू डोगरें ने अपने संबोधन में कहा मध्य प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में महिलाएं हरियाली यात्रा निकालकर वे यह संदेश दे रही है पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करे. जिससे प्रकृति की गोद को हरा भरा किया जा सके. नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय मानव डेवलप कल्याण समिति द्वारा नवांकुर सखियों को पौधे एवं बीज की थैली का वितरण कर हरियाली कलश यात्रा निकालकर महिलाओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया. कार्यक्रम परामर्शदाता अंजू डोगरे, राज बयोत्रा, अरविंद दरवडे, नवांकुर सखी कल्पना परिहार, कमलेश बघेल के अलावा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी पुष्पा परिहार, गायत्री पटले,अनीता पटले, संगीता पटले, भावना परिहार, श्यामकला, तिरंजा, दुर्गा,आशा, मंगला हरीखेड़े, आशा हनवत, कृष्णा पाने , निर्मला धुर्वे, उषा हरिनखेडे, किरण भगत ,ममता भगत, किरण पटले तीजन परिहार के अलावा

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु Computer ऑपरेटर की आवश्यकता है

पद - 01 (फिमेल)

सैलरी-योग्यतानुसार

-संपर्क करें-

TST ऑफिस प्रेमनगर बालाघाट

मो. 9584903881

# कलेक्टर ने रजेगांव में किया हाईवे का निरीक्षण

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । कलेक्टर मृणाल मीना ने 02 अगस्त को अधिकारियों के साथ बालाघाट-गोंदिया नेशनल हाईवे क्रमांक-543 पर रजेगांव के पास गत दिवस हुई सड़क दुर्घटना के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईवे से रजेगांव में प्रवेश करने वाले स्थलों को देखा और निर्देशित किया कि बालाघाट की ओर से आने वाले वाहनों को अंडर



पास से ही रजेगांव में प्रवेश करना होगा। इसी प्रकार रजेगांव से बालाघाट की ओर आने वाहनों को भी अंडर पास से ही हाईवे पर आना होगा। सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिए इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये। अभी बालाघाट की ओर से आने वाले वाहन अंडर पास के पहले ही रजेगांव रोड पर जा रहे हैं। इस व्यवस्था को परिवर्तित करने एवं रजेगांव में प्रवेश करने वाली अंडर पास के पहले की इस सड़क से आवागमन पूर्णतः बंद कराने कहा गया। कलेक्टर श्री मीना ने अंडरपास से रजेगांव की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत एवं सुधार का कार्य एनएचआई के अधिकारियों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाईवे से रजेगांव अंडरपास की ओर आने वाली सड़क पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए रंबल स्ट्रीप लगाने के निर्देश दिये। इस दौरानजिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, एसडीओपी ओमप्रकाश, एनएचआई के अधिकारी, पुलिस उपनिरीक्षक एवं ग्राम पंचायत रजेगांव के सरपंच मौजूद थे।

### जूनियर ब्वायस नेशनल फुटबॉल चेम्पियनशीप

# बी.सी. राय ट्राफी 2025-26 के 2 सेमीफाइनल आज

### एमपी से भिड़ेगी यूपी, तो वही आसाम और बिहार के बीच होगा मुकाबला

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। म.प्र.फुटबाल संघ एवं बालाघाट जिला फुटबाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय फुटबाल संघ द्वारा आयोजित जूनियर ब्वायस बी. सी. राय नेशनल फुटबाल चैम्पियनशिप 2025 का फाइनल मैच 5 अगस्त को खेला जाएगा ।जिसके लिए आज 3 अगस्त रविवार को 2 सेमीफाइनल मैच कराए जाएंगे। म. प्र. फुटबाल संघ एवं जिला फुटबाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई से 5 अगस्त तक 16 राज्यों टीमो के मध्य खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 4 टीमो ने 9- 9 अंक प्राप्त किए है ।जिसका प्रथम सेमी फाइनल मैच रविवार 3 अगस्त प्रातः 8 बजे म.प्र. बनाम उ. प्र. के बीच खेला जाएगा ।तो वही प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच दोप. 2 बजे आसाम बनाम बिहार के मध्य खेला जाएगा ।यह दोनों सेमीफाइनल मैच रेंजर कालेज फुटबाल मैदान में खेला जाना है ।बताया गया कि दोनों मैचों के बाद विजय होने वाली टीम के बीच फाइनल मैच कराया जाएगा ।जहां 4 अगस्त के गेप कर प्रतियोगिता का फाइनल मैच 5 अगस्त दोपहर 2बजे मुलना स्टेडियम में कराकर, प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा ।जिसके उपरांत मुलना स्टेडियम में ही राष्टीय स्तर के खिलाड़ियों का चयन कर भारत की टीम का गठन होगा। जिसकी तमाम जानकारी जिला फुटबॉल सचिव सुनील यादव द्वारा पत्रकारों को दी गई है।



### इन 16 राज्यो की, टीमो के बीच कराई जा रही प्रतियोगिता

फुटबॉल संघ से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में शामिल सभी 16 राज्यो की टीमों को चार ग्रुप में रखा गया है। जिसमें ग्रुप ए में त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, अंडमान-निकोबार और हिमाचल प्रदेश है। इसी तरह ग्रुप बी में हरियाणा, जम्मु कश्मीर, आसाम और राजस्थान, शामिल है ।जबकि ग्रुप सी में आंघप्रदेश, पांडीचेरी, गुजरात और मध्यप्रदेश तथा ग्रुप डी में बिहार, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश और उत्तराखंड की टीमो को रखा गया है ।जो अपने-अपने ग्रुप की टीमों से लीग मैच खेल रहे है। जिसमें सभी चार ग्रुप में उच्चतम अंक हासिल करने वाली 4 टीमें मप्र, यूपी, आसाम और बिहार के बीच आज रविवार 3 अगस्त को सेमीफायनल मैच कराया जाएगा। जहा सेमीफायनल विजेता 2टीमो के बीच 5 अगस्त को फायनल मैच खेला जाएगा ।बताया गया कि इस टूर्नामेंट में 16 राज्यों की टीमें शामिल हुई है, जिनके बीच लीग पद्धति से करीब 27 मैच खेले जाएंगे ।5 अगस्त को फाईनल मैच के साथ प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि शादी के पूर्व मेरा नाम जकिया फातिमा था, जिसे शादी के बाद बदलकर जकिया अली कर दिया है। मुझे जकिया अली पति सैय्यद आकिब अली नाम से जाना पहचाना जाये।

सही
जकिया अली
वार्ड नं. 09 नवाब नगर
बालाघाट

**स्थान परिवर्तन**

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797

# सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव लांजेवार : ग्रामीणों ने दी भावभीनी विदाई

कटंगी( पद्मेश न्यूज) । जनपद पंचायत कटंगी की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में 30 वर्षों तक निरंतर अग्रणी सेवाएं देने के बाद पंचायत सचिव फूलचंद लांजेवार 31 जुलाई को ग्राम पंचायत चिकमारा में सेवाएं देते हुए सेवानिवृत्त हो गए. उनके सेवानिवृत्ति पर ग्राम पंचायत चिकमारा के ग्रामीणों ने पंचायत भवन में एक लघु विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी. जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन के मुख्य आतिथ्य में समारोह का आयोजन हुआ. केसर बिसेन ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिव फूलचंद लांजेवार ने जिस भी ग्राम पंचायत में अपनी सेवाएं दी. वहां गंभीरता, ईमानदारी और जवाबदारी के साथ कार्यों का निर्वहन किया. वह ना सिर्फ अपने कार्य के प्रति तत्पर रहते बल्कि बेहद सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है. गांव की जनता यदि उनके पास कोई भी काम के लिए आती तो उनका काम आसानी से हो जाता था. जनता को कभी शिकायत का मौका नहीं दिया. निर्माण कार्य की बात करें तो उसमें भी कभी लापरवाही नहीं बरती. यहीं कारण है कि आज चिकमारा गांव की जनता एवं पंचायत परिवार विदाई के अवसर पर भावुक होकर आंसू बहा रही है और पंचायत सचिव के कार्यों की प्रशंसा कर रही है. बता दें कि फूलचंद लांजेवार की ग्राम पंचायत सावंगी में वर्ष 1995 में पहली नियुक्ति हुई थी. उन्होंने सांवगी, सेलवा के अलावा अर्जुनी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला और अंत में चिकमारा पंचायत से सेवानिवृत्त हुए. पंचायत सचिव की सेवानिवृत्ति पर सरपंच अनिता गेड़ाम की तरफ से भावुक प्रतिक्रिया सामने आई. ग्रामीणों ने अपने पंचायत सचिव के सेवानिवृत्त होने पर खुशी और दुख दोनों व्यक्त किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया, तो कुछ ने उनके साथ बिताए समय को और पंचायत सचिव के स्वस्थ्य और दीर्घायु की कामना की. इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिकमारा सरपंच अनिता गेड़ाम, पूर्व सरपंच महेन्द्र बाहेश्वर, धमेन्द्र खरे, उप सरपंच परसराम नागेश्वर, रोजगार सहायक कृष्ण कुमार तरवरे, पंच धर्मी बाई बाहेश्वर, नानक बाई मानकर, प्रभा हनवत, सीमा नंदेश्वर, रेखा चौधरी, संगीता गाड़ेकर, शीला पंचेश्वर, गीता पारधी, मदन लाल गेड़ाम, अशोक पारधी, मालिक चंद दुधपाचे, लक्ष्मण लांजेवार, तिलक पंचेश्वर, निर्दोष पंचेश्वर, जितेन्द्र तरवरे, गुरूदयाल नगपुरे, रोशन लाल गाड़ेकर सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।




## अपनी समस्याओं और चिंताओं पर की चर्चा पंचायत सचिव संगठन की हुई बैठक

कटंगी( पद्मेश न्यूज) । जनपद पंचायत कटंगी के सभाहाल में शनिवार को दोपहर 02 बजे पंचायत सचिव की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. प्रदेश सचिव नामदेव राउत, बालाघाट जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चित्रिव, जिला प्रवक्ता हरेंन्द्र बागड़े, जिला सचिव कृष्ण कुमार रनगिरे, पूर्व जिला सचिव युवराज दासरे, जिला संगठन मंत्री लक्ष्मी प्रसाद सोनवाने, लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप कावरे,



वारासिवनी अध्यक्ष लिखन लाल ठाकरे, योगराज टेम्भरे, कोमल कटरे, विपतसिंह कुमरे के मुख्य आतिथ्य में यह बैठक हुई. बैठक की शुरुआत में कटंगी ब्लॉक के पदाधिकारियों ने प्रदेश, जिला और अलग-अलग ब्लॉक से पहुंचे पदाधिकारियों को पुष्प हार और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया. जिसके बाद कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष ने ब्लॉक कार्यकारिणी के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कटंगी का संगठन सक्रिय होकर कार्य कर रहा है. ब्लॉक अध्यक्ष ने संगठन का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि राज्य सरकार ने समय वेतनमान की घोषणा की थी जिसका अब तक लाभ नहीं मिल पाया है क्यों ना इस विषय को लेकर माननीय न्यायालय की शरण ली जाए. जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र भूरे ने कहा कि यह बैठक अपनी समस्याओं और चिंताओं को लेकर है. हमें संगठन के कामकाज, लंबित मांगों और सरकार की योजनाओं पर समय-समय पर इस तरह की चर्चा करते रहनी चाहिए. इस बैठक में जनपद पंचायत कटंगी की समस्त 81 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों ने हिस्सा लिया।

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोनः- 07632-243531

मोः- 8989976858, 9425139998

# सड़क दुर्घटना में मृत सुबीर सहगल सॉफ्टवेयर इंजीनियर तो ऋषि हांडा थे इलेक्ट्रिक सामान के व्यवसायी

## महाकाल का दर्शन कर उज्जैन से वापस हो रहे थे रायपुर, सड़क दुर्घटना में मृत एक युवक सहित तीनों लोंगो के शव का हुआ पोस्टमार्टम

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। बालाघाट गोंदिया रोड मंगोली कला के पास फोरलेन ब्रिज के ऊपर हुई सड़क दुर्घटना में मृत एक युवक सहित तीन लोगों के शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया। 1 अगस्त को 3ः00 बजे दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से मृत दो व्यक्ति सुबीर सहगल पिता सुभाष सहगल 50 वर्ष रमकी 1 नार्थ डोडा बल्लारपुर रोड Bx -1102आवलाहाली बेंगलुरु कर्नाटक और ऋषि कुमार हांडा पिता नंद किशोर हांडा 50 वर्ष फ्लैट नंबर 204 - अभोय कॉलोनी डॉन वेस्को स्कूल के पास हावड़ा वेस्ट बंगाल निवासी है। और युवक कुणाल पिता बीरबल 16 वर्ष ग्राम खारा निवासी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषि हांडा और सुबीर सहगल दोनों आपस में बचपन के दोस्त है और सुबीर सहगल बाइकर भी है। सुबीर सहगल सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। ऋषि हांडा की इलेक्ट्रिकल सामान की होलसेल दुकान है। ऋषि हांडा के बालाघाट निवासी खिलेंद्र पाल गांधी उनके रिश्तेदार है। बताया गया की 26 जुलाई को ऋषि हांडा कोलकाता से ट्रेन में नागपुर पहुंचे थे और सुबीर सहगल बेंगलुरु से मोटरसाइकिल में नागपुर आए थे। 26 जुलाई की रात नागपुर में रहने के बाद 27 जुलाई को दोनों मोटरसाइकिल से नागपुर से निकले थे जो महेश्वरम ओंकारेश्वर के दर्शन करने के बाद महाकाल का दर्शन करने के लिए उज्जैन पहुंचे थे। उज्जैन में महाकाल का दर्शन करने के बाद दोनों घूमते हुए मोटरसाइकिल में 31 जुलाई को छिंदवाड़ा अपने रिश्तेदारी घर पहुंचे। छिंदवाड़ा में ऋषि हांडा के रिश्तेदार है। दोनों रात्रि छिंदवाड़ा में रुके। 1 अगस्त को 11ः00 ऋषि हांडा और सुबीर सहगल दोनों मोटरसाइकिल बालाघाट के लिए निकले थे।

बालाघाट में ऋषि हांडा के मौसी के लड़के खिलेंद्र पाल गांधी रहते हैं ।2ः00 बजे करीब ऋषि हांडा और सुबीर सहगल बालाघाट पहुंचे थे। किंतु खिलेंद्र पाल गांधी बाहर होने के कारण दोनों मोटरसाइकिल में बालाघाट से रायपुर अपने रिश्तेदार के यह जाने निकले थे। मोटरसाइकिल सुबीर सहगल चला रहा था। 3ः00 बजे करीब बालाघाट से गोंदिया जाते समय ग्राम मंगोली कला समीप घिसरी नदी के फोरलेन ब्रिज के ऊपर रजेगांव तरफ से आ रही मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। रजेगांव तरफ से आ रही मोटरसाइकिल में गौरव काम ? कुणाल वैध ग्राम खारा निवासी थे। दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दोनों मोटर साइकिल में सवार ऋषि हांडा कुणाल वैद्य की मौके पर मौत हो गई। गौरव कामड़े और सुबीर सहगल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया जहां उपचार के दौरान सुबीर सहगल की मौत हो गई ।गंभीर रूप से घायल गौरव कामड़े को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही राज्य का पुलिस चौकी से सहायक उप निरीक्षक ग्लैडविन छत्रिया अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे और सड़क दुर्घटना में अमृत कुणाल वैध और ऋषि हांडा का शव मौके से उठाकर पोस्टमार्टम हेतु किरनापुर



अस्पताल ले गए किंतु किरनापुर अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने पर कुणाल वैध और ऋषि हांडा का शव जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया रात्रि में शव को जिला अस्पताल के ही फ्रीजर में रखवा दिया गया था। ऋषि हांडा और सुबीर सहगल उस समय दोनों अज्ञात थे किंतु उनके पास मिले आधार कार्ड से दोनों की पहचान वेस्ट बंगाल और कर्नाटक निवासी के नाम से की गई। उनके पास मिले मोबाइल से भी उनके परिजनों को संपर्क किया गया। इसी दौरान सोशल मीडिया और पद्मेश न्यूज़ पर चले समाचार को गांधी परिवार ने देखे जब उन्हें मालूम हुआ कि मृतक ऋषि हांडा और सुबीर सहगल है। खिलेंद्र पाल गांधी ने रजेगांव पुलिस और जिला अस्पताल पुलिस से संपर्क किये। और दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। सुबीर सहगल के परिजन बेंगलुरु से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंच चुके थे वहीं ऋषि हांडा के बालाघाट में रहने वाले रिश्तेदार गांधी परिवार की उपस्थिति में ऋषि होंडा और सुबीर सहगल के शव का पोस्टमार्टम किया गया। खिलेंद्र पाल गांधी ने दोनों के शव को उनके गृह निवास बेंगलुरु और वेस्ट बंगाल हावड़ा भिजवाने की व्यवस्था की और वे ऋषि हांडा का शव लेकर वेस्ट बंगाल के लिए निकल गये। ग्राम खारा निवास कुणाल वैध कक्षा 12वीं का छात्र था जिसके और दो भाई है बड़ा भाई सुजल आईटीआई कर रहा है और छोटा भाई ईशान कक्षा कक्षा आठवीं की पढ़ाई कर रहा है। पिता की पिछले वर्ष की मृत्यु हुई है और जिनके घर में एक छोटी सी किराना दुकान है। 1 अगस्त को कुणाल वैध अपने दोस्त गौरव के साथ मोटरसाइकिल में रजेगांव गए थे और रजेगांव से 3ः00 बजे वापस लौट रहे थे तभी फोरलेन ब्रिज के ऊपर इस सड़क हादसे में कुणाल वैध की मौत हो गई।

### ऋषि हांडा और सुबीर सहगल महाकाल का दर्शन करके लौट रहे थे- खिलेंद्र पाल गांधी

खिलेंद्र पाल गांधी ने बताएं कि ऋषि हांडा मेरी मौसी का बेटा है और वेस्ट बंगाल में रहते हैं। सुधीर सहगल उनके दोस्त है। 27 तारीख को दोनों मोटरसाइकिल में नागपुर से महाकाल के लिए दर्शन करने के लिए निकले थे ।महाकाल का दर्शन करके और घूमते हुए दोनों छिंदवाड़ा पहुंचे। छिंदवाड़ा में मेरे मामा जी रहते हैं उनसे मिले और बालाघाट होते हुए रायपुर जाने निकले थे। बालाघाट मुझसे मिलने के लिए आए थे किंतु किसी कारणवश में जबलपुर में था ।मैंने उनको फोन भी किया और वे बालाघाट में न रुकते हुए मौसी के घर रायपुर जाने निकल गए



।उन्होंने बताये की ऋषि हांडा का घरेलू लाइट का होलसेल बिजनेस है और सहगल जी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

### फोरलेन मंगोलीकला ब्रिज के ऊपर दो बाइक आपस में टकराने से दुर्घटना हुई- सहायक उप निरीक्षक ग्रेडेविन छत्रिया

किरनापुर पुलिस थाने की रजेगांव पुलिस चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक ग्लैडविन छत्रिया ने बताया कि घटना कल करीब 3ः00 बजे की है। सूचना मिली की फोरलेन मंगोली कला के ब्रिज के ऊपर दो बाइक आपस में आमने-सामने टकरा गई है। और दुर्घटनाग्रस्त है। सूचना मिलते ही तुरंत जाकर देखे वहा चार घायल पड़े हुए थे ।बाद में डॉक्यूमेंट देखें एक ऋषि हांडा दूसरे सुबीर सहगल जो वेस्ट बंगाल के हैं और बाइकर है जिनके पास एनफील्ड बाइक थी। वहीं पर दो लड़के पड़े हुए थे और दोनों खारा के थे। देखने से ऐसा लग रहा था कि दो में जान नहीं वही दोनो घायल को 108 एम्बुलेंस से बालाघाट जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिनमे ऋषि हांडा की इलाज के दौरान मौत हो गई और गौरव कामड़े



को अच्छे इलाज के लिये परिजनों ने गोंदिया लेकर गये। अन्य दो सुधीर सहगल ,कुणाल वैध की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। आज तीनों के शव का पोस्टमार्टम करवाया और तीनों के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शंकरघाट से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । प्रतिवर्षानुसार, इस वर्ष भी बब्बर सेना द्वारा सावन मास में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। बब्बर सेना प्रमुख हितेश माहुले ने बताया की 3 अगस्त रविवार को बालाघाट नगर के शंकर घाट से हट्टा क्षेत्र के डोंगरगांव गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक,कावड़ यात्रा का निकाली जाएगी। जो 3 अगस्त को प्रातः 11 बजे शंकर घाट से वैनगंगा का पावन जल लेकर रवाना होगी और नगर के जयस्तंभ चौक, काली पुतली, गुजरी चौक, नया सराफा, हनुमान चौक, सरेखा अंडर ब्रिज से कोसमी नवेगांव, लिंगा होते हुए हट्टा पहुंचेगी ।जहां रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन, 4 अगस्त की सुबह 4 बजे सभी कांवड़िए, हट्टा के डोंगरगांव स्थित, गुप्तेश्वर महादेव के लिए प्रस्थान करेंगे और बाबा गुप्तेश्वर महादेव जी को जल अर्पित करेंगे। बब्बर सेना प्रमुख द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष सावन मास में निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा का यह 17 वां वर्ष है। जिसमें कांवड़ में जल के साथ शिवभक्त 51 किलो वजनी और 15 फीट लंबा त्रिशूल भी लेकर चलेंगे ।जो गुप्तेश्वर महादेव को समर्पित किया जाएगा ।उन्होंने जिले के सभी शिव भक्तों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कावड़ यात्रा में पहुंचकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



# विद्यार्थियों से ठगी के मामले में दिल्ली साइबर टीम पहुंची बालाघाट

## कटंगी क्षेत्र के धनकोषा निवासी युवक को किया गिरफ्तार, विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के नाम पर की गयी 58 लाख रूपये की ठगी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । बड़े महानगरों में कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह को दिल्ली साइबर टीम द्वारा पकड़ा गया है। जिसमें गिरफ्तार हुए एक आगरा के युवक की निशानदेही पर दिल्ली साइबर पुलिस बालाघाट पहुंची। जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के नाम पर हुई 58 लाख रूपये की ठगी में बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम धनकोषा के एक युवक को गिरफ्तार कर दिल्ली साइबर पुलिस अपने साथ ले गई है । जिसमें दिल्ली साइबर पुलिस की टीम के सदस्यों ने बताया कि महानगरों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के नाम पर कुछ गिरोह विद्यार्थियों से मोटी रकम लेकर उनसे ठगी कर रहे थे। जिन्हें दिल्ली साइबर पुलिस ने पकड़ लिया है । जिसमें इस गिरोह का एक सदस्य जिले के कटंगी क्षेत्र का भी शामिल है। आपको बता दे की पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आगरा से दिल्ली की साईबर टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपी की निसानदेही पर दिल्ली पुलिस द्वारां कटंगी निवासी कैलाश ठाकरे की गिरफ्तारी करने के लिये पहुंची। इसके खाते में धोखाधड़ी के बाद कमिशन की राशि पहुंची है जिसकी जांच करते हुए दिल्ली साइबर सेल की टीम यहां पहुंची थी। इसी मामले में आगरा के जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है उसका नाम सीमांत राजौरा बताया गया है। साथ ही इस गिरोह में 5 सदस्य भी शामिल है, साईबर की टीम तिरोड़ी पहुंची थी और यहां कटंगी व्यवहार न्यायालय के समक्ष आरोपी को पेश किया गया तथा पूछताछ के लिये अपने साथ दिल्ली लेकर गये है। जानकारी के अनुसार तिरोड़ी के धनकोषा निवासी कैलाश ठाकरे पर भी इस गिरोह के साथ मिलीभगत करते हुए धोखाधड़ी किये जाने का आरोप है और इस मामले की शिकायत दिल्ली के ही विकासपुरी के निवासी प्रवीण पिता केवी राजू ने इसी वर्ष अप्रैल महीने में की थी। दिल्ली की साइबर सेल इस मामले में जांच कर रही थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी होती गई और जांच में तिरोड़ी धनकोषा निवासी कैलाश का नाम भी सामने आया। आगरा से गिरफ्तार किये गये आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली सायबर सेल की टीम ने बालाघाट जिले में दबिश दी और कैलाश को गिरफ्तार किया गया है। मामले के संबंध में बताया गया है कि कैलाश ठाकरे कुछ महीने पहले भोपाल में रह रहा था जो ठग गिरोह के संपर्क में था। कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर यह गिरोह ठगी करता था। दिल्ली निवासी जिस व्यक्ति ने शिकायत की है वह मामला निवेश में धोखाधड़ी का है और शिकायत पर जांच की जा रही थी। इसी मामले में कैलाश भी आरोपी बनाया गया है।



# प्रख्यात साहित्यकारों की जयंती पर साहित्यकार सम्मेलन आज

## निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन, सहमत संस्था और हिंदी साहित्य भारती का संयुक्त आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास, प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद और मैथिलीशरण गुप्त की जयंती के अवसर पर साहित्य संस्था सहमत और हिन्दी साहित्य भारती के संयुक्त तत्वाधान में 03 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए है ।जिसके तहत साहित्यकार सम्मेलन, निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा ।जिसमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के आधार पर नगद राशि, स्मृति चिन्ह, व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएंगा। जिसकी तमाम जानकारी शनिवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान सहमत संस्था और हिंदी साहित्य भारती के पदाधिकारीयों द्वारा दी गई।



### नपा सभागार में होगा भव्य आयोजन

आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पदाधिकारीयों ने संयुक्त रूप से बताया गोस्वामी तुलसीदास, प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद और मैथिलीशरण गुप्त की जयंती संयुक्त रूप से मनाने का फैसला सहमत संस्था और हिंदी साहित्य भारती द्वारा लिया गया है ।जिसके तहत कल 3 अगस्त रविवार को नगरपालिका बालाघाट के सभागार में कार्यक्रम का भव्य आयोजन होंगा ।कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा जो देर शाम तक चलेगा ।उन्होंने बताया कि जयंती अवसर पर काव्य रचना प्रतियोगिता आयोजित की गई है ।इसमें 18 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भाग लेंगे। वही तुलसीदास जी पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर प्रथम ,द्वितिय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 3100,2100, 1100 रु का नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र दिया जाएंगा। वही अन्य प्रतिभागियों को सन्तावना पुरस्कार के रूप में 500 रु व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### 25 में से 15 को प्रदान किया जाएगा मंच

आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान बताया गया कि अभी तक आयोजन मण्डल के पास 25 रचनाकारो ने अपनी काव्य रचना भेजी है ।जिसमे से 15 कवियों का चयन किया गया है ।जिन्हें मंच प्रदान कर काव्य रचना पाठन का अवसर प्रदान किया जाएगा ।कार्यक्रम की शुरुवात रविवार दोपहर 12 बजे नपा सभागृह में होगी ।जहा चयनित प्रतिभागियों द्वारा मंचीय अभिव्यक्ति की जाएगी ।जो शाम 4 बजे तक चलेगी ।जिसके उपरांत स्वल्पाहार होगा ।ठीक 4ः30 बजे से काव्य मन्त्र सत्र का आयोजन होगा तो वही शाम 6 बजे पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा ।इसके उपरान्त जिले के स्थापित कवियों द्वारा काव्य की प्रस्तुति दी जाएगी ।वही कवियों के मार्गदर्शन के लिए बाहर से आ रहे प्रमुख वक्ता बलवन्तचार्य का वक्तव्य होगा वही महान कवियों साहित्यकारो की जीवनी बताई जाएगी ।इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों के साथ देर शाम इसका समापन किया जाएगा।

### लोगो मे काव्य व साहित्य के प्रति प्रेरणा बढाने किया जा रहा आयोजन- आयोजक

इस दौरान प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती पारधी, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, कार्यक्रम महामंत्री अशोक सागर मिश्र सहित अन्य ने बताया कि आजकल युवा काव्य व साहित्यो से हटकर, मोबाईल में समय बिता रहे है ।कई कवियों साहित्यकारो की भुला दिया गया है ।जिले के कई कवि ऐसे है जो देश के कोने कोने में जाकर कविता पाठ कर रहे है ।ऐसे में लोगो को काव्य व साहित्य से जोड़ने और उनमें काव्य साहित्य के प्रति प्रेरणा व रुझान बढाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है ।पत्रकारवार्ता में उपस्थित कार्यक्रम संयोजक सुभाष गुप्ता, सह संयोजिका श्रीमती शालू गांधी,महेंद्र सुराना, अभय सेठिया, राजेन्द्र शुक्ल सहित सहमत संस्था और हिंदी सहित्य भारती के अन्य पदाधिकारियो व सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की है।

# एक देश एक चुनाव विषय को लेकर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक देश एक चुनाव विषय पर विचारों की संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निजी संस्थान में आयोजित किया गया । इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में रविंद्र श्रीवास्तव और डॉ अर्चना शुक्ला द्वारा आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार रखे गए । आपको बता दे की स्थानीय निजी संस्थान में 2 अगस्त को शाम 6ः30 बजे एक देश एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में प्रमुख रूप से मुख्य वक्ता डॉ रवींद्र श्रीवास्तव और वक्ता डॉ अर्चना शुक्ला ने अपने वक्तव्य में बताया कि आज देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय चुनाव हो रहे हैं, उससे एक देश में एक चुनाव जैसी प्रणाली लागू की जाना चाहिए , ताकि देश पर पड़ने वाले चुनाव के वित्तीय बजट एवं अर्थव्यवस्था पर भार नहीं पड़ेगा । देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होने से अधिकारी , कर्मचारी वर्ग पर भी इसका प्रभाव पड़ता है । यदि एक समय में यह चुनाव होते हैं तो निश्चित ही इसमें अलग-अलग समय अधिकारी वर्ग को भी परेशान नहीं होना पड़ेगा । इसी विषय को लेकर आम जन तक जाने और उन्हें एक देश एक चुनाव के विषय में अधिक से अधिक चर्चा कर इसके महत्व को बताए जाने की बात कही गई। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी ने भी सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित ही आज एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता है। क्योंकि अलग-अलग समय पर भी चुनाव करने से मतदाता को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता । आज देश का मतदाता वर्ग बहुत अधिक चुनाव को लेकर जागरुक है । उसे एक समय पर भी चुनाव होने पर वह अपने विचारों के अनुरूप ही अपना मताधिकार का प्रयोग करेगा । इसलिए वह भी चाहती हैं कि एक देश एक चुनाव की प्रणाली लागू होना चाहिए । इस संगोष्ठी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे , पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर , पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल , नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर , अभय सेठिया , महेंद्र सुराना , क्षीरसागर पारधी , संजय खंडेलवाल , अजय मिश्रा जी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# पत्रकार संघ अध्यक्ष इन्द्रजीत भोज के पिता खूबचंद भोज के निधन पर सांसद पारधी ने जताई संवेदना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । जिला पत्रकारिता जगत, शुभचिंतक तथा मित्रमंडल उस समय शोकमग्न हो गया जब बालाघाट जिले के मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष व अधिवक्ता इन्द्रजीत भोज के पिता खूबचंद भोज का हाल ही में 08 जुलाई दिन मंगलवार को 84 वर्ष कि आयु में निधन हो गया। जैसे ही यह समाचार सोशल मीडिया व अखबारों के माध्यम से फैला, पूरे क्षेत्र के पत्रकारों,सामाजिकजनों, इष्टमित्रों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी अपने कार्यकर्ताओं के साथ 2 अगस्त दिन शनिवार को दोपहर में शोकाकुल परिवार के निवास स्थान पहुंची और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. खूबचंद भोज के पुत्र इन्द्रजीत भोज व धर्म पत्नी, एक पुत्री तथा सात पुत्र सहित परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस कठिन समय में भाजपा परिवार उनके साथ है। संवेदना प्रकट करने पहुंची सांसद पारधी की उपस्थिति से शोकाकुल परिवार को भावनात्मक संबल मिला। परिजनों ने भी सांसद के इस आत्मीय सम्वेदना के लिए आभार प्रकट किया।

### 58 लीटर कच्ची शराब के साथ मोटरसाइकिल युवक गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली पुलिस ने ग्राम हीरापुर मुक्ति धाम के पास मोटरसाइकिल सवार एक युवक को 58 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। भरवेली पुलिस ने यह कार्रवाई 1 अगस्त की शाम को की थी। गिरफ्तार युवक राजकुमार उर्फ पंगु पिता रंगलाल नगपुरे 26 वर्ष वार्ड नंबर 16 मरारी टोला ग्राम बगदरा थाना ग्रामीण निवासी को 2 अगस्त को यहां की विद्वान अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

# स्कूल में नही है खेल मैदान, छात्र-छात्राओं की दब रही खेल प्रतिभाएं

## प्राथ. स्कूल का कीचनशेड एवं माध्य. स्कूल के भवन का फर्श हुआ क्षतिग्रस्त, छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी

### विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकों ने कीचनशेड का निर्माण एवं खेल मैदान उपलब्ध करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित अधिकांश शास. प्राथ./माध्य. स्कूलों में खेल मैदान नही होने के कारण बच्चों की खेल प्रतिभाएं बस बस्तों के बोझ तले दबी रह जाती है। ऐसा ही एक मामला नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत अतरी स्थित शास. प्राथ./माध्य. स्कूल का सामने आया है जहां भवन तो है लेकिन खेल मैदान नही है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को खेलने में परेशानी होती है। साथ ही स्कूल प्रशासन को भी खेल सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि ग्राम अतरी सांसद श्रीमती श्रीमती भारती पारधी एवं जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर का गृह ग्राम है उसके बाद भी स्कूल में खेल मैदान का अभाव बना हुआ है एवं कई बार जनप्रतिनिधियों को खेल मैदान की समस्या से अवगत भी करवाया गया है। लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। वहीं अतरी सरपंच श्रीमती अंजु पंचेश्वर से दूरभाष पर अतरी स्थित शास. प्राथ. एवं माध्य. स्कूल में खेल मैदान की व्यवस्था करने, क्षतिग्रस्त हो रहे कीचनशेड का निर्माण एवं स्कूल की अन्य समस्या का समाधान किये जाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नही हो पाया।

### खेल मैदान नही होने से बच्चों को होती है परेशानी - कोमलचंद



अभिभावक कोमलचंद भवरे ने बताया कि शास. प्राथ. एवं माध्य. स्कूल के पास भवन है लेकिन खेल मैदान नही है, जबकि शासन की मंशा है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद के माध्यम से उनका शारीरिक व मानसिक विकास करना है, खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। श्री भवरे ने बताया कि स्कूल के सामने से सड़क गुजरी है, अगर बच्चें रोड़ व पंचायत भवन के समीप खेलते है तो बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है इसलिए शासन-प्रशासन स्कूल को खेल मैदान उपलब्ध करवाये।

### कीचनशेड क्षतिग्रस्त हो गया है - राजेश



शास. प्राथ. स्कूल अतरी के शिक्षक राजेश पारधी ने बताया कि स्कूल बहुत पुराना है और विगत वर्ष पूर्व नवीन भवन का निर्माण किया गया है जहां शास. प्राथ. स्कूल का संचालन किया जाता है। स्कूल रोड़ किनारे स्थित है, जिससे दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। साथ ही यह भी बताया कि गत दिवस हुई बारिश में कीचनशेड क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दिये है, कीचनशेड का जल्द निर्माण शासन-प्रशासन करवाये।

### स्कूल में खेल मैदान नही है - कौशलसिंह



शास. माध्य. स्कूल अतरी के शिक्षक कौशलसिंह चौधरी ने बताया कि शास. मा. स्कूल वर्ष 2011 से संचालित हो रहा है एवं भवन बना हुआ है। लेकिन खेल मैदान नही होने के कारण बच्चों की खेलने एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन करने में हमें परेशानी होती है एवं फर्श से सीमेन्ट निकल चुका है, जिसका मरम्मत कार्य करवाया जायेगा एवं खेल मैदान स्कूल परिसर में होना चाहिए।

# चार ग्राम से एक साथ निकलेगी कांवड यात्रा आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी, बेहरई, चंदपुरी, गर्रा ग्राम से 3 अगस्त को प्रात: 9 बजे से विशाल कांवड यात्रा निकलेगी। चर्चा में कांवड यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के पावन अवसर पर कनकी, बेहरई, चंदपुरी, गर्रा से एक साथ विशाल कांवड यात्रा 3 अगस्त को प्रात: 9 बजे निकलेगी और सभी कांवडिये माँ वैनगंगा नदी से जल लेकर दादा कोटेश्वर महादेव लांजी पहुंचकर बाबा कोटेश्वर धाम में जलाभिषेक किया जायेगा। इस अवसर पर श्रध्दालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील कांवड यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने की है।

# कटंगी क्षेत्र के 50 हजार कृषकों को मिली सम्मान निधि



कटंगी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में शनिवार 02 अगस्त को एक कार्यक्रम का आयोजन कर कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया. प्रधानमंत्री ने आज वाराणसी से पीएम-किसान योजना की 20वीं किस्त का वितरण किया. देश भर के 9.7 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपये की राशि उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की गई. कटंगी क्षेत्र के करीब 50 हजार किसानों के खातों में यह राशि जमा हुई. एसडीएम के.सी.ठाकुर, कटंगी तहसीलदार राकेश प्रजापति, तिरोड़ी तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गायत्री कुमार सारथी, नायब तहसीलदार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, उपाध्यक्ष देवी प्रसाद तिवारी, धनेन्द्र चौधरी, जनपद सदस्य ज्योति सूर्यवंशी, नेगेन्द्र चौहान सहित किसान मौजूद रहे।

# नेवरगांव वा. एवं बड़गांव उ.मा.वि. में स्कार्फ दिवस का हुआ आयोजन




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. एवं बडगांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनीकुमार उपाध्याय के निर्देशन में भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालाघाट के तत्वाधान में 1 अगस्त को स्काउट गाइड द्वारा स्कार्फ दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य एवं जिला संगठन आयुक्त इनेन्द्र डहरवाल एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को विश्व स्कार्फ दिवस क्यों और कब से मनाया जा रहा है एवं उसके महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर शासकीय उमावि. नेवरगांव वा. प्राचार्य श्रीमती ऊषा देशमुख ,बड़गांव प्राचार्य आर सी बोपचे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोलीराम भगत, जिला सचिव राजकुमार टेंभरे, जिला काउंसलर हरिप्रसाद देशमुख, सोहनलाल पटले, गाइडर श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, गाइडर श्रीमती नीता बोपचे, स्काउटर आरिफ खान, श्रीमती उषा मसराम सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दो अजगर सर्प को रेस्क्यू आपरेशन चलाकर वन विभाग ने पकड़कर जंगल में छोड़ा



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बोरी स्थित कटंग तालाब से वन विभाग ने शनिवार को दो अजगर प्रजाति सर्प को रेस्क्यू आपरेशन चलाकर पकड़कर सुरक्षित घने जंगल में छोड़ दिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बोरी स्थित कटंग तालाब में पानी भरा हुआ है और कुछ ग्रामीण तालाब से बाहर निकल रहे पानी वाले स्थान में मछली पकड़ने के लिए जाल लगाकर रखे है। शनिवार को सुबह जब एक ग्रामीण तालाब की ओर गया तो जाल में दो अजगर सर्प दिखाई दिये। जिसके बाद वह घबरा गया और ग्रामीणजन व सरपंच को जानकारी दिया कि अजगर सर्प कटंग तालाब में है। वहीं कटंग तालाब में दो अजगर सर्प दिखाई देने की जानकारी ग्राम में आग की तरह फैल गई और लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद ग्राम सरपंच प्रतिनिधि प्रेमसुन्दर बारमाटे के द्वारा वन विभाग को जानकारी दी गई और वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पहुंचकर रेस्क्यू आपरेशन चलाकर सुरक्षित दोनों अजगर सर्प को पकड़ लिया और घने जंगल में छोड़ दिया है। वहीं दोनों अजगर सर्प बहुत बड़े थे, अगर किसी को काट देते तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। इस रेस्क्यू आपरेशन में वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीणजनों का सराहनीय योगदान रहा।

# मृत बाघ की सोशल मीडिया में हुई वायरल फोटो के बाद हरकत में आया वन विभाग

## लोकेशन ट्रेस कर वन विभाग ने बीट क्रमांक 443 पोटूटोला कालागोटा नाला में की सर्चिंग शुरू, नही मिला बाघ का शव

### वनविभाग ने बनाई दो टीमें, वन्यजीव प्रेमी ने कहा जगह हुई ट्रेस तो कहां गया शव, सर्चिंग जारी, वन्य प्रेमियों ने बाघ के शव बरामद कर आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने की वन विभाग से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली सोनेवानी बीट क्षेत्र में बाघ मृत अवस्था में होने एवं उसके अवशेष गायब हो जाने वाली बाघ की मृत फोटो सोनेवानी वन्यजीव सुरक्षा समिति के व्हाट्सअप ग्रुप (सोशल मीडिया) में दिनभर वायरल होते रही। वहीं सोशल मीडिया में वायरल हो रही मृत बाघ की फोटो का लोकेशन ट्रेस किया गया तो पता चला कि दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोरी के पोटूटोला बीट क्रमांक 443 के समीप से गुजरे कालागोटा नाला का है। जिसके बाद वन विभाग के आलाधिकारी हरकत में आये और शनिवार को दोपहर में वन्यप्रेमियों के साथ पोटूटोला सोनेवानी बीट क्रमांक 443 पहुंचकर सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया। वहीं लोकेशन ट्रेस वाले स्थान पर जब वन विभाग पहुंचा तो उस स्थान पर मृत बाघ नही पाया गया और सर्चिंग अभियान जारी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृत बाघ का पता नही चल पाया है, किन्तु फोटो लोकेशन जिस स्थान का बताया जा रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि उसी स्थान के किसी क्षेत्र में बाघ को छुपा दिया गया होगा या फिर जिन लोगों ने बाघ का शिकार किये है।

### सवाल खड़े हो रहा है कि फोटो लोकेशन की जगह तो सही है लेकिन बाघ का शव कहां है?

आपकों बता दे कि दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले नवेगांव, सोनेवानी, चिखलाबड्डी सहित अन्य जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाघ, शेर, तेंदुआ सहित अन्य वन्यप्राणी है और पर्यटक बड़ी संख्या में वन्यप्राणियों का दीदार करने भी पहुंचते है। लेकिन बरसात प्रारंभ हो जाने के बाद से सोनेवानी वन्यजीव क्षेत्र के अंदर जाने पर वन विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन अपराधी प्रवृत्ति के लोग किसी भी रास्ते जंगल के अंदर घुस कर वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से चले जाते है और वन संपदा व वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाते है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने के लिए वन विभाग के द्वारा गस्ती कर कार्यवाही भी की जाती है। वहीं सोनेवानी वन्यजीव सुरक्षा समिति के व्हाट्सअप ग्रुप (सोशल मीडिया) में मृत बाघ की फोटो जो शनिवार को दिनभर वायरल हुई है। जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि बाघ का शिकार 8 से 10 दिन पूर्व किया गया है और उसके आवश्यक अवशेष भी जिन लोगों के द्वारा शिकार किया गया है उनके द्वारा गायब कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृत बाघ का कोई पता नही चल पाया है। जबकि लोकेशन ट्रेस में वही स्थान बताया गया है तो फिर मृत बाघ का शव गया कहा यह सवाल खड़े कर रहा है। वहीं वन विभाग का सर्चिंग अभियान जारी है।

### मृत बाघ का नहीं मिला है शव - ज्ञानचंद



वन्यप्रेमी ज्ञानचंद शर्मा एवं सिकन्दर मिश्रा ने बताया कि जानकारी लगी थी कि बाघ का शव बीट क्रमांक 443 के समीप से गुजरे नाले में दिखाई दिया है जिससे बहुत दु:ख हुआ और जंगल का कौन से बाघ की मृत्यु हुई है यह देखना चाहते है एवं जिस स्थान की फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई है उस स्थान का लोकेशन ट्रेस किया गया लेकिन बाघ का शव नही मिला है। श्री शर्मा ने बताया कि ट्रेस स्थान से शव कहा चले गया यह एक बड़ा विषय है, जिसकी जांच उच्चाधिकारियों के द्वारा की जा रही है।

### दो टीम गठित कर जंगल क्षेत्र में की जा रही है सर्चिंग - सिरसाम



दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा एसडीओं बीआर सिरसाम ने बताया कि सोनेवानी बीट क्रमांक 443 के समीप से गुजरे नाले में वन्यप्राणी का शव देखने की जानकारी मिलने के बाद लालबर्रा-वारासिवनी वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर वनविभाग के डॉग स्कॉट, फ्लाईंग स्कॉट और वनकर्मियों ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान

# खेतान सिंगल सुपर फास्फेट पानी में अघुलनशील किसान आक्रोशित

## मामला दिनी सोसायटी का : किसानों ने नकली खाद की जताई संभावना

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जिले सहित क्षेत्र में लगातार नकली खाद और बीज का विषय उठता ही जा रहा है विभाग के द्वारा कार्यवाही भी की जाती रही है। परंतु इस बार नकली सिंगल सुपर फास्फेट सोसायटी के माध्यम से किसानों को वितरण करने का मामला सामने आया है। जिसमें वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दिनी के किसानों को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से खेतान कंपनी का सिंगल सुपर फास्फेट वितरण किया गया है। जो खेतों में छिड़काव पर घुल नहीं रहा है तो वहीं घरों में किसानों ने पानी में खाद को डाल कर रखा है वहां भी वह घुल नहीं रहा है। बल्कि सीमेंट के छोटे.छोटे कंकर के रूप में प्रतीत हो रहा है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। विदित हो की सेवा सहकारी समिति दिनी से परमिट पर किसानों ने सिंगल सुपर फास्फेट खाद लिया है जिन्हें खेतान कंपनी का सिंगल सुपर फास्फेट समिति ने दिया है। जिसे किसानों के द्वारा खेतों में छिडड़ाव किया गया परंतु वह ७ दिन बीत जाने के बाद भी घुला नहीं हैं। यह अघुलनशील होने पर यह चर्चा ग्राम में आम हो गई जहां पर कई किसानों के द्वारा अपने घरों में ही खाद को पानी में डालकर चेक किया गया। परंतु कहीं १० दिन कहीं १५ दिन भिगोने के बाद भी पानी में घुला नहीं सीमेंट के बारीक पत्थर की तरह पानी के अंदर पड़ा रहा। जिस पर किसानों के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल १८१ कृषि विभाग एवं सोसायटी में मामले की शिकायत की







गई है। यह मामला सामने आने पर सेवा सहकारी समिति दिनी के किसान काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। क्योंकि उनके द्वारा खाद की किल्लत के चलते यूरिया के साथ सिंगल सुपर फास्फेट का मिश्रण कर छिडड़ाव किया गया है। उक्त समस्या से उनके अंदर काफ ी आक्रोश व्याप्त है यह प्रकरण में किसानों के द्वारा शासन प्रशासन से जांच करने की मांग की जा रही है।

किसान जीवनलाल कुंभलकर और किशोर उपवंशी ने संयुक्त रूप से बताया कि हमने सोसाइटी से सोडा लाए थे। जिसमें पांच बैग सुपर



फ ास्फेट लेकर आए थे दो बैग को हमने खेतों में डाल दिया जहां पर वह घुला नहीं। तो घर में हमने तीन दिनों से सैंपल भिगोकर रखा हुआ है पानी में रहने के बाद भी वह घुल नहीं रहा है। अब तो हमारी खेती में फायदा ही नहीं है खाद की पूर्ति नही होने पर डीएपी हमें कम मिला था तो सुपर फास्फेट लेकर आए थे। यह खेतान कंपनी का लेकर आए थे परमिट पर और हमारे जैसे बहुत किसान यह लेकर गए है। कुछ किसानों ने तो अपने खेतों में छिड़काव कर दिया है तो कुछ लोग रुके हुए हैं। ऑनलाइन हमने इसकी शिकायत भी कर दी है हम चाहते हैं कि मामले की जांच हो हमें मुआवजा दिया जायें। यह खाद जब खेत में घुलेगा ही नहीं तो किसान को नुकसान लाजमी है देखने से यह सीमेंट लग रही है। ५०५ रुपये की एक बोरी है कीचड़ में इसका छिड़काव होना था परंतु उसका भी समय निकल गया है फसल में अब खाद नहीं होगी तो असर तो पड़ेगा। वही किसान संघ अध्यक्ष सुभाष पारधी ने बताया कि हमें ग्राम पंचायत दिनी के किसानों का फोन आया था कि उनके यहां पर खाद घुल नहीं रहा है। हमने मौके पर जाकर खाद का सैंपल भी लिया है यह खाद कंकंड है। उसका पूरा निरीक्षण हमारे द्वारा कर लिया गया है यह खाद नकली लग रहा है। खेतों में डाले तो पत्थर है इसके जो हमने सैंपल लिए हैं उसकी जांच हम अपने तरफ से करवाएंगे अधिकारियों से भी हमने बात की है। यह पूरी फ र्जी खाद लग रही है खेतान कंपनी की है।

### किसानों की शिकायत है की खाद घुल नहीं रही है वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिये है-सुरेश पारधी

प्रभारी प्रबंधक सुरेश पारधी ने बताया कि यह सेवा सहकारी समिति दिनी है जहां २ महीने पहले खेतान कंपनी का सुपर फास्फेट ५० टन आया हुआ था। जिसे किसानो की डिमांड पर बुलाया गया था इसे बहुत सारे किसान लेकर गए हैं जिसमें कुछ किसानों की शिकायत भी है कि यह खाद घुल नहीं रहा है। इसके संबंध में हमने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दिए हैं उन्होंने हमें बोला है कि वह इसकी जांच करवाएंगे।

# रामपायली के मां शक्ति गिफ्ट सेंटर में लगी आग

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली के मां शक्ति गिफ्ट सेंटर में दोपहर के समय में अचानक आग लग गई। दिन दहाड़े आग ने अपना ऐसा रूप धारण किया की लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना यदि रात की होती तो भयावह होकर आर्थिक रूप से भारी छती पहुंचाती। लेकिन दिन के १ बजे आग की इस घटना का तब पता चला जब जाते हुए एक राहगीर ने आग को देखा और तत्काल पड़ोस में रहने वाले मुणेश राणा को सूचना दी। जिसमें तत्काल शटर का ताला खोल उठाया गया तो आग अपने असली रूप में आ चुकी थी। तेजी से सामान जल रहा था आसपास के पचासों लोगों ने दौड़कर पानी की व्यवस्था कर आग पर काबू पा लिया। किंतु सामान को आग से नहीं बचा पाए जिससे ५ लाख रुपए के क्षति होने का अंदेशा बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि मां शक्ति गिफ्ट सेंटर के संचालक कमलेश राणा जो अपने गिफ्ट सेंटर की दुकान को बंद कर अपनी पत्नी के इलाज के लिए गोंदिया गए हुए थे। उनके इस गिफ्ट सेंटर को उन्होंने ताला लगाकर दुकान की चाबी बड़े भाई मुणेश राणा को देकर गोंदिया चले गए थे । यह घटना दोपहर १ बजे बताई जा रही है। ग्रामीण डॉक्टर बाबूराव जा रहे थे जिन्होंने मकान के ऊपर से धुआं उठता हुआ देखा और पड़ोस में कमलेश राणा के बड़े भाई को सूचना दी। जिन्होंने तत्काल शटर खोलकर शटर उठाया तो देखा की आग जल रही थी आसपास के लोगों ने दौड़कर तत्काल पानी की व्यवस्था की और आग पर काबू पाया। किंतु गिफ्ट सेंटर में रखा लाखों रुपए का सामान को बचाया नहीं जा सका यह घटना यदि रात्रि में होती तो यह आग ऊपर तक मौजूद किचन तक पहुंच गई होती । जहां रखा सिलेंडर में आग पहुंच जाती तो मकान को भारी मात्रा में क्षति होती। किंतु आमजनों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया लेकिन आर्थिक क्षति को और नुकसान होने से नहीं बचाया जा सका। बताया जा रहा है कि शॉट सर्किट्स की वजह से यह आग लगी है पुलिस को सूचना दी गई जिसमें पुलिस ने मामला कायम कर जांच में लिया है।




# महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की आपातकालीन बैठक सम्पन्न

## पूर्व मंत्री की टिप्पणी पर हरकत में आया प्रबंधन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति एवं महाविद्यालय प्रबंधन की आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। यह बैठक १ अगस्त को पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को महाविद्यालय के एलएलबी के अध्यनरत छात्रों ने महाविद्यालय में आ रही विभिन्न समस्याओं और शुध्द पेयजल की समस्या पर ज्ञापन दिया गया था। जिसमें उनके द्वारा दिए गए वक्तव्य एवं की गई टिप्पणी के बाद जनभागीदारी समिति एवं कॉलेज प्रबंधन की बैठक की गई। जिसमें विद्यार्थियों को हो रही कीचड़ से आवागमन की समस्या ,पानी की समस्या ,कक्षा लगने की समस्या ,बैठक व्यवस्था जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया। जहां पर विद्यार्थियों से संयम बनाकर रखने प्राथमिक तौर पर महाविद्यालय प्रबंधन जनभागीदारी समिति के समक्ष समस्याओं को रखना और यदि पूरा नही करने पर विभिन्न स्थानों पर अपनी बातें रखना की भी अपील की गई। वहीं दान दी गई वस्तु के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संस्था की होती है जिस पर संस्था प्रबंधन के द्वारा गंभीरता से ध्यान दिए जाने की बात कही जाती रही। साथ ही संज्ञान में आए विभिन्न विषयों पर तत्काल निर्णय लेकर त्वरित कार्यवाही करने का निर्णय बैठक में लिया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ,विधायक प्रतिनिधि पंकज पिपरेवार ,समिति सदस्य शिवदयाल बोपचे ,हिमांशु संचेती सहित महाविद्यालय प्रबंधन मौजूद रहा। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन और विधायक प्रतिनिधि पंकज पिपरेवार ने बताया कि छात्रों के माध्यम से शुक्रवार को विषय आया है पूर्व में आवागमन की समस्या थी जहां के लिए चुरी नहीं मिलने पर मुरम डालने की व्यवस्था बनाई जा रही है। विधायक ने वाटर फिल्टर दिया था जिसमें वाटर कूलर चालू था वाटर फि ल्टर फिट नहीं किया गया था जिससे दूषित पानी आया जो अभी संज्ञान में आने पर फिट करवा रहे हैं। इसमें फिट करने वाले की गलती है बच्चे स्वतंत्र है कहीं भी जा सकते हैं समन्वय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। समस्या की गंभीरता को हमने देख तत्काल निर्णय लिए है पानी में मेंढक या गंदा पानी आना कर्मचारियों की भी लापरवाही है। दान वस्तु का मेंटेनेंस महाविद्यालय करेगा महाविद्यालय में बैठने शुद्ध पानी और कक्षा लगाने की निरंतर व्यवस्था बनाने का प्रयास है। समिति से विद्यार्थियों का विश्वास उठने की कोई बात नहीं है।

### महाविद्यालय की समस्त समस्याओं पर ध्यान दिया जायेगा-एस एस गेड़ाम

प्रभारी प्राचार्य एस एस गेड़ाम ने बताया कि आने.जाने के लिए जेसीबी से कॉलेज में रखी मुरुम को बिछा रहे हैं बाद में चिल्ली डालेंगे। एलएलबी के शिक्षक रखे गए थे पांच में तीन खुद छोड़कर चले गये उनसे संपर्क नहीं हुआ रिजाइन नहीं कर हमने कार्यवाही कर उनका आमंत्रण खत्म करने विज्ञापन जारी कर रहे हैं। पुस्तकों के लिए शिक्षकों को कहा गया है कि वह लिस्ट तैयार करें उसे मंगवाया जाएगा और जो भी शेष कार्य है उसे आगे हम करेंगे। वाटर फिल्टर के लिए व्यक्ति अप्वॉइंट कर दिए गए हैं ताकि आगे पानी में मेंढ़क मिलना या खराब पानी आने जैसी समस्या ना हो। कक्षा बंद थी इसलिए ध्यान नहीं दिया गया था अब समस्या सामने आई है तो निश्चित तौर पर आगे इन समस्याओं पर ध्यान दिया जाता रहेगा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 20वीं किस्त का हुआ हस्तांतरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 02 अगस्त को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किश्त की राशि किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांरित की। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय सहित हितग्राही किसान उपस्थित थे। आयोजन हुआ । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना गया। इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के विकासखंड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त के रूप में बालाघाट जिले के 03 लाख 41 हजार 831 हितग्राही किसानों 68.36 करोड़ की राशि हस्तांतरित हुई है। कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही राजकुमार बघेले देवटोला, रामेश्वर पटले गोंगलई, देवलाल कटरे नवेगांव, जगराम कोसमी, तेजराम मोहारे भटेरा का पुष्पहार से सम्मान कर प्रतीक स्वरूप 02 हजार रुपये का चेक दिया गया। इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर आर.आर.पांडे, श्री कौरव, तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार, नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया सहित हितग्राही कृषक उपस्थित थे।




# नगर पलिका में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

## नगर पालिका विकास के नये आयामो को प्राप्त कर रही है-प्रदीप जायसवाल



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। पिछले कई सालो से सावन माह में संगीतमय सुंदरकांड के आयोजन का सिलसिला लगातार जारी है। प्रसिद्ध भजन गायक आदित्य खंजाची सहित कलाकारो की टीम ने लंबे समय तक एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति देकर पुरे माहौल को भक्तीमय बना दिया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की नगर पालिका परिषद विकास के नये आयामो को प्राप्त करने के बाद धर्म के विषय में भी सभी को एक साथ लेकर आगे बढ़ रही है। सावन माह सहित अन्य त्योहारो में जनता के इस निकाय का यह कार्य एक नया आत्मविश्वास और सकारात्मक उर्जा का संचार करता हुआ प्रतित हो रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम के समापन अवसर पर हवन कर नगर में सुख शांति के साथ वैभव की कामना की। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे , पूर्व नपा अध्यक्ष आलोक खरे, शैलेन्द्र तिवारी, अमित येरपूडे, संदीप मिश्रा, सुनील पिपरेवार, मोनू लिमजे, प्रवीण रूसिया, श्रीमती रितू खरे, सोनू जायसवाल, श्रीराम सोहाने, कन्हैया खैरवार , मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बम्हनगांव से कल कोटेश्वर धाम के लिए निकलेगी कावड़ यात्रा

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी बोल बम सेवा समिति बम्हनगांव के तत्वाधान में अंतिम श्रावण सोमवार 4 अगस्त 2025 को कावड़ यात्रा रैली कोटेश्वर धाम के लिए निकाली जाएगी। तत्संबंध में जानकारी देते हुए डॉ राहुल बाहें ने बताया कि इस बार दिनांक 3 अगस्त को 2025 को ग्राम के शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा एवं दूसरे दिन सोमवार को बाघ नदी एवं सोन नदी के संगम तट पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर कावड़ में जल लेकर मुंडेसरा, टीमकी टोला,बम्हनगांव होते हुए किरनापुर में मां किरनाई के चरणों में माथा टेककर डीजे की धुन में भोले की झांकी के साथ 45 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा कर दादा कोटेश्वर को जल अभिषेक किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला, बच्चे, किसान एवं नवयुवक साथियों के द्वारा कावड़ यात्रा में सम्मिलित होंगे।समिति अध्यक्ष महेश ठाकरे, पप्पू चौरागडे, राहुल बाहें, कैलाश सोनी, दीनाराम पाचे, संजय बाहें, महेश तिवारी, तुलसीराम बाहें, चैन लाल ठाकरे, विनोद पाचे, नंदू नागेश्वर, नंदू पाचे, कैलाश कन्नौजे, निलेश कन्नौजे राजेश नागेश्वर, मुंशी बाहें, समल पांचे, महेश पाचे, झिलराज दुलारे, किशोर बाहें, महेश देवराज पाचे, ग्राम सरपंच बालचंद पांचे, जितेंद्र वनवे ,पुलिस पटेल श्यामलाल चौरागडे, जितेंद्र मोदेकर , ओमप्रकाश ब्राह्मण संतोषसिह राणा, पूर्व सरपंच भारत पाचे, राकेश कावरे, बाबा चौधरी, डॉ राजेश नागेश्वर, भोजु सोनवाने, सहित अन्य ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से कावड़ यात्रा रैली में शामिल होने की अपील की है।

# भूले बिसरे गीत श्रद्धांजलि कार्यक्रम किरनापुर मे आज

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भूले बिसरे गीत श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन आज 03 अगस्त 2025 रविवार को गुजरी चौक किरनापुर में किया जाएगा।इस आशय की जानकारी देते हुए सुर संगम सांस्कृतिक समिति किरनापुर के अध्यक्ष खुमेशचन्द्र अजीत तथा सचिव अरविंद कोरे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि फिल्म संगीत के महान व मशहूर पार्श्वगायकों की स्मृति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के नवोदित गायक कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराया जाता है।आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमियों से निर्धारित कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करने की अपील की है।

# वर्तमान वैश्विक नेतृत्व में विश्व कल्याण के भाव का अभाव है

आज विश्व के कुछ देशों में सत्ता उस विचारधारा के दलों के पास आ गई है जो शक्ति के मद में चूर हैं एवं अपने लिए प्रशंसा प्राप्त करना चाहते हैं। उनके विचारों में विश्व कल्याण की भावना का पूर्णतः अभाव है। इन देशों के नेतृत्व की कार्यप्रणाली से कुछ देशों के बीच आपस में टकराव पैदा होता दिखाई दे रहा है। दो देशों के बीच की समस्याओं को हल करने के प्रयास के स्थान पर किसी एक देश का पक्ष लेकर दूसरे देश के विरुद्ध खड़े हो जाना भी इन देशों की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनता जा रहा है। इस कार्यप्रणाली से कुछ देशों के बीच आपस में युद्ध की स्थिति निर्मित हो रही है। इजराईल एवं ईरान के बीच एवं रूस एवं यूक्रेन के बीच तथा कम्बोडिया एवं थाईलैंड के बीच छिड़ा हुआ युद्ध इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। दरअसल, दो देशों के बीच युद्ध छिड़ने से चौधराहट करने वाले देशों द्वारा अपने देश में निर्मित हथियारों को युद्ध करने वाले देशों को बेचा जाता है जिससे इन देशों में प्रभावशाली लाबी संतुष्ट होती है और वह इन देशों में चुनाव के समय राजनैतिक दलों की मदद करने का प्रयास करती है। पूंजीवादी देशों में कोरपोरेट जगत द्वारा ही सत्ता की स्थापना की जाती है। सत्ता प्राप्त करने के बाद इन्हीं राजनैतिक दलों द्वारा इस कोरपोरेट जगत के हितों को साधने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार इन देशों में राजनैतिक दलों एवं कोरपोरेट जगत का एक नेक्सस अपने अपने हितों का ध्यान रखने के लिए सक्रिय रहता है। अमेरिका में भी आज यही स्थिति दिखाई दे रही हैं। अमेरिका में हथियारों का उत्पादन करने वाली कम्पनियों की, वर्तमान सत्ता के गलियारे में, अच्छी पैठ दिखाई देती है। वर्तमान वैश्विक नेतृत्व द्वारा विश्व कल्याण पर विचार किए जाने एवं छोटे छोटे अविकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं की सहायता किए जाने के स्थान पर अन्य देशों, जिनके नेता इन तथाकथित विकसित देशों की अमानवीय शर्तों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, की अर्थव्यवस्थाओं को बर्बाद किये जाने की धमकियां तक दी जा रही हैं। यूरोपीयन यूनियन के अध्यक्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने की धमकी इसलिए दी है क्योंकि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है। इसी प्रकार, ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत एवं रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था की श्रेणी का बताया है एवं भारत द्वारा अमेरिका में किए जाने वाले निर्यात पर 25 प्रतिशत का टैरिफ 1 अगस्त 2025 से लागू कर दिया है क्योंकि भारत, रूस से कच्चे तेल एवं सुरक्षा उपकरणों का भारी मात्रा में आयात करता है। जबकि, भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार संधि अपने अंतिम चरण में हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूजनीय श्री गुरुजी (श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) ने आज से 65/70 वर्ष पूर्व ही साम्यवादी एवं पूंजीवादी विचारधारा पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद संसार को एक सूत्र में बांध सकेंगे। इसके पीछे उन्होंने कुछ बुनियादी कारण बताए थे। भौतिकवादी दर्शन, जो मनुष्य को एक प्राणी मात्र समझता है और मनुष्य की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति को ही सर्वोच्च लक्ष्य मानता है, वह मनुष्य में स्पर्धा और संघर्ष का भाव तो उत्पन्न कर सकता है, उसमें एकता और सौहार्द पैदा नहीं कर सकता। कारण स्पष्ट है – भौतिकता की भूमि पर मतभेद और मार्गों की भिन्नता अनिवार्य हो जाती है। वे अलगाव और वर्चस्व की धारा को बल प्रदान करते हैं। जो लोग संसार को भौतिकता के यथार्थ से देखते हैं उनके लिए समन्वय और एकात्मता का कोई महत्व नहीं है। वे सहयोग के विषय में सोच ही नहीं सकते। यह तो भारत की दृष्टि है, जब हम इन विभिन्नताओं के भीतर छिपी आंतरिक एकता का अनुभव करते हैं, जब हम सम्पूर्ण एकात्मता की अनुभूति कर पाते हैं।

# सत्य वह दौलत है जिसे पहले खर्च करो- जिंदगी भर आनंद पाओ, झूठ वह कर्ज़ है- क्षणिक सुख पाओ जिंदगी भर चुकाते रहो

भारत अपनी संस्कृति, आध्यात्मिकता, अहिंसा धर्मनिरपेक्षता, परमो धर्मा और सच्चाई की मूरत राजा हरिश्चंद्र इत्यादि अनेकों विशेषताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से यह मानता हूं कि एक झूठ के पीछे सव झूठ बोलना पड़ता है और झूठ के दलदल में मनुष्य घुसता चला जाता है।जिससे उसकी वर्तमान पीढ़ी तो ध्वस्त होती ही है पर आने वाली पीढ़ियों में भी यह दोष समाया रहता है।

साथियों बात अगर हम सच्चाई की साक्षात मूरत राजा हरिश्चंद्र की करें तो,सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र सदैव सत्य बोलते थे। वह अपने सत्य और न्याय के लिए जाने जाते थे। इसलिए आज भी उनकी कहानियां बड़े सम्मान के साथ सुनाई जाती हैं।हमने अपने बड़े बुजुर्गों से अनेक कई किस्से सुने हैं।हम,आज की जनरेशन करीब-करीब हर सच्चाई वाली बात में इस महान मूरत का नाम ज़रूर जोड़तेहैं।हमारे बड़े बुजुर्गों से हमने कई वाक्य सुने हैं, जैसे सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, सत्य की हार नहीं होती,सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं,सत्यमेव जयते।

साथियों बात अगर हम सत्यमेव जयते इसकी करें तो हम अनेक शासकीय,अशासकीय स्थानों पर इसका उल्लेख ज़रूर देखते हैं।यही सत्य है कि हमेशा सत्य की विजय होती है।

साथियों बात अगर हम भारतीय आध्यात्मिकता की करें तो हमें यही ज्ञान मिलता है कि सत्य व दौलत है जैसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिससे क्षणिक सुख पाओ और जिंदगी भर उसे चुकाते रहो बिल्कुल सत्य वचन!

साथियों यह बात अगर मानव के हृदय में बस जाए तो वाह क्या बात है! हम पृथ्वी लोक में ही स्वर्ग के दर्शन कर सकेंगे।अगर हर भारतीय व्यक्ति चाहे वह सरकारी हो या शासकीय कर्मचारी, मंत्री हो या नेता, कार्यकर्ता हो या मालिक,सभी अगर सत्यता रूपी दौलत को पूरी निष्ठा से खर्च करें अर्थात ईमानदारी से अपनी अफसर शाही ड्यूटी, व्यापार-व्यवसायज दिनचर्या अर्थात जीवन के हर काम हर मोड़ पर सत्यता बरसाएगें तो वह खुद तो जीवन का आनंद जरूर पाएंगें परंतु उससे अधिक भारत को स्वर्ग जैसा सुंदर रचना बनाने में अहम रोल अदा करेगें। भारत एक अपराध मुक्त भारत की परिकल्पना में साकार होगा।कोई अदालत, पुलिस स्टेशन,जांच एजेंसियां नहीं होगी क्योंकि यह सब झूठ और अपराध को काटने के लिए ही बनाई गई हैं।

साथियों बात अगर हम झूठ की करें तो हमने अपने व्यवहारिक जीवन में देखा होगा कि बेईमान, रिश्वतखोर, झूठा, भ्रष्टाचारी, धोखेबाज इत्यादि तरह के मानव कभी अपने जीवन में सुखी नहीं होते। चाहे कितना भी अवैध धन कमा लें,उनके पीछे परिवार का, उनके स्वास्थ्य का, मानसिक हालत हमेशा दुखों में बनी रहती हैउनके शरीर के नसों में झूठ रूपी खून दौड़ता है और इन नकारात्मक झूठे व्यवहारों से उनका क्षणिक आर्थिक सुख मिलता है परंतु उसके लिए उनको जीवन भर कष्टों में गुजारना पड़ता है। जितना क्षणिक सुख प्राप्त होता है वह ब्याज सहित याने अतिरिक्त दुख सहित यहीं इस जीवन में भोगना पड़ता है और फिर अंत में पछताते हैं के ऐसा क्यों हुआ,ऊपर वाले से क्षमा याचना करते हैं।पर कहते हैं ना कि जब चिडियां चुग गई खेत,अब पछतावे क्या होए?



साथियों बात अगर हम सत्य की गहराई की करें तो,सत्य दो प्रकार का होता है- एक व्यवहारिक सत्य और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक सत्य का अर्थ है जैसा देखा, जैसा सुना और जैसा अनुभव किया, उसको वैसा ही बोलना सत्य कहलाता है।व्यवहारिक सत्य में हो सकता है, जो एक के लिए सत्य है, वो दूसरे के लिए असत्य हो। वैसे तो हर व्यक्ति अपने मुताबिक अपना सत्य बना लेता है। यह व्यवहारिक सत्य, अनुभव, नजरिए और देश, काल के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। इसलिए इसमें मतभेद की संभावना बनी रहती है।ईमानदार और न्यायवादी व्यक्ति ही सत्य का पालन करता है।यह देखा गया है कि जो लोग ईमानदार होते हैं वह सदैव सच बोलते हैं। झूठे बेईमान और मक्कार लोग सदैव असत्य का फायदा लेकर अपना काम बनाते हैं। हम ऐसे लोगों से बचना चाहिए जो अपने फायदे के लिए (झूठ) असत्य बोलते हैं।सत्य का अर्थ है 'सते हितम्' अर्थात् जिसमें हित या कल्याण निहित हो। सत्य भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों काल में एक सा रहता है तथा इससे यथार्थ का ज्ञान होता है। साधारण बातचीत में जो सच है, यथार्थ है उसे जानना, समझना, मानना, कहना एवं उसके अनुसार ही व्यवहार करना सत्य है। मानव बोध में सत्य के प्रति श्रद्धा एवं असत्य के प्रति घृणा स्वाभाविक रूप से पाई जाती है।मनुष्य जीवन के लिए सत्य सबसे बड़ी शक्ति हैं।जीवन तथा संसार के सत्य की तलाश कर उसे जीवन में अपनाना मानव मात्र का मूल उद्देश्य हैं।हमारी संस्कृति में सत्य को बड़ा महत्व दिया गया हैं।इस सम्बन्ध में एक महापुरुष ने ठीक ही कहा कि सत्य परेशान हो सकता है मगर पराजित नहीं. भारत की भूमि पर हरिश्चन्द्र जैसे राजा हुए जिनकी सत्यनिष्ठा के चलते वे सत्यवादी कहलाए।सत्य के रास्ते पर चलकर व्यक्ति बड़ी-बड़ी समस्या का समाधान आसानी से कर सकता है।सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर अपना और अपने परिवार का भला किया है।सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर दुनिया को बदला है । सत्य बोलने से व्यक्ति को सभी सम्मान देते हैं।ऐसा कहा जाता है कि तीन चीजें छुपाए नहीं छुपती- सूरज, चंद्रमा और सत्य। जो लोग सत्य का, न्याय का पक्ष लेते हैं उनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं।सत्य का साथ देने वालों को इतिहास स्वर्णिम पन्नों पर दर्ज करता है। परंतु जो लोग झूठ,असत्य का साथ देते हैं उनकी चारों ओर आलोचना होती है।किसी ने खूब ही कहा है कि

**चन्द्र टरै, सूरज टरै, टरै जगत व्यवहार।'**
**पै दृढ़ हरिश्चन्द्र को टरै न सत्य विचार।..**
**सांच बराबर तप नहीं, झूंठ बराबर पाप।**
**जाके हृदय सांच है, ताके हृदय आप**

किसी ने धर्म के दस लक्षण बताए हैं, जिनमें सत्य भी प्रमुख स्थान रखता है।

**'धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धीविद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।'**

अर्थात् धैर्य, क्षमा, संयम, अस्तेय (चोरी न करना ), शौच ( अंतर्मन और शरीर की पवित्रता ), इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रियों से धर्म सम्मन आचरण), धी ( सत् बुद्धि), विद्या, सत्य एवं अक्रोध यानी हमेशा शांत रहना।

अतः अगर हम पूरे उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे के सत्य व दौलत है जिसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिसमें सैनिक सुख पाओ फिर जिंदगी भर जो करते रहो और सच्चाई की राह सुखद जीवन के लिए एक विनियोग है तथा झूठ का गंतव्य दुखी जीवन की चरम सीमा है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

# भारत को नहीं चाहिए अमेरिका से कोई समझौता करना

भारतीय वस्तुओं पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी अमेरिका ने भारत को दी । डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है, इस समझौते का उद्देश्य पाकिस्तान के तेल भंडार का विकास करना है।दरअसल अमेरिका चाहता है भरी संसद में माननीय प्रधान मंत्री का अपमान करना और अमेरिका के राष्ट्रपति के सुर में सुर मिलाना लेकिन उसे मालूम नहीं है कि भारत 140 करोड़ लोगों का एक लोकतान्त्रिक देश है बार बार भारतीय का अपमान करना सही नहीं है भारत ने स्व अटलजी के नेतृत्व में उसके लाख मना करने खुफिया सेटेलाइट लगाने के बाद भी भारतीय वैज्ञानिकों ने मई 1998 में परमाणु परीक्षण भी कर लिया अगर उस समय नहीं कर पाता तो बाद में होना बहुत मुश्किल है आप देख रहें हैं ईरान के परमाणु बम को बनाने को लेकर उसने उसके तीन परमाणु सयंत्र को नस्ट कर दिया भारत का उस समय सी टी वी टी समझौता का भारी दबाब था लेकिन उसके बाद अमेरिका के आर्थिक प्रतिबन्ध से भारतीय बाजार में रौनक थी और इसमें अमेरिका को काफी नुकसान हुआ लेकिन ऐ देशहित में लिया गया बिलकुल सही फैसला था अगर नहीं होता तो कोई भी बाहरी या परोसी दुश्मन देश लड़ाई के लिए मजबूर करता तो उसकी चाल उसी दिन समझ गया जब अमेरिका में रोजी रोटी कमाने वाले भारतीय प्रवासी को कार्गो प्लेन से हथकारी लगाकर गुरु के पवित्र स्थान अमृतसर में भेजा गया और फिर अमेरिका में भारतीय को नौकरी ना देने के लिए कंपनी को कहा टैलेंट है भारतीय में तभी टिके हैं जो बंकर ब्लस्टर बम की बात ईरान के परमाणु सयंत्र को नस्ट किया था वो भारतीय वैज्ञानि की दि गई टेक्नोलॉजी थी जिसे वहाँ टेक्नोलॉजी दूसरे देश को देने के बहाने कैद किया गया है भारत की एक अलग पहचान है जीएम फूड और मांसाहारी दूध अपने पास रखो भारत एक कृषि प्रधान देश है अतः उनकी रोजी रोटी को लात नहीं मारना है भारत के लोग मेहनती और बहादुर हैं जो अंग्रेजी हुकूमत के दाँत खट्टे कर दिए और आजाद हुआ हमें नहीं करना कोई व्यापार भारत माँ भारती के स्वाभिमान के लिए सेना के पराक्रम के निचे हमेशा झुकेगा क्योंकि देश के प्रति बलिदान होते हैं लेकिन अन्य किसी देश की उसकी वीरता को मिट्टी में नहीं मिलने देगा अमेरिका उसी पराक्रम को मिट्टी में मिलाने की साजिश पाकिस्तान की दोस्ती के बहाने कर रहा है भारत एक परमाणु संपन्न देश है अतः भारत अपने किसी भी सीमा में आतंकवादी गतिविधियों को देश पर हमला मानेगा और कभी उसे बर्दास्त नहीं करेगा ऐ प्रधानमंत्री खुद खुले दिल से राष्ट्र के नाम संदेश में कहा है सीजफायर के बीच में जम्मू काश्मीर का मुद्दा भी लाना बिल्कुल बेतुका बयान था अतः प्रधानमंत्री ने ऐ भी साफ संदेश दिया कि बात होगी तो सिर्फ पीओके पर, अब अमेरिका क्या कर सकता है पाकिस्तान के जिस आतंकवादी संघठन को एफटीए के लिस्ट में शामिल किया है उसे झूठमुठ बहाना बनाकर उसे भारत के खिलाफ लड़ने के लिए फाइटर जेट देगा और दुनिया को ऐ कहेगा कि हमने पाकिस्तान को उसके आतंकवादी को मारने के लिए दिया है देखिए इसमें कोई ना कोई भारत का भेद अमेरिका को दे रहा है ताकि भारत को कमजोर करने दें और नेताओं को घबराहट में ट्रम्प से झुकने के लिए प्रेरित करें अगर ऐसा नहीं था तो विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने ऑपरेशन सिंदूर और टैरिफ पर मजा लिया और जब मालेगॉव बम ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा और अन्य निर्दोष नागरि को हिन्दू आतंकी बताया था उस पर मौन रहें जबकी किसी नारी का इतने दिनों तक शोषण होता रहा और सेना के अधिकारी को भी इसमें शामिल किया गया जो एक साजिश थी क्योंकि वो उस संघठन से जुड़े थे जिसकी स्थापना वीर सावरकर ने की थी और कांग्रेस का हमेशा से देशभक्त वीर सावरकर के प्रति गलत मानसिकता रही है अभिनव भारत सोसाइटी। अभिनव भारत सोसाइटी (यंग इंडिया सोसाइटी) एक भारतीय स्वतंत्रता गुप्त संस्था थी जिसकी स्थापना विनायक दामोदर सावरकर और उनके भाई गणेश दामोदर सावरकर ने 1904 में की थी।महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में हुई स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा- हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दबाव बनाने की रणनीति के तहत पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है, साथ ही भारतीय वस्तुओं पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देते हुए कहा है कि वाशिंगटन, इस्लामाबाद को उसके विशाल तेल भंडार विकसित करने में मदद करेगा।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवा दिया लेकिन खुद को मुस्लिम देश बताने वाला पाकिस्तान अब ईरान को क्या जबाब देगा जिसने ईरान के तीनों परमाणु सयंत्र को नस्ट कर दिया । एक सोशल मीडिया पोस्ट में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने आश्चर्य जताया कि क्या पाकिस्तान किसी दिन भारत को तेल बेच सकता है।डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडारों के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवा दिया और उम्मीद जताई कि इससे दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा।भारत कौन सा देश है मालूम नहीं है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलजी की कविता सुन लें एक नहीं दो नहीं करो बीसों समझौते,पर स्वतन्त्र भारत का मस्तक नहीं झुकेगा,तुम्हे मुफ़्त में मिली न कीमत गयी चुकाई,अंग्रेजों के बल पर दो टुकड़े पाये हैं,माँ को खंडित करते तुमको लाज ना आई?अमरीकी शस्त्रों से अपनी आजादी को,दुनिया में कायम रख लोगे, यह मत समझो,दस बीस अरब डालर लेकर आने वाली बरबादी से बच लोगे ऐ मत समझो, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा, यह ऐतिहासिक समझौता हमारे बढ़ते सहयोग को बढ़ाएगा ताकि आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार हो सके।। ट्रम्प ने भारत को मजाक उड़ाते हुए कहा कौन जाने, हो सकता है कि वे किसी दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचें! ट्रंप ने कहा।इसके साफ मायने हैं मैने कहा सीजफाएर हमने कराया वो संसद में कहें ताकि शांति का नोबेल पुरस्कार मिल सके और इधर अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एक समझौता भी किया जिसे इतिहासिक कदम बताया जा रहा है ट्रम्प ने कहा लंबे समय से अपने तट पर बड़े तेल भंडार होने का दावा करता रहा है, लेकिन इन भंडारों का दोहन करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। वह इन भंडारों का दोहन करने के लिए निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है।वहाँ जमीन के अंदर से तेल नहीं आतंकवादी के कब्र मिलेंगे जिसे भारत के वीर सेनानियों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया था पाकिस्तान वर्तमान में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मध्य पूर्व से तेल आयात करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के ज़रिए भारत पर फिर निशाना साधाः वे मिलकर अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को गिरा सकते हैं रूस भारत का एक जिगरी दोस्त है और दोस्ती में बफादार होना जरुरी है भारत क्या कर रहा है किससे क्या ले रहा है ऐ आंतरिक मामला है इसमें दखल देना ठीक नहीं है पाकिस्तान के अनुसार, यह समझौता पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगज़ेब, अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर के बीच वाशिंगटन डीसी में हुई एक बैठक के दौरान हुआ।रिपोर्ट में कहा गया है कि इस व्यापार समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना, बाज़ार पहुँच का विस्तार करना, निवेश आकर्षित करना और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। हमारा राष्ट्रीय हित इस समझौते के परिणामस्वरूप, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका को पाकिस्तानी निर्यात पर पारस्परिक टैरिफ में कमी आएगी क्योंकि वो उसके हाँ में हाँ मिला रहा है । यह समझौता आर्थिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है, विशेष रूप से ऊर्जा, खनन और खनिज, आईटी, क्रिप्टोकरेंसी और अन्य क्षेत्रों में।अमेरिका-पाकिस्तान व्यापार समझौते को दरअसल नई दिल्ली पर अमेरिका की मांगों को मनवाने के लिए दबाव बनाने की एक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल के दिनों में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं।यह घोषणा ट्रंप द्वारा भारत से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी सैन्य उपकरणों और ऊर्जा की खरीद पर एक अतिरिक्त अनिर्दिष्ट दंड की घोषणा के कुछ घंटों बाद आई।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रंप ने भारत की व्यापार नीतियों को बेहद कठोर और अप्रिय बताया।ट्रंप ने कहा, सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को पहली अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ और उपरोक्त शुल् के लिए जुर्माना देना होगा।दिन के दौरान, उन्होंने भारत द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ के बारे में कई बार बात की और ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) समूह में भारत की सदस्यता का जक्रि किया, जिसे उन्होंने अमेरिका-विरोधी बताया।जो भारत ने ब्रिक सम्मेलन में जाने से हुआ भारत के साथ बातचीत पर एक सवाल के जवाब में, ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन दिल्ली से बात कर रहा है।

उन्होंने कहा, ...हम देखेंगे, हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं, और भारत के टैरिफ को दुनिया के सबसे ज़्यादा टैरिफ में से एक बताया।भारत ने कहा कि उसने द्विपक्षीय व्यापार पर ट्रंप के बयान पर ध्यान दिया है और सरकार इसके प्रभावों का अध्ययन कर रही है।बयान में कहा गया है, भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-संजय गोस्वामी**

# मित्रता: रिश्तों की आत्मा और संवेदना की जीवंत सरिता

मित्रता वह रिश्ता है, जो न रक्त से बंधा होता है, न किसी सामाजिक अनुबंध से, फिर भी यह जीवन का सबसे आत्मीय और मजबूत संबंध होता है। दोस्ती वह भूमि है जहां प्रेम, विश्वास, अपनत्व, समर्पण और संवेदना एक साथ अंकुरित होते हैं। इसी दुर्लभ और विशुद्ध भाव को सम्मान देने के लिए हर वर्ष अगस्त माह के प्रथम रविवार को 'अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस' मनाया जाता है। मित्रता दिवस का यह दिन केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि वह अवसर है जो रिश्तों की आत्मा को पुनः जागृत करने, टूटते संबंधों को जोड़ने और नफरत की दीवारों के बीच मैत्री के पुल बनाने का निमित्त बनता है। यह दिन एक सार्थक प्रयास है, अपने जीवन की भागदौड़ में उस रिश्ते को याद करने का, जिसने हर मोड़ पर हमें संबल दिया, हौसला दिया और मुस्कुराने की वजह दी। दुनिया के अधिकांश रिश्ते सामाजिक, पारिवारिक या व्यावसायिक जरूरतों से बने होते हैं, लेकिन मित्रता केवल मानवीयता, करुणा और स्नेह की भावना से जन्म लेती है। इसमें न कोई स्वार्थ होता है, न औपचारिकता, न ही प्रदर्शन। यही कारण है कि श्रीकृष्ण-सुदामा, श्रीराम-विभीषण, गांधी-नेहरू जैसे रिश्ते युगों तक मिसाल बनते हैं। जोसेफ फोर्ट न्यूटन ने कहा है-लोग इसलिए अकेले होते हैं क्योंकि वे मित्रता के पुल बनाने की बजाय दुश्मनी की दीवारें खड़ी कर लेते हैं। आज यही सबसे बड़ा संकट है-मनुष्यता की गिरती दीवारें, रिश्तों की सूखती जमीन, और आत्मीयता की मरती हुई पुकार। एक बड़ा सवाल है कि क्यों सूख रही है रिश्तों की मिट्टी? आज हम तकनीकी रूप से जितने जुड़ चुके हैं, भावनात्मक रूप से उतने ही दूर हो गए हैं। मोबाइल, सोशल मीडिया, आभासी दुनिया ने संवाद को बढ़ाया है पर संपर्क को नहीं, क्योंकि आत्मा से जुड़ाव संवाद से नहीं, संवेदना से होता है। नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल 'रिश्ता' नहीं बल्कि एक मन:स्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है। युवाओं के लिए यह केवल गिफ्ट, सेल्फी और चॉकलेट तक सीमित रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा है, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और निभाना। विश्व मित्रता दिवस मनाते हुए एक प्रश्न उभरता है कि दोस्ती एवं मित्रता की इतनी आदर्श स्थिति एवं महत्ता होते हुए भी आज मनुष्य-मनुष्य के बीच मैत्री भाव का इतना अभाव क्यों है? क्यों है इतना पारस्परिक दुराव्यवहार क्यों है वैचारिक वैमनस्यम क्यों मतभेद के साथ जनमता मनभेद? ज्ञानी, विवेकी, समझदार होने के बाद भी आए दिन मनुष्य क्यों लड़ता झगड़ता है। विवादों के बीच उलझा हुआ तनावग्रस्त क्यों खड़ा रहता है। न वह विवेक की आंख से देखता है, न तटस्थता और संतुलन के साथ सुनता है, न सापेक्षता से सोचता और निर्णय लेता है। यही वजह है कि वैयक्तिक रचनात्मकता समाप्त हो रही है। पारिवारिक सहयोगिता और सहभागिता की भावनाएं टूट रही हैं। सामाजिक बिखराव सामने आ रहा है। धार्मिक आस्थाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। आदमी स्वकृत धारणाओं को पकड़े हुए शब्दों की कैद में स्वार्थों की जंजीरों की कड़ियां गिनता रह गया है। ऐसे समय में दोस्ती का बंधन रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार करता है। दुनिया बदल गई, तौर-तरीके बदल गए, पर दोस्ती की आत्मा आज भी वैसी ही है, शुद्ध, निस्वार्थ और जीवनदायिनी। श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता आज भी यह सिखाती है कि सच्चे दोस्त का मूल्य धन से नहीं, हृदय की आत्मीयता से आंका जाता है। श्रीराम और विभीषण की दोस्ती यह प्रमाण है कि विचारों की भिन्नता के बावजूद दिलों का मेल मित्रता को अमर बना देता है। आज जब रिश्ते स्वार्थों की चौखट पर सिर झुका रहे हैं, तब भी दोस्ती वह रिश्ता है जो बिना किसी अपेक्षा के जीवन को अर्थ देता है। आज की क्षणिक, स्वार्थ पर टिकी दोस्तियां जब टूटती हैं तो व्यक्ति भीतर से बिखर जाता है। तभी किसी विचारक ने कहा था-पहले प्रार्थना करते थे- हे प्रभु! दुश्मनों से बचाना, अब कहना पड़ता है, हे ईश्वर! दोस्तों से बचाना।' क्योंकि अब दोस्ती भी छल-कपट का आवरण ओड़ चुकी है। जबकि आधुनिक समय में सच्चे मित्र सचमुच जीवन की बांसुरी में बसी आत्माओं के समान अनमोल है। मित्र वही जो जीवन के हर रंग में साथ दे, अंधेरे में दीपक की तरह और उजाले में छांव की तरह। ऐसे मित्र दुर्लभ होते हैं, लेकिन यदि जीवन में एक भी सच्चा मित्र हो तो वह संपत्ति, शक्ति और सुखों से बढ़कर होता है। आचार्य तुलसी ने मित्रता के लिए जो सात सूत्र दिए, वे आज पहले से अधिक प्रासंगिक हैं-विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय और समन्वय। ये सात सूत्र दोस्ती को सतही नहीं बल्कि आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करते हैं। ये न केवल मित्रता को टिकाऊ बनाते हैं, बल्कि जीवन को भी सकारात्मक दिशा में मोड़ते हैं। दोस्ती के पांच मूलमंत्र हैं-एक-दूसरे की कमियों और अच्छाइयों को बिना शर्त स्वीकार करें। भावनाओं का सम्मान करें और समय दें। रिश्ता हल्का, सहज और मुस्कराहटों से भरपूर हो। पारदर्शिता, ईमानदारी और भरोसे को केंद्र में रखें। दोस्ती को निभाना सीखें, सिर्फ जताना नहीं। इन सूत्रों को अपनाकर हम मित्रता को सिर्फ एक दिवस की औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की जीवन्तता बना सकते हैं। इसीलिये यदि आज भी कोई रिश्ता है जो समय, दूरी और मतभेद की सीमाएं लांघ सकता है, तो वह सिर्फ दोस्ती है-नवीन युग की पुरातन धरोहर। विचार-भेद तो स्वस्थ समाज की निशानी हैं, लेकिन मन-भेद समाज को भीतर से खोखला कर देते हैं। क्रांति विचार-भेद से आती है, जबकि विद्रोह मन-भेद से। इसलिए मित्रता केवल भावनाओं की साझा जमीन नहीं, सामाजिक क्रांति की प्रयोगशाला भी बन सकती है। इसीलिये चलो एक बार फिर दोस्त बनें अभियान का सूत्रपात करते हुए जीवन को मुस्कान से भरे। इसके लिये मित्रता दिवस केवल एक संदेश नहीं देता, बल्कि एक पुकार है, जीवन को फिर से रंगीन, मधुर और अर्थपूर्ण बनाने की। दोस्ती का यह दिवस आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बांहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर दोस्ती की पगडंडी को पक? लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी। दोस्ती की यही सरगम कभी कानों में जीवनराग बनकर घुलती है तो कहीं उठता है संशय का शोर। दोस्ती को मजबूत बनाता है हमारा संकल्प, हमारी जिजीविषा, हमारी संवेदना लेकिन उसके लिये चाहिए समर्पण एवं अपनत्व की गर्माहट। यह जीना सिखाता है, जीवन को रंग-बिरंगी शक्ल देता है। प्रेरणा देता है कि ऐसे जिओ कि खुद के पार चले जाओ। ऐसा कर सके तो हर अहसास, हर कदम और हर लम्हा खूबसूरत होगा और साथ-साथ सुन्दर हो जायेगी जिन्दगी।

**- ललित गर्ग**

# आरबीआई ने दो प्रसिद्ध बैंकों के विलय को मंजूरी दी

**मुंबई।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के स्वैच्छिक विलय को मंजूरी दे दी है। यह विलय 4 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। विलय की घोषणा पिछले महीने की गई थी और अब आरबीआई की औपचारिक मंजूरी के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही, न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक की सभी शाखाएँ अब सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक की शाखाओं के रूप में कार्य करेंगी। बताया जा रहा है कि न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक फरवरी 2025 से आरबीआई की कड़ी निगरानी में था। बैंक के शीर्ष प्रबंधन पर 122 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगा था। इसके कारण, आरबीआई ने 14 फरवरी, 2025 को बैंक के निदेशक मंडल को भंग कर दिया और एक प्रशासक नियुक्त कर दिया। मार्च 2025 तक, बैंक की कुल संपत्ति 1100 करोड़ रुपये से अधिक थी और इसकी 27 शाखाओं में से 17 मुंबई में थीं। आरबीआई ने जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए निकासी पर प्रतिबंध लगा दिए थे।

### ग्राहकों पर क्या असर होगा?

इस विलय से सारस्वत बैंक के मज़बूत नेटवर्क का लाभ ग्राहकों को मिलेगा। सारस्वत बैंक देश का सबसे बड़ा शहरी सहकारी बैंक है और अपनी उन्नत तकनीकी सुविधाओं और व्यापक ग्राहक आधार के साथ, न्यू इंडिया बैंक के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएँ मिलने की उम्मीद है। जमाकर्ताओं का पैसा सुरक्षित रहेगा और बैंकिंग अनुभव और भी सुविधाजनक होगा। विलय के बाद, सारस्वत बैंक की बाज़ार हिस्सेदारी और ग्राहक आधार में और वृद्धि होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई के इस फ़ैसले से सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। ग्राहकों से नई सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक के आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

### क्या कहते हैं आरबीआई के नियम ?

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, सहकारी बैंकों के विलय का उद्देश्य न केवल वित्तीय बाधाओं को दूर करना है, बल्कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, स्थिरता और ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ाना है। सारस्वत बैंक की मज़बूत वित्तीय नींव विलय के बाद उसकी बाज़ार हिस्सेदारी और ग्राहक आधार को बढ़ाएगी, जो आरबीआई की शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) नीति के अनुरूप है। आरबीआई के शहरी सहकारी बैंकों के विलय संबंधी दिशानिर्देश के तहत, सहकारी बैंकों का स्वैच्छिक या अनिवार्य विलय किया जा सकता है। न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक और सारस्वत बैंक का विलय स्वैच्छिक है, जो आरबीआई के निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित है। इस विलय से बैंक की वित्तीय स्थिरता में सुधार और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा होने की उम्मीद है। विलय के लिए आरबीआई से औपचारिक अनुमोदन आवश्यक है, जो बैंक की परिसंपत्तियों, देनदारियों और प्रबंधन की पारदर्शी जाँच के बाद दिया जाता है। विलय के बाद ग्राहकों को सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएँ और बेहतर सुविधाएँ मिलने की उम्मीद है। इस विलय के साथ, न्यू इंडिया बैंक की सभी शाखाएँ सारस्वत बैंक की शाखाओं के रूप में कार्य करेंगी।

### ग्राहकों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्राहकों को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए। विलय के बाद खातों के हस्तांतरण, नई चेकबुक और बैंकिंग सुविधाओं के संबंध में उन्हें सारस्वत बैंक के निर्देशों का पालन करना चाहिए। यदि आपको जमा और ऋण के संबंध में कोई संदेह है, तो आपको बैंक से संपर्क करना चाहिए। घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि आरबीआई के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष (डीईएएफ) के तहत जमाकर्ताओं के अधिकार सुरक्षित हैं।

# भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक, बदलाव-चुनौतियों के बावजूद मजबूत है साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क आधारित रिश्तों पर आधारित है। यह साझेदारी समय-समय पर हुए बदलावों और चुनौतियों के बाद भी मजबूत बनी है, यह बात विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। यह साझेदारी कई बदलावों और चुनौतियों से गुजर चुकी है। हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारत पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि भारत से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी का 'पारस्परिक शुल्क' लिया जाएगा और रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर एक अलग दंडात्मक शुल्क भी लगाया जाएगा, जो 1 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत 1 अगस्त से 25 फीसदी शुल्क देगा। साथ ही उन्होंने यह कहा कि भारत को रूस से ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त दंड भी भुगतना होगा। ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में जब तक रूस युद्धविराम नहीं करता, तब तक जो देश रूस से ऊर्जा खरीदते रहेंगे, उन पर अमेरिका की ओर से 100 फीसदी तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप के इस कदम को विशेषज्ञों ने एक रणनीतिक दबाव के रूप में देखा है ताकि भारत को किसी समझौते के लिए प्रेरित किया जा सके, खासकर तब जब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक जैसे अधिकारी यह संकेत दे चुके हैं कि भारत जल्द ही कोई व्यापारिक समझौता कर सकता है। ट्रंप ने पोस्ट में लिखा- याद रखिए, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने वर्षों से उनके साथ अपेक्षाकृत बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ विश्व में सबसे ज्यादा हैं।

# बीएसएनएल ने घटाई एक और सस्ते प्लान की वैलिडिटी, लोग उठा रहे सवाल

नई दिल्ली। बीएसएनएल ने एक बार फिर अपने सस्ते प्लान की वैलिडिटी को घटा दिया है। अभी पिछले दिनों ही बीएसएनएल ने अपने 99 रुपए वाले सबसे सस्ते प्लान की वैलिडिटी घटा दी थी। इसके बाद अपने दूसरे सबसे सस्ते प्लान की वैलिडिटी को भी बीएसएनएल ने घटा दिया। ऐसे में उन लोगों को चिंता सताने लगी है जिन्होंने बीएसएनएल को एक सस्ता ऑप्शन मान कर अपने नंबर पोर्ट करवाए थे। वहीं लोगों का कहना है कि बीएसएनएल आने वाले 5जी की तैयारी इस तरह से कर रहा है कि उसके मौजूदा प्लान महंगे हो जाएं?

## आज का राशिफल



**मेष**- पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने की कोशिश करें, लेकिन अभी भी मार्ग समझ न आने की वजह से आप पुरानी बातों में अटके हुए नजर आएंगे। किसी एक काम पर पूरा ध्यान देकर काम करने की कोशिश करें। कई अवसर आ सकते हैं। अपने स्किल्स को बेहतर बनाने की कोशिश करें। लव रिलेशनशिप संबंधी दुविधा अगले कुछ दिनों में दूर होगी।

**वृषभ**- जरूर से अधिक हर एक काम पर ध्यान देने की वजह से आप खुद के लिए समस्या बढ़ा सकते हैं। लोगों के द्वारा बोली गई बातों का गहरा असर आपके मन पर होगा। अपनी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारियों को पूरा करने की कोशिश करें। आप से लोगों की अपेक्षा बढ़ती हुई नजर आ रही है, लेकिन अपनी क्षमता को ध्यान में रखते हुए ही काम करना होगा। काम में प्रगति प्राप्त करने के लिए फोकस बढ़ाना आवश्यक होगा। रिलेशनशिप संबंधी निर्णय लेने के लिए फिलहाल आप खुद को कमजोर समझ रहे हैं। सोच-विचार करने की आवश्यकता होगी।

**मिथुन**- आपकी किसी व्यक्ति के साथ बातचीत पूरी तरह से बंद होने से नकारात्मक विचार बढ़ते हुए नजर आएंगे। अभी किसी भी गलतफहमी को दूर करने की कोशिश नाकामयाब हो सकती है। वक्त के साथ ही रिश्तों को सुधारने की कोशिश करनी होगी। अभी के समय में केवल खुद पर ध्यान बनाए रखें। करियर संबंधी बातों की चिंता रहेगी, लेकिन परिचित व्यक्ति की मदद से मार्ग जल्दी प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में आ रहे उतार-चढ़ाव की वजह से जीवन की अन्य बातों पर असर न होने दें।

**कर्क**- जिन समस्याओं का हल आपको प्राप्त नहीं हो रहा है, उन बातों को फिलहाल भाग्य पर छोड़ना ही ठीक रहेगा। मानसिक रूप से आप बेहतर बनते जाएंगे। आध्यात्म के लिए बढ़ता हुआ झुकाव मानसिक अवस्था को सुधारने के लिए सही होगा। अपने व्यक्तित्व के बारे में नई बातें पता चलेंगी, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति आसान हो सकती है।

**सिंह**- अपने अहंकार को काबू में रखकर काम करते रहें। आपके द्वारा बोली गई बातों की वजह से करीबी लोग नाराज हो सकते हैं और जो सहयोग आपको प्राप्त हो रहा है, वह अचानक से बंद होगा। ईर्ष्या से के विवाद बढ़ सकते हैं। अपनी भावनाओं के बारे में जागरूकता दिखाएं। काम से संबंधित टारगेट पूरे करना आपके लिए आवश्यक होगा, वर्ना प्रतिस्पर्धी के द्वारा मात मिलेगी। यूरिन इन्फेक्शन तकलीफ को नजरअंदाज न करें।

**कन्या**- अपनी तुलना अन्य लोगों के साथ करने से बेचैनी महसूस हो सकती है। मन में उत्पन्न हो रहे क्रोध और निराशा के कारण दिनभर चंचलता और चिड़चिड़ापन महसूस होगा। किसी भी प्रकार की परिस्थिति में एकाग्रता भंग न होने दें। पैसा से संबंधित व्यवहार गलत न हो, इस बात का ध्यान रखना होगा। आज टारगेट को पूरा कर पाना मुश्किल लग सकता है।

**तुला**- बड़ी खरीदारी हो सकती है। अभी लेनदेन करने के लिए आप पूरी तरह से सक्षम नहीं हैं। कुछ दिन रुककर लेनदेन करना आपके लिए सही साबित होगा। किसी काम की वजह से नुकसान न हो, इस बात का ध्यान रखें। विदेश से संबंधित किए गए काम से आर्थिक परिस्थिति मजबूत बनेगी। सर्दी-बुखार जैसी तकलीफ हो सकती है।

**वृश्चिक**- काम में रुचि बढ़ती हुई नजर आ रही है, इस कारण टारगेट को अपेक्षित समय से पहले पूरा कर पाना आपके लिए संभव होगा। आपके काम से प्रसिद्धि और सम्मान दोनों प्राप्त होंगे। समाज और परिवार में अपनी छवि सुधारने का मौका आपको मिल सकता है, इसका पूरा उपयोग करें। मार्केटिंग से जुड़े हुए लोगों के लिए अपने काम से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त करना जरूरी होगा। पाइल्स की तकलीफ बढ़ने की संभावना बन रही है।

**धनु**- पैसों से संबंधित तकलीफों को दूर करने के लिए प्रयत्न बढ़ाने की आवश्यकता होगी। जब तक आर्थिक परिस्थिति मजबूत नहीं बनती, तब तक आगे के निर्णय लेने से बचें। अधिकतर समस्याओं का हल आपको पैसों के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। बेकार के खर्चों को दूर रखकर निवेश और आर्थिक आवक को बढ़ाने की कोशिश करें। काम की जगह किसी व्यक्ति से आपको भटकाने की कोशिश की जा सकती है। बदन दर्द की तकलीफ हो सकती है।

**मकर**- किसी भी काम को पूरा करते समय सरल तरीके से काम करने की आवश्यकता है। आप जितना अधिक कायदे-कानून संबंधित बातों में उलझेंगे, आपका उतना नुकसान हो सकता है। लोगों के आपके लिए रखे विचार और इरादों को समझ पाना संभव नहीं होगा। जितना हो सके उतना खुद ही अपने कार्य पूरे करने पर जोर दें। काम से संबंधित दस्तावेज को ठीक से पढ़कर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें।

**कुंभ**- यदि जीवन आप अपनी मर्जी के अनुसार जीना चाहते हैं तो अनेक जिम्मेदारियों को निभाना पड़ सकता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए किस प्रकार का मार्ग आप चुनते हैं, यह आपके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। अपनी क्षमता को समझकर अपनी अपेक्षाओं में बदलाव करना आवश्यक होगा। काम की जगह चल रहे षड़यंत्र को नजरअंदाज न करें। किसी भी प्रकार से आपका नुकसान न हो, इस बात का ध्यान रखना होगा।

**मीन**- एक से अधिक काम को एक समय पर ही पूरा करने की कोशिश में तनाव बढ़ सकता है। जिन बातों में दुविधा महसूस होती है, उनमें से किसी एक का चुनाव करके आगे बढ़ने की कोशिश करें। वर्तमान पर ध्यान देते हुए अपने निर्णय लेते रहें। प्रयत्न के बाद भी आर्थिक स्थिति में बदलाव न होने से नाराजगी हो सकती है।

## शब्दजाल - 7979

शब्द जाल में उत्तर प्रदेश के 10 प्रमुख सिने व्यक्तित्व के नाम ढूंढिए, नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं।

नौशाद, कमाल अमरोही, कैफ़ी आजमी, नरगिस, शैलेंद्र, समीर, अभिजीत, रवींद्र जैन, शबाना आजमी, अमिताभ बच्चन

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | कै | फ़ी | आ | ज | मी | ट | झ | क | न |
| नौ | च | र | ह | रिं | ले | ता | दि | शा | को | र |
| शा | र | श | बा | ना | आ | ज | मी | अ | ल | गि |
| द | म | दा | च | ल | क | ह | ड़ | मि | र | स |
| व | क | र | ष | अ | मि | री | चि | ता | र | ट |
| ह | ह | मा | व | दा | भि | ला | ती | भ | न | ती |
| ट | ट | बु | ल | र | म | जी | ह | ब | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | अ | छ | स | त | च्छ | जू | ट |
| स | थो | शे | व | ह | म | द्धि | ने | न | र | द |
| र | ल | लें | ति | रं | ट | रो | बें | न | रु | थो |
| र | वीं | द्र | जै | न | ख | बौ | ही | स | मी | र |

### शब्दजाल - 7978 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6923

**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6922

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म | श | व | जा | न | | आ | गा | ज |
| मं | | हु | | न | | र | ति | | मा |
| ग | ज | ल | | शी | बा | | श | बा | ना |
| | मी | | अ | न | जा | ना | | रू | |
| स | र | ग | म | | र | | स | द | मा |
| हे | | द | ला | ल | | सु | र | | ई |
| ली | ड | र | | ज्वा | | ख | | खे | ल |
| | कै | | का | | सो | | आ | | व |
| ग | त | औ | र | दि | न | | गे | | |
| खी | | | वॉ | | म | न | प | सं | द |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8447

**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज, पंकज, नीरज-3
7. चरित्र, धर्म-5
8. वचन, प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन, कहासुनी-4
17. रुपया, पैसा-2
19. भ्रम, संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2. अधिवर्ष, 29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ, गला-3
4. लाज, लज्जा-3
5. विवाह, ब्याह-2
6. सोना, धतूरा-3
9. टेका, आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा, लाइन-3
14. हत्या, मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर, गृह, निवास-3
22. युद्ध, संग्राम -2

### शब्द पहेली - 8446 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**3 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.35 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 08.47 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.58 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.12 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.28 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.34 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.20 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.53 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.23 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | वृष | 00.03 बजे से |
| | | मिथुन | 02.02 बजे से |
| | | कर्क | 04.15 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 215 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** नवमी 09.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 06.35 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 06.24 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 09.43 बजे तदनन्तर तैतिल 22.46 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 29'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872425
**जूलियन दिन** 2460890.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 08

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः अपनी पहचान बनाएं

अंग्रेजी के विश्वविख्यात लेखक जॉर्ज बर्नार्ड शॉ बेहद हंसमुख और मिलनसार थे। कई बार वह अपनी हाजिरजवाबी और सटीक टिप्पणी से लोगों को चमत्कृत कर देते थे। उनकी लोकप्रियता इतनी ज्यादा थी कि वह जहां भी जाते, लोग उन्हें घेर लेते थे। एक बार वह किसी कॉलेज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तो हमेशा की तरह उनसे ऑटोग्राफ लेने वालों की भीड़ लग गई। एक नौजवान ने ऑटोग्राफ बुक उनकी ओर बढ़ाते हुए कहा, 'सर, मुझे साहित्य का बहुत शौक है और मैंने आपकी सभी पुस्तकें पढ़ी हैं। आप मेरे प्रिय लेखक हैं। मैं अपने जीवन में अभी तक अपनी अलग पहचान नहीं बना पाया हूं लेकिन बनाना चाहता हूं। मैं क्या करूं? इसके लिए आप मुझे कोई संदेश देकर अपना हस्ताक्षर करें तो बहुत मेहरबानी होगी।' बर्नार्ड शॉ नौजवान की बात पर मुस्कराए फिर उन्होंने उसके हाथ से हस्ताक्षर पुस्तिका ली और उस पर संदेश लिखकर हस्ताक्षर किया और पुस्तिका लौटा दी। नौजवान ने पुस्तिका खोलकर देखा तो हैरान रह गया। बर्नार्ड शॉ ने लिखा था, 'अपना समय दूसरों के हस्ताक्षर इकट्ठा करने में नष्ट न करें, बल्कि खुद को इस योग्य बनाएं कि दूसरे आपके हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए लालायित रहें। अपनी अलग पहचान बनाने के लिए हर पल मेहनत करना और संघर्षरत रहना आवश्यक है।' यह पढ़कर नौजवान ने कहा, 'सर, मैं आपके इस संदेश को जीवन भर याद रखूंगा और अपनी एक अलग पहचान बनाकर दिखाऊंगा।' इस पर जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने नवयुवक की पीठ थपथपाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सूडोकु नवताल- 7232

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7231 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# जीएसटी संग्रह जुलाई में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हुआ

मुंबई। भारत का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.5 फीसदी ज्यादा है। यह आंकड़े शुक्रवार को सरकारी ने जारी किए थे। यह वृद्धि घरेलू लेनदेन और आयात दोनों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई, जो स्थिर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है, हालांकि विकास की गति हाल के महीनों की तुलना में धीमी रही। इस साल अप्रैल और जुलाई के बीच ग्रॉस जीएसटी राजस्व 8.18 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2024 की इस अवधि के 7.39 लाख करोड़ रुपए से 10.7 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। जुलाई में कुल ग्रॉस जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी से 35,470 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी से 44,059 करोड़ रुपए, इंटीग्रेटेड जीएसटी से 1,03,536 करोड़ रुपए और सेस से 12,670 करोड़ रुपए शामिल थे। जुलाई में लगातार सातवां महीना रहा, जिसमें संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा, लेकिन यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 2.1 लाख करोड़ रुपए के औसत से कम था। अप्रैल में जीएसटी प्राप्तियां रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो मई में घटकर 2.01 लाख करोड़ रुपए रह गई। रिफंड के एडजस्टमेंट के बाद जुलाई में नेट जीएसटी राजस्व 1,68,588 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले के 1,65,800 करोड़ रुपए से केवल 1.7 फीसदी ज्यादा है। यह मामूली वृद्धि रिफंड में 66.8 फीसदी की वृद्धि के कारण हुई, जो जुलाई 2024 में 16,275 करोड़ रुपए की तुलना में इस महीने 27,147 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। अप्रैल-जुलाई की अवधि में नेट जीएसटी राजस्व पिछले साल के 6.56 लाख करोड़ रुपए से 8.4 फीसदी बढ़कर 7.11 लाख करोड़ हो गया है। राज्यों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। छोटे पूर्वोत्तर राज्यों ने मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसमें त्रिपुरा 41 फीसदी की वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद 26 फीसदी के साथ मेघालय, 23 फीसदी के साथ सिक्किम और 22 फीसदी के साथ नागालैंड रहा। बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश में 18 फीसदी, बिहार में 16 फीसदी, आंध्र प्रदेश में 14 फीसदी और पंजाब एवं हरियाणा में 12-12 फीसदी की वृद्धि रही। जीएसटी में सबसे ज्यादा योगदान देने वाले राज्य महाराष्ट्र ने जुलाई में 30,590 करोड़ रुपए जमा किए, जो पिछले साल की तुलना में 6 फीसदी ज्यादा है। कर्नाटक और तमिलनाडु में क्रमशः 7 फीसदी और 8 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि गुजरात में 3 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में राजस्व में गिरावट भी देखने को मिली। मणिपुर के जीएसटी संग्रह में 36 फीसदी, मिजोरम में 21 फीसदी और जम्मू-कश्मीर व चंडीगढ़ में 5-5 फीसदी की गिरावट आई। दिल्ली और यूपी में क्रमशः 2 फीसदी और 7 फीसदी की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद जुलाई में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी मजबूत रहीं, उत्पादन 16 महीने के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया, जिससे समग्र आर्थिक गति को बल मिला है।




# ड्यूटी फ्री आयात से दालों के दामों में गिरावट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दालों की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दे दी है।जिसके कारण देश में दाल के भाव में गिरावट देखी जा रही है। कनाडा, अफ्रीकी देशों और रूस से बड़ी-बड़ी मात्रा में दाल आयात की जा रही है। जिसके कारण भारत में समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर दलहन बिकने लगा है। किसानों पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। किसानों ने दलहन की बोनी को कम कर दिया है। भारत के किसानों को दलहन का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण किसानों की रुचि दलहन में घटती चली जा रही है। किसान संगठनों द्वारा सरकार से लगातार मांग की जा रही है। विदेश से दलहन का आयात घटाया जाए, लेकिन सरकार ने किसान संगठनों की बात नहीं मानी। जिसके कारण भारत में दलहन के दामो में हर साल बड़ी अस्थिरता देखने को मिलती है। भारतीय बाजारों में चने की कीमत 8000 से घटकर 6200 पर आ गई है।तुवर की कीमत 11000 से घटकर 6700 पर आ गई है। पीली मटर के दाम 4100 से घटकर 3250 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गए हैं। लगातार दलहन के दामो में गिरावट देखने को मिल रही है। किसान संगठनों के अनुसार इस बार किसान तुवर की बुवाई में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण 8 फ़ीसदी रकवा तुवर का घट गया है। पिछले वर्ष 37.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में तुवर की बुवाई हुई थी। जो इस साल घटकर 34.90 हेक्टेयर रह गई है। सामान्य तौर पर 45 लाख हेक्टेयर जमीन पर तुवर बोई जाती है। यह रकवा लगातार घटता चला जा रहा है।

# आरबीआई ने दिया मौका- अभी भी बदले जा सकते है दो हजार के पुराने नोट

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर नोटों से जुड़े हुए बदलाव करता रहता है। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय इन नोटों की कुल कीमत 3.56 लाख करोड़ रुपये थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 6,017 करोड़ रुपये के नोट ही बचे हैं। यानी 98.31 प्रतिशत नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं। फिर भी, कई लोगों के पास ये नोट घर में रखे हो सकते हैं। आरबीआई ने 9 अक्टूबर 2023 से बैंकों में इन नोटों को बदलने की सुविधा बंद कर दी है। अब आप सिर्फ आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस में ही इन्हें जमा या बदल सकते हैं। ये ऑफिस अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। इन जगहों पर आप अपने नोट जमा कर सकते हैं या अपने बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करवा सकते हैं। इसके अलावा आप अपने नजदीकी डाकघर से इन नोटों को किसी भी ऑफिस में भेज सकते हैं। इसके लिए आपको एक आवेदन पत्र भरना होगा, जिसमें आपकी बैंक डिटेल्स और नोटों की जानकारी देनी होगी। इसके साथ पहचान पत्र की कॉपी भी भेजनी होगी। आरबीआई को नोट मिलने के बाद आपके खाते में पैसे जमा हो जाएंगे। यह सुविधा खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो छोटे शहरों या गांवों में रहते हैं। तो, अगर आपके पास 2000 रुपये के नोट पड़े हैं, तो जल्दी से इन्हें जमा कर लें। देर करने से बचें, क्योंकि आरबीआई ने साफ कर दिया है कि ये नोट वैध तो हैं, लेकिन इनका चलन अब लगभग खत्म हो चुका है। अपने पैसे को सुरक्षित रखने के लिए आप ये काम कर सकते हैं।

# सराय कॉम्प्लेक्स विवादों के घेरे में

## जनपद पंचायत ने की कार्रवाई, जर्जर कमरों को डिस्मेंटल करने का आदेश

**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। जनपद पंचायत लांजी के अधीन सराय कॉम्प्लेक्स लंबे समय से विवादों का केंद्र बना हुआ है। इस कॉम्प्लेक्स के संचालन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, जो अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों की ओर इशारा करती हैं। हाल ही में, जनपद पंचायत ने इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए दो कमरों को सील कर दिया है, जिन्हें आबंटन प्राप्त व्यक्तियों द्वारा किराए पर देकर मोटी रकम कमाई जा रही थी। इसके साथ ही, कॉम्प्लेक्स के जर्जर कमरों को नवीन निर्माण के लिए डिस्मेंटल करने का आदेश भी जारी किया गया है।**

### विवादों का केंद्र रहा सराय कॉम्प्लेक्स

सराय कॉम्प्लेक्स में निर्मित कमरे, जो मूल रूप से जरूरतमंदों को आवंटित किए गए थे, अब कई अनियमितताओं का शिकार बन चुके हैं। शिकायतों के अनुसार, कुछ व्यक्तियों ने अपने नाम पर आवंटित कमरों को किराए पर देकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने एक साथ दो-दो कमरों का संचालन शुरू कर दिया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा, कुछ कमरों को ऊंचे दामों में बेच दिया गया, और कुछ मामलों में स्वीकृति के बिना कमरों का पुनर्निर्माण भी किया गया।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि बिक्री किए गए कमरों के नाम परिवर्तन की प्रक्रिया में भी अनियमितताएं बरती गई हैं। इन शिकायतों की बार-बार जांच की मांग की गई, लेकिन पहले कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन अनियमितताओं के कारण सराय कॉम्प्लेक्स का मूल उद्देश्य, जो जनसुविधा प्रदान करना था, पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

### जनपद पंचायत की कार्रवाई-दो कमरे सील

लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के बाद, जनपद पंचायत ने 1 और 2 अगस्त 2025 को कार्रवाई करते हुए दो कमरों को सील कर दिया। जांच में पाया गया कि इन कमरों का संचालन उन लोगों द्वारा किया जा रहा था, जिन्हें ये कमरे आवंटित नहीं किए गए थे। जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने बताया कि जिन व्यक्तियों के नाम पर कमरे आवंटित थे, उन्होंने इन्हें दूसरों को किराए पर दे दिया था, जो नियमों के खिलाफ है।

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल गर्म है। कुछ का मानना है कि यह कार्रवाई लंबे समय से लंबित थी, जबकि अन्य का कहना है कि यह केवल सतही कदम है और पूरे मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए।




### जर्जर कमरों को डिस्मेंटल करने का आदेश

इस मामले में पंचायत निरीक्षक लेखराम रामटेक्कर से बात करने पर उन्होंने बताया कि सराय कॉम्प्लेक्स के अधिकांश कमरे जर्जर हो चुके हैं और सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें उपयोग के लायक नहीं माना जा रहा है। इस कारण जनपद पंचायत ने नवीन निर्माण के लिए इन कमरों को डिस्मेंटल करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस आदेश की जानकारी सभी संबंधित पक्षों को पहले ही दी जा चुकी थी।

लेखराज रामटेक्कर ने कहा, कॉम्प्लेक्स के कमरे पुराने और जर्जर हो चुके हैं। जनहित में इन्हें हटाकर नए निर्माण की योजना है। जिन लोगों को कमरे आवंटित किए गए थे, उन्हें नियमों का पालन करना चाहिए था। किराए पर देने या बेचने जैसी गतिविधियां पूरी तरह से गैरकानूनी हैं।

### जांच का विषय- नाम परिवर्तन और बिक्री

कमरों की बिक्री और नाम परिवर्तन की प्रक्रिया में हुई अनियमितताएं अब जांच के दायरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना उचित अनुमति के कमरों के नाम परिवर्तन और बिक्री की प्रक्रिया को अंजाम देना गंभीर मामला है। इस संबंध में जनपद पंचायत से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह पूरे मामले की पारदर्शी जांच करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

### आगे क्या?

सराय कॉम्प्लेक्स का मामला लांजी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जनपद पंचायत की हालिया कार्रवाई को कुछ लोग सकारात्मक कदम मान रहे हैं, लेकिन कई लोग इसे अपर्याप्त बता रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस कॉम्प्लेक्स को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए। साथ ही, नए निर्माण की प्रक्रिया को समयबद्ध और नियमों के अनुरूप पूरा करने की मांग भी उठ रही है।

इस मामले में जनपद पंचायत के अगले कदम और जांच के नतीजे इस विवाद को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह जनता के हित में कठोर और पारदर्शी कदम उठाए, ताकि सराय कॉम्प्लेक्स का मूल उद्देश्य पुनः स्थापित हो सके।

## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में बाल सभा के साथ मनाया गया हरियाली उत्सव





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड के ग्रामिण क्षेत्र में संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार को बाल सभा के अर्न्तगत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें गीत, भाषण, नृत्य, कुर्सी दौड़ शामिल थी साथ ही हरित दिवस के रूप में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बच्चों ने हरे रंग के कपड़े पहन, हरे रंग की कलाकृतियाँ बनाई गई और हरे रंग के नाश्ते का आनंद लिया गया। संस्था के संचालक ए.आर. कुशले ने बच्चों को बताया की पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमे पेड़-पौधे लगाने चाहिए जिससे हमारे आसपास के वातावरण हरा-भरा रहेगा और हमेशा हमे शुद्ध हवा प्राप्त होगी जिसमें हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ रहेगा की थीम को लेकर वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यकम को सफल बनाने में संस्था की प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले कार्यकम प्रभारी कमलेश ठाकरे, कु. सुनिता नखाते, श्रीमती सीमा येरपुड़े, रानू दखने, भागरता ठाकरे, हेमलता बिसेन, सुभम मेश्राम, रोहित चंदेल, सुरेन्द्र देवाहे एंव कक्षा नर्सरी से आठवी तक के कक्षा शिक्षक शिक्षिकाओं व सहायक शिक्षको का योगदान रहा ।

## एकल अभियान संच द्वारा जारी अखण्ड रामचरित मानस पाठ में साकेत, राजभारती व शिशु मंदिर के बच्चों ने पहुंचकर किया रामायण पाठ

### अतिथियों ने किया वृक्षारोपण






लांजी (पद्मेश न्यूज)। धर्म नगरी लांजी में स्थित प्रसिद्ध कोटेश्वर धाम में एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट महाकौशल मध्यप्रदेश के द्वारा 30 दिवसीय अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में क्षेत्र सहित आस पास के अनेको भक्त गण एवं दर्शनार्थी कार्यक्रम में पंहुचकर श्री रामायण पाठ का पूण्य लाभ अर्जित कर रहे। इसी कड़ी में एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं को श्री रामायण पाठ करने के लियें आमंत्रित किया गया है ताकि हमारे बच्चो को सनानत एवं संस्कृति के महत्व की जानकारी प्राप्त हो। श्री रामायण पाठ से हमे अनेको ज्ञान वर्धक शिक्षा प्राप्त होती है। 2 अगस्त को नगर में सचालित राजभारती प्रोमिनेन्सी कॉन्वेंट स्कूल लांजी, साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, सरस्वती शिशु मंदिर लांजी के सैकड़ो छात्र छात्राओं श्री रामचरित मानस पाठ पण्डाल पंहुचकर श्री रामायण पाठ किया जाकर रामायण पाठ के महत्व को जाना। साथ ही श्री रामायण पाठ करने वालों के द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया किस प्रकार पाठ किया जाता है और इनका महत्व क्या है। श्री रामचरित मानस पाठ आयोजन में 2 अगस्त साउथ अफ्रिका से डाक्टर माटालेन्यान टेसेपेसी एवं गुजरात अहमदाबाद से आये रोहित भाई पटेल, जलपेश भाई पटेल, युवराज सिंह परमार इन सभी का स्वागत एकल अभियान संच के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे के द्वारा किया गया। इस दौरान सभी के द्वारा रामचरित मानस पाठ स्थल कोटेश्वर धाम में विभिन्न प्रकार के वृक्षो का रोपण किया गया जिसमें बेल, आम, फलदार, फुलदार सहित इमारती वृक्षो का रोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का सदेश दिय गया।

## पालडोंगरी व प्राथमिक शाला सहेकी में स्थित हैण्डपम्प सुधार की मांग





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत पालडोंगरी के वार्ड क्रमांक 14 पटवारी कार्यालय के सामने स्थित हैण्ड पंप विगत कई दिनो से खराब होने के चलते पीने के पानी के लिये वार्ड वासी परेशान होते नजर आ रहे है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत पालडोंगरी एवं पीएचई को की जा चुकी है उसके बाद भी आज दिनांक हैण्ड पंप का सुधार कार्य नही किया गया है। वार्ड वासियों ने बताया कि इस हैण्ड पंप कई घरो के लोग पीने का पानी लेकर जाते है वर्तमान में नल जल योजना से जल की आपूर्ति हो रही है लेकिन आये दिन ग्रामो में विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है कोई समय नही है विद्युत सप्लाई बंद होने जिसके चलते पूर्व से पानी की व्यवस्था नही की जा सकती जिसके चलते हैण्ड पंप पर निर्भर रहना होता है। इसलिये विभाग से अनुरोध है कि उक्त हैण्ड पंप को अतिशिघ्र दुरूस्त किया जाये। साथ ही हैण्ड पंप के ईद गिर्द अत्यधिक गदंगी का आलम है लेकिन पंचायत इस ओर साफ सफाई का कोई ध्यान नही दिया जाता। पंचायत कोचाहिये कि ग्राम के सभी हैण्ड पंप के आस पास की पूर्ण रूप से साफ सफाई किया जाकर स्व्च्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाये।

### प्राथमिक शाला सहेकी स्थित हैण्ड पंप खराब

लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहेकी के प्राथमिक शाला सहेकी टोला परिसर में हैण्ड पंप खराब होने की सूचना विगत 1 माह से प्राप्त हो रही है। जिसके चलते स्कूली बच्चो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत स्कूल विभाग के द्वारा पीएचई विभाग को तथा बीआरसी कार्यालय को दी जा चुकी है उसके बाद भी आज दिनांक तक हैण्ड पंप दुरूस्त नही किया गया। स्कूल प्रबंधन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुसरे स्थान से पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। स्कूली बच्चो को मध्यान्ह भोजन के समय भी पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है ना ही समूह खाना बनाने के लिये पानी की व्यवस्था नही हो पा रही है।

## सांदीपनि विद्यालय बोलेगाँव में कक्षा 9वीं के छात्रों को किया निःशुल्क साइकिल वितरण



लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन की छात्र हितैषी योजना के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव में कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण 2 अगस्त दिन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापुरे, ग्राम की सरपंच श्रीमती प्रतिमा भारद्वाज , पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आवरे जी, अनिल भारद्वाज, लालचंद बारबुधे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने की। उपप्राचार्य प्रविण चंद्र साहू, समस्त शिक्षकगण, और विद्यालय परिवार ने मिलकर छात्रों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएँ दीं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना एवं उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। बच्चों ने नई साइकिल पाकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और शासन के प्रति आभार जताया।

## कलार समाज समिति की बैठक सम्पन्न



लांजी (पद्मेश न्यूज)। कलार समाज समिति लाँजी की आवश्यक बैठक 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार को सांय 5 बजे से कलार समाज भवन लाँजी में सम्पन्न हुई। बैठक जैन कलार समाज सेवा न्यास के अध्यक्ष गिरीश रामटेककर के मुख्य आतिथ्य में व सचिव अरुणेन्द्र दुरुगकर के विशेष आतिथ्य में हुई द्य बैठक में कलार समाज समिति के अध्यक्ष डॉ किशोर सोनवाने ने कलार समाज समिति लाँजी के वार्षिक कार्ययोजना के बारे में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में समाजोत्थान हेतु सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया गया एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संरक्षक दिलीप आसटकर, ओंकारलाल आसटकर, उपाध्यक्ष संतोष तिड़के, सचिव रमेश आसटकर, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश रणदिवे , विजय रामटेककर, दिनेश रामटेककर, दिनेश रणदिवे, विजय रामटेककर, फनिंन्द्र दुरुगकर, गोविन्द सोनवाने आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता की खोई ताकत लौटाने की कवायद

## भाजपा जिलाध्यक्षों की क्लास में बनी गाइडलाइन

भोपाल। सत्ता के साथ पार्टी में आए संक्रमण की रोकथाम के लिए अब भाजपा में पार्टी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई जिलाध्यक्ष के पद पर और कसावट की जा रही है। कार्यकर्ताओं का मान बना रहे और जिला अध्यक्ष सत्ता और संगठन के बीच की मजबूत कड़ी बने, इसके लिए बाकायदा पार्टी की ओर से डू एण्ड डोंट्स तय कर दिए गए हैं।

अधिकारिक रुप से कोई परिपत्र भले ना जारी किया गया हो, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की ओर से ये बता दिया गया है कि जिलाध्यक्षों की वर्किंग में कहां क्या बदलाव जरुरी है। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने जिलाध्यक्षों से कहा है कि अगर कोई कार्यकर्ता ये कहता है कि जो जिलाध्यक्ष के साथ सांसद या विधायक के करीब है, उसका काम हो जाता है, लेकिन हमारा नहीं होता। ये संगठन के लिए चिंता की बात है। जिलाध्यक्षों को हिदायत दे दी गई है कि



ट्रांसफर की फाइल लेकर मंत्रियों के दरवाजे अब ना पहुंचे।

### भाजपा में जिलाध्यक्षों की क्लास

मध्य प्रदेश भाजपा में निजाम बदलने के बाद अब पार्टी संगठन में कसावट लाने पर जोर है। सबसे ज्यादा चिंता पार्टी में इस बात को लेकर है कि भाजपा में सत्ता और दलबदल के साथ जो संक्रमण आया, उसकी संभाल कैसे हो। जिस कार्यकर्ता के दम पर बूथ जीत लेने का दम भाजपा दिखाती है, उस कार्यकर्ता की खोई ताकत कैसे लौटाई जाए। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने जिलाध्यक्षों से दो टूक कहा है कि यदि कोई कार्यकर्ता यह कहता है कि जो जिला अध्यक्ष, सांसद या विधायक के करीब है, उसका काम हो जाता है, लेकिन हमारा नहीं होता, तो यह संगठन के लिए चिंतनीय है। इस स्थिति की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष को लेनी होगी। उन्होंने जिलाध्यक्षों को जो वर्किंग गाइडलाइन दी है। उसमें स्पष्ट कहा है कि कार्यकर्ता से संवाद और उनकी समस्या का समाधान सबसे पहले होना चाहिए। जिलाध्यक्षों की सीएम मुख्यालय में हुई बैठक में गाइडलाइन बना दी गई है कि जिसमें खास जोर इस पर कि उन्हें क्या नहीं करना है।

### जिलाध्यक्ष ट्रांसफर की फाइल से कर लें तौबा

सरकारी बैठकों में भी यूं भी जिलाध्यक्षों की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अब भाजपा ने सख्ती कर दी है और निर्देशित कर दिया गया है हर सरकारी बैठक में जिलाध्यक्ष की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि सरकारी योजनाओं से जुड़े काम को लेकर प्रभारी मंत्री से समन्व्य किया जाए। जिला अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री के पास ट्रांसफर, परिवारजनों की नियुक्ति व निजी काम लेकर न जाएं। संगठन विस्तार पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों का काम कार्यकर्ता का सम्मान सक्रियता और समन्वय है। जिलाध्यक्षों को हिदायत दी गई है कि प्रत्यक्ष संवाद जरुरी है। जिलों में वर्चुअली बैठक बंद करें। जिला अध्यक्ष वर्चुअली जुडने् के बाद कैमरा ऑफ कर अन्य कार्य में व्यस्त हो जाते हैं।

### ऑब्जर्वर करेंगे नियुक्तियों में कार्डिनेशन

प्रदेश अधयक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नेता की खास जमात बनें जिलाध्यक्षों को फिर हिदायत दी कि आका का अंदाज छोड़ दें और पार्टी और विचार के लिए समर्पित होकर काम करें। उन्होंने परिवारवाद पर ब्रेक की बात कही और ये बताया कि अब जो नियुक्तियां होंगी, उसमें भी कार्डिनेशन के लिए आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे।

# सेवानिवृत व्यक्ति को दे दिया राज्य ओपन स्कूल के संचालक का प्रभार

## - जाते-जाते नया कारनामा कर गए प्रभात राज तिवारी

भोपाल। राज्य ओपन स्कूल, संस्कृत बोर्ड के संचालक तथा राज्य योग आयोग के सचिव रहे प्रभात राज तिवारी ने अपने सेवानिवृत्ति के दिन 31 जुलाई को नया कारनामा कर दिया। प्रभात राज तिवारी ने शासन के आदेशों का उल्लंघन करते हुए संचालक राज्य ओपन स्कूल का प्रभार ऐसे व्यक्ति को सौंप दिया जो रिटायर्ड है और मानदेय पर राज्य ओपन स्कूल में संविदा नौकरी कर रहा है।

वैद्य पहले सागर में शिक्षा विभाग में नौकरी करते थे लेकिन रिटायरमेंट के बाद प्रभात राज तिवारी ने उन्हें राज्य ओपन स्कूल में संविदा नियुक्ति दे दी, जबकि राज्य ओपन स्कूल में सहायक संचालक स्तर के अधिकारी कार्यरत हैं। लेकिन तिवारी ने सहायक संचालकों को प्रभार ना देते हुए अपने खास व्यक्ति को प्रभार सौंप दिया, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद भी वह अपना काम तीनों संस्थान में करते रहें।

करोड़ों के टेंडर जारी करने के आरोप

आरोप है कि तिवारी ने सेवानिवृत्ति के दिन ही राज्य ओपन स्कूल में करोड़ों रुपए के टेंडर पास कर दिए। प्रभात राज तिवारी ने अपने कार्यकाल में शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए कई नियुक्तियां की हैं। करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार किए हैं। जिस पर आडिट ने भी आपत्ति उठाई है। लेकिन शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान कभी भी प्रभात राज तिवारी के कारनामों की ओर नहीं आकर्षित हुआ। इस कारण प्रभात राज तिवारी ने खुलकर भ्रष्टाचार किया और शासन के आदेशों का उल्लंघन किया। उन्होंने राज्य ओपन स्कूल में अवैध नियुक्ति की जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, लोकायुक्त में की गई है। जिसकी जांच भी चल रही है।

# मानसून की मेहरबानी

## 22.70 प्रतिशत अधिक लबालब हुए जलाशय

भोपाल। मध्य प्रदेश में जमकर मेहरबान हुए मानसून से समय से पहले ही जलाशय लबालब हो गए हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक 22.70 प्रतिशत अधिक पानी भर चुका है। 31 जुलाई की स्थिति में पिछले साल प्रदेश के प्रमुख बांधों में औसत 50.07 प्रतिशत जल भराव था। जबकि इस साल औसत से अधिक बारिश होने से प्रदेश के प्रमुख बांधों में 72.75 प्रतिशत भर चुके हैं। इतना ही नहीं बांध फुल होने से 18 बांधों के गेट खोले जा चुके हैं।

रिजर्वायर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम में चिन्हित प्रदेश के 286 प्रमुख बांधों में से 104 बांध 90 प्रतिशत भरे हुए हैं। 31 बांधों में 75 से 90 प्रतिशत तक, 46 बांधों में 50 से 75 प्रतिशत तक जल भरा है। इसी प्रकार 52 बांधों में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक, 25 बांधों में 10 से 25



प्रतिशत तक पानी भरा है। यह स्थिति प्रदेशभर में हुई जोर की बारिश के चलते है। प्रदेश में बारिश के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो मध्य प्रदेश में अब तक 711.30 मिमी बारिश हो चुकी है। यह आंकड़ा प्रदेश की औसत बारिश से 59 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में औसत से 62 प्रतिशत जबकि पश्चिमी हिस्से में औसत से 55 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हुई है। पिछले साल 31 जुलाई की स्थिति में प्रदेश में 480.40 मिलीमीटर

### इन बांधों के खोले गए गेट

ओंकारेश्वर के 19
इंदिरा सागर खंडवा के 12
मणिखेड़ा शिवपुरी के 10
बरगी जबलपुर बांध के पांच
बिलगांव डिंडोरी के दो
गोपी कृष्ण सागर गुना का एक
कोतवाल फीडर मुरैना के दो
कुटनी छतरपुर के दो
मनुअर शिवपुरी के दो
मटियारी मंडला के 6
मोहिनी पिकअप वियर शिवपुरी के दो
पगारा मुरैना के दो
पगरा फीडर सागर के सात
पवई पन्ना का एक
राजघाट अशोकनगर के 8
संजय सागर विदिशा का एक
थावर मंडला का एक
अपर ककेटो श्योपुर का एक गेट खोला जा चुका है

# मालेगांव धमाके में क्लीनचिट पर प्रज्ञा ठाकुर ने लिखा- विधर्मियों का मुंह हुआ काला

भोपाल। पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ने उनकी गिरफ्तारी के बाद भगवा आतंकवाद जैसे गढ़े गए शब्दों को लेकर कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने इसमें दूसरे धर्म के सभी लोगों को भी लपेट लिया। साध्वी ने शुक्रवार रात एक्स पर लिखा, भगवा आतंकवाद और हिंदू आतंकवाद के जन्मदाता कांग्रेस सहित सभी विधर्मियों का मुंह हुआ काला। भगवा,



हिंदुत्व और सनातन की विजय पर समस्त सनातनियों और देशभक्तों का हुआ बोलबाला बहुत-बहुत बधाई। साध्वी ने अपनी पोस्ट के साथ जय हिंदूराष्ट्र, जय श्री राम का नारा लगाया।

भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने मालेगांव धमाके में एनआईए की अदालत से मिली क्लीनचिट को सनातनियों की जीत बताया है तो यह भी कह दिया कि विधर्मियों का मुंह काला हो गया। उन्होंने हिंदूराष्ट्र की मंशा भी जाहिर की है। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित सभी सात आरोपियों को 17 साल बाद बरी कर दिया। भोपाल की पूर्व सांसद ने इससे पहले एक्स पर एक भगवा झंडे की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भगवा चिर विजयी ध्वज.... झंडे के नीचे राष्ट्र जयघोष लिखा हुआ है। बचपन से ही हिंदुत्व की विचारधारा के लिए समर्पित साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए एक बम धमाके के केस में गिरफ्तार किया गया था। आरोप लगाया गया था कि जिस बाइक पर विस्फोटक रखा गया था वह साध्वी के नाम रजिस्टर्ड थी। लेकिन अदालत ने कहा कि सबूतों से यह साबित नहीं हो पाया।

# अग्निवीरों की भर्ती में सॉफ्टवेयर बनी अड़चन

## मनोवैज्ञानिक परीक्षण इस बार नहीं हो सकेगा

भोपाल। भारतीय सेना में अग्निवीरों का बौद्धिक कौशल और तनाव झेलने की क्षमता जांचने के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण फिलहाल अटक गया है। सॉफ्टवेयर में अड़चन के कारण इस बार यह परीक्षण नहीं हो सकेगा। शारीरिक परीक्षा के बाद यह परीक्षण होना था, लेकिन सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी के चलते अभी यह परीक्षण संभव नहीं है। अगर तकनीकी खामी दूर हो गई तो ट्रेनिंग पर भेजने से पहले या फिर अगली बार ही यह परीक्षण होगा।



अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा शिवपुरी के फिजीकल कॉलेज के मैदान पर होने जा रही है। शारीरिक परीक्षा शुरू होने में सिर्फ एक दिन ही बचा है। तीन फरवरी को रात 12 बजे अभ्यर्थियों को मैदान पर पहुंचना होगा। चार फरवरी रात 12.15 बजे से प्रवेश शुरू हो जाएगा। इसके बाद रात दो बजे से दौड़ होगी, फिर शारीरिक परीक्षा के अगले चरण होंगे। रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान द्वारा इस बार दौड़ के तुरंत बाद ही अभ्यर्थियों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया जाना था। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि शारीरिक परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले दिन सागर के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। इस बार जो मनोवैज्ञानिक परीक्षण होना था, वह सॉफ्टवेयर की अड़चन के चलते नहीं हो पाएगा। इसके लिए बाकायदा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया था, जिसकी लिंक अभ्यर्थियों के मोबाइल पर भेजी जाती और 15 मिनट की अवधि में प्रश्नों के जवाब अभ्यर्थियों को देने थे। इसका ट्रायल भी हुआ था, संभावना थी कि इस बार ही यह परीक्षण होगा, लेकिन परीक्षा से ठीक पहले सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामियों के चलते फिलहाल इस परीक्षण को इस बार नहीं किया जाएगा। शारीरिक परीक्षा में पहले 1600 मीटर दौड़, फिर चिन अप, पुश-अप, लंबी कूद, जिग-जैग चरण होंगे। पहले दिन सागर के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा होगी।

# दलित-आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर अवेध कब्जा और बिक्री की जांच



भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व मंत्री और विधायक भूपेंद्र सिंह ने सागर जिले में दलित आदिवासियों की 500 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध कब्जे और जबरन रजिस्ट्री करने का मुद्दा विधानसभा में उठाया।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मालथोन में गोविंद सिंह राजपूत ने 20 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। 50 एकड़ जमीन जो आदिवासियों की थी। उन्हें डरा धमका कर रजिस्ट्री करा ली है। अन्य आदिवासियों की भी 25 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भू राजस्व संहिता की धारा 165 का दुरुपयोग खुले आम किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन में विधायक को आश्वासन दिया है। इस मामले की जांच भोपाल से एक जांच दल भेजकर कराई जाएगी। राजस्व मंत्री ने कहा कि मालथोन निवासी गोबिंद सिंह राजपूत द्वारा जिन दलित और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया गया है। मालथोन के पुलिस थाने में उसका मामला दर्ज कराया गया है। नीलेश की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही है। भोपाल से जो जांच दल जाएगा। वह पूरे मामले की सूक्ष्म जांच कर रिपोर्ट देगा। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बीएलओ के बाद अब अफसरों को भी मिलेगा पारिश्रमिक

भोपाल। चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारी और सुपरवाइजर का पारिश्रमिक बढ़ाने के बाद अब सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) और चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के लिए भी पारिश्रमिक देने का फैसला लिया है। आयोग ने शनिवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। आयोग अब तक एईआरओ और ईआरओ को चुनाव संबंधी काम के बदले पारिश्रमिक या मानदेय नहीं देता था। सिर्फ बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को ही मतदाता सूची का काम करने पर राशि दी जाती थी।

बिहार चुनाव के पहले भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में चुनाव आयोग के लिए काम करने वाले सहायक चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भी प्रोत्साहित करने का फैसला लिया है। अब सहायक चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 25 हजार रुपए और चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एक साल में 30 हजार रुपए पारिश्रमिक के रूप में दिए जाएंगे। आयोग ने पिछले माह बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का फैसला लिया था। तब बीएलओ के साथ सुपरवाइजर को भी पारिश्रमिक देने का निर्णय लिया था। चुनाव आयोग ने देश के सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को इसके आधार पर भुगतान के निर्देश दिए हैं। एमपी में नए निर्देश के बाद बीएलओ को हर महीने एक हजार रुपए के हिसाब से मानदेय मिलने लगेगा। पहले यह 500 रुपए महीने के हिसाब से मिल रहा था।

# एमपी में सब्सिडी घोटाला : बंद उद्योगों को बांटे गए 19 करोड़, कैग रिपोर्ट में खुलासा

भोपाल। मध्यप्रदेश में एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं के तहत बड़ी आर्थिक अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने 2018 से 2022 के बीच 173 अपात्र उद्योगों को 19.11 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की। हैरानी की बात यह है कि तीन बंद उद्योगों को भी 67 लाख रुपये की सहायता दी गई। कैग रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई विभाग की पूंजीगत सब्सिडी योजना के तहत केवल उन्हीं उद्योगों को लाभ मिलना चाहिए, जो निर्धारित अवधि (3 या 5 साल) तक सक्रिय रहें। लेकिन छिंदवाड़ा, खरगौन और शाजापुर जैसे जिलों में बंद हो चुके उद्योगों को भी नियमों के खिलाफ सब्सिडी दी गई। इसके साथ ही कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 20 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों (डीटीआईसी) में 148 ऐसे उद्योगों को 14.37 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई, जो योजना की पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते थे। इन जिलों में बड़वानी, बैतूल, भोपाल, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, देवास, ग्वालियर, इंदौर, झाबुआ, खरगौन, पीथमपुर, मालनपुर, मंडीदीप, मंडला, नीमच, रतलाम, रीवा, शाजापुर, टीकमगढ़ और उज्जैन शामिल हैं।

राज्य शासन ने कैग को बताया कि इनमें से 133 प्रकरणों में अतिरिक्त सब्सिडी को आगामी किश्तों में समायोजित किया जाएगा, लेकिन कई मामलों में वसूली की कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है।

### लोक निर्माण विभाग में भी अनियमितता

कैग रिपोर्ट ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं। 11 पीआईयू द्वारा बनाए गए 19 कॉलेज भवनों और 6 छात्रावासों में एक जैसे निर्माण कार्यों में 10प्रतिशत से लेकर 624प्रतिशत तक लागत अंतर देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ठेकेदारों को भुगतान करते समय दर अनुसूची में संशोधन नहीं किया गया, कई निर्माणों में दीमक-रोधी उपचार, अग्निशमन व्यवस्था, वर्षा जल संचयन जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल ही नहीं की गईं। बिना उचित कारणों के समयवृद्धि दी गई और अनुमोदन के बिना लागत बढ़ाई गई।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

भोपाल। प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिये है। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। केन्द्र सरकार के सडक् परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 4 दिसम्बर 2018 के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद सभी पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाना अनिवार्य है। वाहन पोर्टल में डाटा अपडेट करने के काम में तेजी लाई जा रही है। परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश भर में दल गठित कर संबंधित वाहन डीलर के माध्यम से एनआईसी वाहन पोर्टल पर अद्यतन स्थिति दर्ज की जायेगी। इसके लिये एक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

### तीन माह में हो नम्बर प्लेट बदलने का कार्य

परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए है। निर्देश में कहा गया है कि अपने जिले के समस्त डीलरों से निरंतर सम्पर्क में रहते हुए वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाई जाए। जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं है उन्हें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) जारी करने, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता बदलना, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना संभव नहीं हो सकेगा।

# रविशंकर शुक्ल ने जिस विकास यात्रा की शुरुआत की, वह आज और मजबूत होती जा रही

## मप्र के पहले मुख्यमंत्री को याद कर बोले सीएम...

भोपाल। विधानसभा में शनिवार को मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल को स्मरण कर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर समेत मोहन सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने इस दौरान स्वर्गीय शुक्ल को याद किया और प्रदेश के विकास में उनके योगदान की चर्चा की। विधानसभा में यह नवाचार इसी महीने से शुरू हुआ है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के गठन के साथ पहले मुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रविशंकर शुक्ल ने जिस तरह से आधारभूत तरीके से काम किया और प्रदेश के विकास की नींव रखी। इसके बाद ही प्रदेश के विकास की राह और मजबूत होती जा रही है और विकास यात्रा जारी है।

### शुक्ल की विकास यात्रा आगे बढ़ रही

सीएम यादव ने कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को स्मरण किए जाने का फैसला विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने लिया है। इसके लिए उन्हें बधाई देते हैं क्योंकि उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यह निर्णय लिया है। ऐसे लोगों को स्मरण करना अच्छा नवाचार है जिन्होंने प्रदेश के विकास यात्रा में अपना सहयोग दिया है। कांग्रेस चाहती तो यह कदम पहले उठा लेती पर अब वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष ने अच्छा फैसला किया है। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक रीति पाठक, अनिरुद्ध माधव मारू, भगवान दास सबनानी, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने तय किया है कि विधानसभा में प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों की जयंती पर उन्हें याद किया जाएगा।

# बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी ने कारोबारी से की 2 लाख की धोखाधड़ी

## - नया क्रेडिट कार्ड जारी करने के नाम पर खाते से उड़ा दी रकम

भोपाल। पुराने शहर के कोहेफिजा थाना इलाके में बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा कारोबारी को नया क्रेडिट कार्ड जारी करने का झांसा देकर दो लाख की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फरियादी की जानकारी मोबाइल फोन पर अपलोड करने के बहाने उसका मोबाइल और पुराना क्रेडिट कार्ड ले लिया। इसके बाद उसके खाते से दो किस्तों में करीब 2 लाख से अधिक की रकम निकाल ली। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

थाना पुलिस के अनुसार फरियादी अशोक कुमार जायसवाल ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह लालघाटी इलाके में किराने की दुकान चलाते हैं। उनका बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक में हैं, और इसी बैंक का क्रेडिट कार्ड भी वह इस्तेमाल करते हैं। उनके क्रेडिट कार्ड की अवधि 31 जुलाई को खत्म हो रही थी। और वह नया क्रेडिट कार्ड लेना चाहते थे। इसे



लेकर अशोक का संपर्क एक बैंक के आउट सोर्स कर्मचारी अर्जुन मीना नाम के एजेंट से हुआ। उसने बताया की वह बैंक के लिए क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है, और उन्हें नया क्रेडिट कार्ड दिलवा देगा। अर्जुन 31 जुलाई को वह किराना व्यापारी के पास पहुंचा और कहा की बैंक में केवाईसी के लिये लिये उनका पुराना क्रेडिट कार्ड और नया पुराना क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के लिये उनका कार्ड से लिंक मोबाइल देना होगा। उस पर भरोसा कर फरियादी ने मोबाइल और क्रेडिट कार्ड उसे दे दिया। आरोपी ने करीब आधे घंटे तक उनका मोबाइल फोन अपने पास रखते हुए उनके खाते से रकम निकाल ली। हेराफेरी करने के बाद उसने फरियादी अशोक से कहा कि तकनीकी रुकावट के चलते आज उनका काम नहीं हो सकेगा, और वह कल आकर उनका कार्ड अपडेट कर देगा। अगले दिन अर्जून दोबारा किराना कारोबारी के पास पहुंचा और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के बहाने उसका मोबाइल फोन लिया और बाद में फिर बहाना बनाकर चला गया। उसके जाने के बाद व्यापारी ने देखा तो पता चला की उसके अकाउंट से दो किस्तों में दो लाख रुपए निकल चुके हैं। वे फौरन ही बैंक पहुंचे, वहां जानकारी लेने पर उन्हें पता चला की एक दिन पहले 31 जुलाई को भी व्यापारी उनके खाते से रुपए निकाले गए हैं। ठगी की जानकारी लगते ही अशोक कुमार थाने पहुंचे और शिकायत की। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया है।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराया

बुलावायो। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर की शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। कीवी टीम ने तीसरे ही दिन ये मुकाबला जीता लिया। जिम्बाब्वे की टीम इस मैच की दूसरी पारी में 67.1 ओवर में 165 रन पर ही आउट हो गयी। ऐसें में न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला जो उसने एक विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम की जीत में हेनरी के 9 और सैंटनर के 4 विकेट की अहम भूमिका रही। जिम्बाब्वे ने दूसरे दिन के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई।

मिचेल सैंटनर ने विलियम्स को आउटकर कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। शॉन विलियम्स ने सबसे अधिक 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद हेनरी ने क्रेग इरविन को 22 रन और सिकंदर रजा को पांच रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद अन्य बल्लेबाज भी एक-के बाद एक पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार जिम्बाब्वे की टीम 67.1 ओवर में 165 रनों पर आउट हो गयी। मैट हेनरी को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। हेनरी ने पहली पारी में 6 जबकि दूसरी में 3 विकेट लिए थे।

जिम्बाब्वे की टीम इस मैच में पहली पारी में 149 रन पर ही आउट हो गयी थी वहीं न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉन्वे के 88 और डैरिल मिचेल के 80 रनों की सहायता से पहली पारी में 307 रन बनाये थे जिसके कारण उसे बड़ी बढ़त मिली हुई थी।



# बुमराह को अपने मैच तय करने का अधिकार - डोइशे

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे ने कहा है तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आराम लेने से किसी को भी समस्या नहीं होनी चाहिये। डोइशे ने कहा कि बुमराह को अधिकार है कि वइ ये तय करें कि उन्हें कितने मैच खेलने हैं। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में तीन टेस्ट ही खेले हैं और सीरीज की शुरुआत में ही उन्होंने ये घोष्णा कर दी थी। बुमराह ने पहला टेस्ट खेला पर वह दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने लगातार दो मैच खेले। वहीं अंतिम टेस्ट से भी वह बाहर हैं।



डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के बिना उतरना हमेशा ही कठिन रहता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मामला कठिन । हम चाहते थे कि वह खेले पर उसके कार्यभार के कारण फिटनेस पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की। डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए। डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों। उन्होंने कहा कि हमने सभी फैसले टीम हित में लिए हैं। साथ ही कहा कि जिन खिलाड़ियों को इस सीरीज में अवसर नहीं मिला है। वे भी काफी अच्छे हैं हालांकि टीम संयोजन को बनाये रखने उन्हें अवसर नहीं मिल पाया।

# टी20 त्रिकोणीय सीरीज खेलेगे अफगानिस्तान, यूएई और पाकिस्तान

लाहौर । पाकिस्तान की टीम एशिया कप से पहले अभ्यास के लिए शारजाह में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ एक त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। ये श्रृंखला 29 अगस्त से शुरू होगी। पहले मैच में पाकिस्तान का सामना अफगानिस्तान से होगा। इस श्रृंखला में तीनों टीमों के बीच दो-दो बार मुकाबला होगा। वहीं 7 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। पाक और अफगान टीम के बीच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 बार मुकाबला हुआ है जिसमें पाकिस्तान तीन बार जबकि अफगान टीम दो बार जीती है। पाक टीम अभी वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज खेल रही है। अफगानिस्तान ने आखिरी बार दिसंबर में टी20आई में हिस्सा लिया था। वहीं यूएई भी मई में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरती थी।

### त्रिकोणीय सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है

29 अगस्त - अफगानिस्तान और पाकिस्तान।

30 अगस्त - यूएई और पाकिस्तान।

1 सितंबर - यूएई और अफगानिस्तान।

2 सितंबर - पाकिस्तान और अफगानिस्तान।

4 सितंबर - पाकिस्तान और यूएई।

5 सितंबर - अफगानिस्तान और यूएई।

7 सितंबर - फाइनल।

## एएफसी महिला एशियाई कप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा लक्ष्य - स्वीटी

उदयपुर। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान स्वीटी देवी ने कहा है कि उनकी टीम का लक्ष्य अगले साल होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। स्वीटी के अनुसार एशियाई कप में मुकाबले आसान नहीं रहेंगे। उसे इसमें जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे जैसी मजबूत टीमों के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ऐसे में टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी के लिए उसे इससे पहले होने वाले दोस्ताना मैच में मेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। भारतीय टीम महिला एशियाई कप की शुरुआत में ग्रुप सी में 4 मार्च, 2026 को वियतनाम के खिलाफ शुरुआती मुकाबाला खेलेगी। वहीं इसके बाद उसे 7 मार्च को जापान और 10 मार्च को चीनी ताइपे से खेलना होगा।

# दिलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे शार्दुल

मुम्बई । ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अगामी पश्चिम आगामी दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। चयनसमिति ने दिलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी शामिल किये गये हैं। टीम में शार्दुल के अलावा यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान और रुतुराज गायकवाड़ भी भी शामिल किया गया है। वहीं अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को शामिल नहीं किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल को भी शामिल किया गया हैं। दिलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा।



सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम चार सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फाइनल 11 सितंबर से खेला जाएगा। सभी मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर खेले जाएंगे।

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हरविक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवले, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और अरजान नागवासवाला।

# कृष्णा बोले, मैदान के बाहर रूट मेरे अच्छे दोस्त

ओवल। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट के बीच यहां इंग्लैंड के खिलाफ हुए पांचवे टेस्ट मैच के दूसरे दिन तीखी बहस हो गयी। इसा दौरान अंपायर ने हस्तक्षेप करते हुए कृष्णा को शांत कराया। इंग्लैंड की पारी के 22वें ओवर का ये मामला है तब रूट को गेंदबाजी के बाद कृष्णा ने कुछ कहा जिसपर रुट भी भड़क गये और बहस शुरु हो गयी। । इसके बाद अंपायर बीच में आये। रूट आम तौर पर अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देते हैं और विवादों से दूर रहते हैं पर इस बार वह भी एकाग्र होकर खेलते नहीं दिखे।

वहीं कृष्णा ने दिन का खेल समाप्त होने पर इसे अच्छी लड़ाई बताया है और कहा है कि मैदान के बाहर रूट से उनकी अच्छी दोस्ती है। कृष्णा ने रूट के साथ हुई बहस पर कहा, यह एक छोटी सी बात थी, एक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त। वहीं कृष्णा ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर रने को लेकर कि कि वह खेलें या न खेलें। हमें पता है कि क्या करना है। मुझे उनकी जगह इसलिए लिया गया है ताकि मैं अपनी भूमिका निभा सकूं। वहीं अगर मैं मैच नहीं खेल पाऊंगा, तो मुझे अपनी रणनीति पर काम करना होगा। मैं यहां टीम के लिए काम करने आया हूं। मेरे लिए यह एक प्रक्रिया है, प्रदर्शन नहीं। मैच के दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान टीम को 247 रनों पर ही समेट दिया। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 रन बनाये थे।

# पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 को जीतने उतरेगी वेस्टइंडीज

फ्लोरिडा। वेस्टइंडीज की टीम पाकिस्तान के खिलाफ यहां दूसरे टी20 मैच को हर हाल में जीतने उतरेगी। सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज की टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। इस मुकाबले में जहां पाक टीम को बल्लेबाजी में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा वहीं गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू के भरोसे रहेगी।



आंकड़ों पर नजर डालें तो पाक का पलड़ा भारी दिखता है। दोनो ही टीमों के बीच साल 2011 से लेकर अब तक 22 टी20 मैच खेले गये हैं। जिसमें 16 मैच पाकिस्तान ने जीते हैं और केवल तीन मुकाबले ही वेस्टइंडीज जीती है। तीन मुकाबलों में कोई परिणाम नहीं आये। पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में 14 रनों से हराया था। पाक टीम ने पहल मैच में छह विकेट पर 178 रन बनाये थे जिसके जवाव में वेस्टइडीज की टीम 164 रन ही बना पायी। ऐसे में सीरीज बराबर करने के लिए वेस्टइंडीज को ये मैच हर हाल में जीतना रहेगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं पाक = सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अय्यूब, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।

वेस्टइंडीज= शाई होप (विकेटकीपर कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक नाज, जेदिया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।

## सीए को एशेज में रिकार्ड दर्शकों के आने की उम्मीद

सिडनी । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को उम्मीद है कि आगामी एशेज सीरीज को देखने रिकार्ड संख्या में दर्शक आयेंगे। सीए के के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग के अनुसार भारत और इंग्लैंड के बीच जिस प्रकार के रोमांचक मुकाबले हुए हैं उसका भी सकारात्मक प्रभाव एशेज सीरीज पर पड़ेगा और अधिक से अधिक दर्शक ये मुकाबले देखना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज इस साल के अंत में होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में दर्शकों की संख्या भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दर्शकों से अधिक होगा। बीजीटी के दौरान कुल 837,879 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ग्रीनबर्ग ने कहा, " एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर अगर कहा जाये तो भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही सीरीज देखने लायक होगी।

# ईसीएस टी10 क्रिकेट में एक ही ओवर में बने 45 रन

लंदन। यहां लंदन काउंटी क्रिकेट टीम और गिल्डफोर्ड टीम के बीच जारी ईसीएस टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट में एक ही ओवर में 45 रन बनने का एक नया रिकार्ड सामने आने से सभी हैरान है। इसका कारण ये है कि अगर कोई बल्लेबाज एक ओवर की सभी छह गेंदों पर छह छक्के लगाए तब भी स्कोर 36 रन ही बनता है पर यहां 45 रन बन गये। इस मैच में उस्मान गनी ने विल एर्नी के एक ओवर में 45 रन बनाये, इस ओवर में दो नो बॉल और एक वाइड भी थी। इस प्रकार बल्लेबाज ने 42 रन बनाए और तीन रन अतिरिक्त आये। इससे पहले पेशेवर क्रिकेट में किसी भी बल्लेबाज ने एक ओवर में 45 रन नहीं बनाये थे।



इस मुकाबले में लंदन काउंटी क्रिकेट टीम ने पहले बैटिंग करते हुए बिना कोई विकेट खोए 10 ओवर में 226 रन बनाये। पारी की शुरुआत करते हुए गनी ने 43 गेंद में 153 रन की नाबाद पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 355.81 रहा। उन्होंनें 11 चौके और 17 छक्के लगाये। इसके बाद 227 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल्डफोर्ड की टीम चार विकेट पर 155 रन ही बना पाई और उसे 71 रन से हार का सामना करना पड़ा। गनी ने अफगानिस्तान के लिए 17 वनडे और 35 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## राहुल सबसे अधिक रनों का गावस्कर का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये

ओवल। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में असफल रहे और दूसरी पारी में केवल 7 रन ही बना पाये। वहीं पहली पारी में भी वह 14 रनों पर ही आउट हो गये थे। इस प्रकार राहुल सुनील गावस्कर का इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सबसे अधिक रनों का रिकाड नहीं तोड़ पाये। राहुल के पास इस मैच में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज नील गावस्कर का ये रिकॉर्ड तोड़ने का अवसर पर वह केवल 10 रनों से पीछे रह गये। गावस्कर ने साल 1979 में इंग्लैंड में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 542 रन बनाए थे। वहीं राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में 532 रन बनाए हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने साल 2014 में इंग्लैंड में 402 रन बनाए थे। वहीं पूर्व भारतीय कप्तान रोहिक शर्मा ने साल 2021-22 में इंग्लैंड में 368 रन बनाए थे।

# अमेरिका के फ्रिट्ज और शेल्टन कनाडाई ओपन टेनिस के चौथे दौर में पहुंचे

टोरंटो । अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन जीत के साथ ही कनाडाई ओपन टेनिस के चौथे दौर में पहुंच गये हैं। फ्रिट्ज ने तीसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-हराया। अब फ्रिट्ज का अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाड़ी जिरी लेहेका से होगा। लेहेका ने एक अन्य मुकाबले में आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया था। फ्रिट्ज ने डायलो के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन किया और हर बड़े अंक पर बढ़त बनाने का प्रयास किया। उन्होंने ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद एक और ब्रेक के साथ ही जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के ही शेल्टन ने अपने ही हमवतन ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7(8), 6-2, 7-6(5) से हरा दिया।

शेल्टन का लक्ष्य अब 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली के खिलाफ जीत दर्ज करना रहेगा। कोबोली ने एक अन्य मुकाबले में फैबियन मारोजान को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया था। शेल्टन इस सप्ताह



अपने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 7 पर खेल रहे हैं। शेल्टन ने नकाशिमा के खिलाफ पहले सेट में अच्छी सर्विस की। अंत में टाईब्रेकर में नकाशिमा ने अंतिम अंक पर दूसरा मिनी ब्रेक हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में शेल्टन ने तेज शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट की शुरुआत में नकाशिमा ने ब्रेक लेकर मैच का रुख पलटने का प्रयास किया पर शेल्टन ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए स्कोर 2-2 पर पहुंचा दिया। इसके बाद तीसरे टेस्ट को शेल्टन ने टाईब्रेक में जीत लिया।

# अंपायर कुमार धर्मसेना पर भड़के राहुल

ओवल। यहां भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार विवाद भी हुए। इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान जो रूट और भारतीय टीम के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के बीच बहस हो गयी जिसमें के एल राहुल भी बीच में पड़ गये उनकी अंपायर कुमार धर्मसेना से बहस भी हो गयी। ये मामला

इंग्लैंड की पारी के 22वें ओवर का है तब रूट को गेंद फेंकने के बाद कृष्णा ने कमेंट किया जिसपर रुट ने आपत्ति जतायी। मामला बढ़ने पर राहुल भी बहस में शामिल हो गये।

सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें राहुल ने रूट और कृष्णा की बहस को लेकर कहा, क्या, आप चाहते हैं कि हम कुछ न बोलें? इसपर धर्मसेना ने कहा, क्या आप चाहते हैं कि कोई गेंदबाज आए और आपसे इस तरह बात करे? नहीं आप ये नहीं कर सकते। नहीं राहुल, हमें उस रास्ते पर नहीं जाना चाहिए। राहुल ने कहा, आप हमसे क्या चाहते हैं? सिर्फ बल्लेबाजी और गेंदबाजी करे व घर जाएं? हम मैच के अंत में इस पर बात करेंगे। आप इस तरह बात नहीं कर सकते।卐 अब देखना है कि अंतरराष्ट्रीय किकेट परिषद (आईसीसी) के पास ये मामला जाता है तो वह क्या फैसला करती है। आईसीसी के नियमों के अनुसार, अंपायर के साथ की बहस को लेवल-1 या लेवल-2 अपराध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसके तहत खिलाड़ी पर जुर्माना, नकारात्मक अंक देने के साथ ही कुछ मैचों का निलंबन भी हो सकता है।

# सिराज इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में चार विकेट लेने के साथ ही एक रिकार्ड अपने नाम किया है। सिराज अब इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज के साथ ही एशियाई गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इस मामले में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का रिकॉर्ड तोड़ा है। बुमराह ने इंग्लैंड में अभी तक 5 बार पारी में 4 विकेट लिए हैं। वहीं मोहम्मद सिराज ने छठी बार इंग्लैंड की धरती पर एक पारी में 4 विकेट लिए हैं। सिराज ने इसी के साथ ही श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वकार यूनुस की बराबरी की है। इन दोनों ने भी इंग्लैंड में चार बार 6-6 चार विकेट लिए हैं इंग्लैंड टेस्ट में सबसे अधिक 4 विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर आर यासिर शाह भी शामिल हैं। इन दोनो ने ही पांच-पांच विकेट लिए हैं।



# बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची आने के बाद मचा बवाल..

## .राजनीतिक पार्टियों ने खड़े किए सवाल...तेजस्वी यादव ने कहा अगर मेरा एपिक नंबर बदला गया, तो कितने वोटर्स का बदला होगा...

# विवादों में वोटर वेरिफिकेशन

पटना/नई दिल्ली। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची का चुनाव आयोग ने पोर्टल पर प्रकाशन किया है, उसको लेकर राज्य में बवाल मच गया है। राजनीतिक पार्टियों ने उस पर सवाल खड़े किए हैं। राष्ट्रीय जनता दल नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि उनका खुद का एपिक नंबर (मतदाता पहचान पत्र संख्या) बदल दिया गया है। उन्होंने इसे एक साजिश करार दिया है और आशंका जताई है कि इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा सकते हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर मेरा एपिक नंबर बदला जा सकता है, तो फिर कितने लोगों के एपिक नंबर बदले गए होंगे? ये सवाल हम चुनाव आयोग से पूछ रहे हैं। ये वोटर लिस्ट से नाम काटने की एक साजिश है।

### मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

तेजस्वी ने आगे कहा कि यह सिर्फ एक तकनीकी त्रुटि नहीं हो सकती, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा षड्यंत्र हो सकता है जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में हलचल मच गई है। विपक्षी दलों ने तेजस्वी के समर्थन में आवाज उठाई है और चुनाव आयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, सत्ताधारी दल की ओर से अभी इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



गौरतलब है कि एपिक नंबर एक यूनिक कोड होता है जो हर मतदाता को दिया जाता है और इसके ज़रिए वोटर की पहचान सुनिश्चित होती है। ऐसे में यदि इसमें कोई फेरबदल होता है, तो इससे मतदाता की वैधता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। चुनाव आयोग की ओर से इस आरोप पर कोई आधिकारिक बयान फिलहाल तक नहीं आया है।

### पहले कहा था-मेरा नाम नहीं है

इससे पहले उन्होंने कहा कि मेरा नाम वोटर लिस्ट से कट गया है। उन्होंने कहा कि बीएलओ आई थीं और हमारा सत्यापन करके गई हैं। फिर भी मतदाता सूची में नाम नहीं है। जब मेरा ही नहीं बना तब मेरी पत्नी का कैसे बन जाएगा। उन्होंने आयोग से ये भी पूछा कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने अपना वोटर आईडी कार्ड जारी किया। वोटर लिस्ट में अपना नाम देखने के लिए एपिक नंबर डाला, जिसके रिजल्ट में लिखा आया- नो रिकॉर्ड फाउंड। तेजस्वी ने ये पूरी प्रोसेस स्क्रीन पर दिखाई। इलेक्शन कमीशन की ओर से जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का क्रॉस वेरिफिकेशन तेजस्वी यादव के दीघा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-204 में दीघा के पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में उनका नाम सर्च करना शुरू किया। इसके क्रमांक संख्या 416 पर तेजस्वी यादव और 445 पर उनकी पत्नी राजश्री का नाम है।

### लिस्ट में पति-पत्नी के नाम

पटना डीएम एस एन त्यागराजन ने भी मुहर लगाई। थोड़ी देर बाद उन्होंने लिस्ट जारी कर तेजस्वी के दावे को गलत बताया। उन्होंने बूथ लिस्ट जारी की है, जिसमें 416वें नंबर पर तेजस्वी यादव का नाम, उनकी तस्वीर है। डीएम ने कहा कि जानकारी मिली है कि तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है। इस बारे में जिला प्रशासन, पटना द्वारा जांच की गई। इसमें पता चला कि नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। इससे पहले उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केन्द्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था।

### तेजस्वी ने पूछा- एपिक नंबर कैसे बदला

पटना डीएम के लिस्ट जारी करने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि सबसे पहली बात तो एपिक नंबर बदलता नहीं, कैसे बदला, क्या बदला। अगर मेरा बदल सकता है तो कितने लोगों का एपिक नंबर बदला होगा... यह साजिश है वोटरों के नाम काटने की। कई आईएएस अधिकारी भी ट्वीट कर रहे हैं कि उनके नाम कट गए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि बूथ वाइज डेटा दे कि किसकी मृत्यु हो गई है, उनका एपिक नंबर क्या है, उनका बूथ नंबर क्या है। अगर कोई दूसरे राज्य में चला गया है तो उसकी डिटेल दे, आप इसे क्यों छिपा रहे हैं। तो सवाल ये है कि कितना बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा है। दरअसल, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी ने जो वोटर आईडी दिखाया था उसका एपिक नंबर आरएबी2916120 था। चुनाव आयोग ने जिस लिस्ट में तेजस्वी का नाम बताया है उसका एपिक नंबर आरएबी0456228 है। इसे लेकर तेजस्वी अब फिर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### दोनों एपिक नंबर एक ही हैं- डीएम

डीएम त्यागराजन एसएम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का नाम जरूर है। उनका नाम नहीं होने का दावा पूरी तरह गलत है। उनका नाम अभी भी उस बूथ पर है जहां वे वोट देते थे। हमारे पास जो एपिक नंबर उपलब्ध है, जो गहन पुनरीक्षण से पहले उनके नाम के साथ जोड़ा गया था। वही एपिक नंबर है जो उन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में जमा किया था। कोई भ्रम नहीं है। कोई समस्या नहीं है। 2020 के चुनाव के अपने हलफनामे में उन्होंने वही एपिक नंबर दिया है जो हम बता रहे हैं। अब अगर वे कोई और एपिक कार्ड दिखा रहे हैं तो उसे देखना होगा। एपिक नंबर वही रहेगा, जो आपके पास पहले था वही है।

### 2 गुजराती जो कहेंगे आयोग करेगा

तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग धांधली कर रहा है। ये गोदी आयोग बन गया है। बिना राजनीतिक दल को विश्वास में लिए इसे कराया गया। आयोग ने हमारी मांग पर कोई सुनवाई नहीं की। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव की भी अनदेखी की गई। हम लोगों ने शुरू से कहा था कि इसमें गरीबों के नाम कटेंगे। चुनाव आयोग ने इसकी प्रक्रिया पूरी की है। आयोग अपनी ही बातों से मुकर गया। कहा गया था कि जिसके नाम कटेंगे उनकी जानकारी दी जाएगी। ये जानकारी चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों को देनी थी। शुक्रवार को महागठबंधन का डेलीगेशन चुनाव आयोग गया था, लेकिन कोई जानकारी नहीं दी गई। तेजस्वी ने आगे कहा कि 2 गुजराती जो कुछ भी कहेंगे, वह चुनाव आयोग करेगा।

## मालेगांव ब्लास्ट: योगी और भागवत को भी फंसाने की हो रही थी साजिश

नई दिल्ली। मालेगांव ब्लास्ट केस में सरकारी गवाह रहे मिलिंद जोशी ने कहा कि उन पर योगी आदित्यनाथ और मोहन भागवत का नाम लेने का दबाव बनाया गया था। इसके लिए उन्हें कई दिनों तक हिरासत में रखा गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उस समय भी हिंदुत्व का फायरब्रांड चेहरा थे। ऐसे में उन्हें भी इस साजिश में झोंकने का पूरा इंतजाम हो गया था। दूसरी तरफ मोहन भागवत भी आरएसएस के शीर्ष नेताओं में थे। उनके आरएसएस चीफ बनने की संभावना भी बढ़ गई थी। इस मामले में जांच अधिकारी रहे महबूब मुजावर ने कहा कि केस को इस तरह प्रस्तुत किया गया था जैसे कि भगवा आतंकवाद का नैरेटिव स्थापित करना हो। महबूब मुजावर का कहना था कि तत्कालीन सरकार हिंदुत्व की राजनीति को खत्म करना चाहती थी। वहीं इस मामले में गवाह रहे मिलिंद जोशी ने कहा कि उन पर बेहद दबाव था कि असीमानंद और योगी आदित्यनाथ का नाम इस मामले में लिया जाए। इसके लिए जांच अधिकारियों ने उन्हें प्रताड़ित भी किया।

बता दें कि 29 सितंबर 2008 को मालेगांव के भीकू चौक पर एक दोपहिया वाहन पर बम धमाका हुआ था जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वाले सभी मुस्लिम थे। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज किया था और फिर जांच एटीएस को सौंप दी गई थी। यहां एक मोटरसाइकल मिली थी जिसके नंबर के साथ छेड़छाड़ की गई थी। वहीं असली नंबर प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर दर्ज था। मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में भगवा आतंवाद का नैरेटिव गढ़ने का प्रयास पूरी तरह फेल हो गया है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने जब प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया तो कांग्रेस पर भी कई सवाल उठने लगे। विशेष अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष के दावों में कई कमियां थीं और सबूतों के अभाव में आरोपियों को बरी कर दिया गया। साथ ही कोर्ट ने एटीएस और एनआईए की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। इस मामले के कुल 39 गवाहों में से एक ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उसपर आरएसएस और दक्षिणपंथी संगठनों के अन्य कई लोगों को फंसाने का भी दबाव डाला जा रहा था। मालेगांव ब्लास्ट मामले में बीजेपी सांसद प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी आरोपी थे। इस मामले में सभी आरोपियों को बरी करते हुए कोर्ट ने कहा कि आतंकवाद को कोई धर्म नहीं होता है और कोई भी धर्म हिंसा को सही नहीं ठहराता। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है। सिर्फ कहानियों के आधार पर सोच बना लेना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए ठोस सबूतों की जरूरत होती है जो कि जांच एजेंसियां नहीं प्रस्तुत कर पाई हैं।



## सरकार ने कहा- अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर कोई बात नहीं

नई दिल्ली। पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से दो मोर्चों पर एक साथ मिलती युद्ध की चुनौती और भारतीय वायुसेना के युद्धक जखीरे से लगातार घटते जा रहे लड़ाकू विमानों की गंभीर समस्या के बीच शुक्रवार को भारत का एक आधिकारिक जवाब सामने आया है। जिसमें कहीं और नहीं बल्कि संसद में यह कहा गया है कि भारत-अमेरिका के बीच अब तक पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर औपचारिक रूप से कोई बातचीत नहीं हुई है। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमान की बिक्री को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई आधिकारिक संवाद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इस साल फरवरी महीने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर इच्छा जताई थी। उधर, सूत्रों ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत के लिए न तो अमेरिकी स्टेल्थ लड़ाकू विमान एफ-35 फायदे का सौदा होगा और न ही रूस का सु-57 लड़ाकू विमान। अमेरिकी विमान कीमत के नजरिए से काफी महंगा है। जिसकी खरीद होने पर भारत को अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर बदलाव करना पड़ेगा, इसके ठिकाने यानी बेस अलग होंगे। कंप्यूटर व विमान पर नियंत्रण से जुड़ी अन्य सिस्टम अलग होंगे। सौदे में तकनीक हस्तांतरण की गुंजाइश बेहद कम है। ऐसे में इस दिशा में आगे बढ़ना किसी भी नजरिए से फायदेमंद साबित नहीं होगा। इसके अलावा अमेरिका द्वारा किसी अन्य देश को दिए जाने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में प्रयोग की जाने वाली किल बटन तकनीक भी भारत के लिए इसे लेकर बनी हुई बड़ी अरुचि में शामिल है। किल बटन में विक्रेता देश विमान की तमाम गतिविधियों (हमलावर, निगरानी मिशन के दौरान विमान के टेकऑफ, लैंडिंग को लेकर रुख शामिल) को अपने मनमाफिक नियंत्रित करता है। जबकि दूसरी और रूस का सु-57 लड़ाकू विमान के पांचवीं पीढ़ी का और स्टेल्थ होने में संदेह बना हुआ है। साथ ही ये काफी शोर करता है और केवल डॉग फाइट के लिए ही उचित है। इस हिसाब से भारत अन्य विकल्पों (फ्रांस से विमानों की खरीद) जैसे स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास (एम्का) और अन्य देशों से इनकी खरीद पर विचार कर सकता है।

अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 लड़ाकू विमान पहली बार भारत की धरती पर इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में हुए अंतराष्ट्रीय स्तर के वैमानिकी शो एयरो इंडिया-2025 में एक साथ नजर आए थे। इतना ही नहीं दोनों ने बेंगलुरु के आसमान को अपनी हवाई गर्जना से गुंजायमान करते हुए अपने युद्ध कौशल को भी सबके सामने प्रदर्शित किया था।

## छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटकों का जखीरा भी बरामद

सुकमा। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों को एक अहम सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने सुकमा जिले में एक समन्वित अभियान के दौरान प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के पांच सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है।

मीडिया रिपोर्ट पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि मुखबिर से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ की 74वीं और 226वीं बटालियन के जवानों की एक संयुक्त टीम ने जगरगुंडा थाने के प्रभारी के नेतृत्व में गुरुवार को अचकट गांव के पास घने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों की मौजूदगी देखकर संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए माओवादी की पहचान हेमला पाला (35), हेमला हुंगा (35), सोडी देवा (25), नुप्पो (20) और कुंजम मासा (28) के रूप में हुई है। ये सभी चिंतलनार क्षेत्र के रहने वाले हैं और जगरगुंडा-पामेड़ क्षेत्र समिति के हिस्से के रूप में सुरपांगुडा क्षेत्र में सक्रिय थे। उनके पास से दो देसी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर के गोले, एक टिफिन बम, सात जिलेटिन रॉड, नौ डेटोनेटर, विस्फोटक पाउडर और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियां बरामद की गई हैं। ये गिरफ्तारियां लंबे समय से नक्सली हिंसा से प्रभावित सुकमा जिले में चल रहे उग्रवाद विरोधी अभियान में एक बेहतरीन सफलता है। यह अभियान बस्तर क्षेत्र में उग्रवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने और नागरिकों की सुरक्षा तय करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे गहन प्रयासों को दर्शाता है। पिछले हमलों में संदिग्धों की संलिप्तता की सीमा का पता लगाने और बरामद विस्फोटकों की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है। बता दें मंगलवार को सुकमा-दंतेवाड़ा सीमा से लगे जंगली इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया था और डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए थे।

## छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार केरल की ननों को एनआईए कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक एनआईए स्पेशल कोर्ट ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो कैथोलिक ननों और एक अन्य व्यक्ति को कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस को सुखमन मंडावी नामक व्यक्ति के साथ 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बजरंग दल के एक पदाधिकारी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया था। आरोप था कि तीनों नारायणपुर की तीन लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवा रहे थे और उनकी तस्करी कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि लड़कियों को नर्सिंग ट्रेनिंग और नौकरी का वादा करके आगरा ले जाया जा रहा था।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी की अदालत ने सुनवाई के बाद जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अदालत ने तीनों को सशर्त जमानत दे दी है। वकील ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने पूछताछ के लिए तीनों की हिरासत की मांग नहीं की थी और कथित पीड़ितों ने उनके घर वापस भेज दिया गया था। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मामले को राजनीतिक रंग देने वालों पर निशाना साधकर कहा था कि मामला अदालत में विचाराधीन है और कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला है और जांच जारी है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ को एक शांतिपूर्ण राज्य बताया, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग सद्भावना से रहते हैं, और बस्तर की बेटियों की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। केरल की ननों की गिरफ्तारी का मुद्दा हफ्ते की शुरुआत में विपक्षी दलों ने संसद में भी उठाया था।

## ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन हिमाचल प्रदेश नक्शे से गायब हो जाएगा

नई दिल्ली। बारिश के मौसम में पहाड़ी राज्यों में पर्यटकों की भीड़भाड़ उमड़ रही है। पहाड़ों में ज्यादातर टूरिस्ट स्पॉट्स पर सालभर लोग नजर आते हैं। बढ़ते पर्यटकों के बोझ का असर पहाड़ी राज्यों पर पड़ रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को लेकर एक अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से कहा है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन हिमाचल प्रदेश देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को याद दिलाते हुए कहा कि सिर्फ टैक्स वसूलना पर्यावरण के मुद्दे से ऊपर नहीं हो सकता। कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में बेरोकटोक तेजी से हो रहे निर्माण और पर्यटकों की बढ़ती तादाद पर चिंता जताई। इस मामले में जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेव की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि पिछले कुछ सालों में राज्य ने कई प्राकृतिक आपदाएं झेली हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बाढ़, पहाड़ों और जमीन के लगातार खिसकने, घरों और इमारतों के ढहने के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि इंसान जिम्मेदार हैं। इन घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, लेकिन इसके लिए प्रकृति को दोष देना ठीक नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करके इसे रोकना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रकृति ने हिमाचल प्रदेश को प्रचुर सौंदर्य दिया है। इसका फायदा उठाकर सरकार ने इसे पर्यटन स्थल के रूप में प्रचारित किया और अब फोर लेन वाली सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सड़कों के निर्माण के लिए पहाड़ काटे जा रहे हैं। इसके लिए भारी मशीनरी और विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने लगा है। कोर्ट ने कहा कि हम राज्य सरकार और भारत संघ को यह समझाना चाहते हैं कि राजस्व कमाना ही सब कुछ नहीं है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर राजस्व नहीं कमाया जा सकता। अगर हालात आज की तरह ही चलते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा हिमाचल हवा में साफ हो जाएगा।



## आतंकवादियों के लिए भगवा शब्द का प्रयोग न करके सनातन या हिंदुत्ववादी शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए - चव्हाण

मुंबई । महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने जोर देकर कहा है कि आतंकवादियों के लिए भगवा शब्द का प्रयोग न करके सनातन या हिंदुत्ववादी शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी साफ किया कि चिदंबरम, सुशील कुमार शिंदे और दिग्विजय सिंह ने 'भगवा आतंकवाद शब्द का उपयोग किया था, लेकिन मैं और मेरी पार्टी उस शब्द से सहमत नहीं थे और आज भी नहीं हैं। चव्हाण की यह टिप्पणी मालेगांव ब्लास्ट केस में आए कोर्ट के फैसले के बाद आई है जिसमें कोर्ट ने सभी दोषियों को बरी कर दिया है।

एक समाचार चैनल से बातचीत में चव्हाण ने कहा, मेरे मुख्यमंत्री काल में 'सनातन संगठन की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता थी। इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए मैंने एक गोपनीय रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी थी। उसी संदर्भ में मैंने 'सनातन शब्द का उपयोग किया था, क्योंकि उस संगठन का कार्य आतंकवादी प्रवृत्ति का था। इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए था।



उन्होंने डॉ. नरेंद्र दाभोलकर और कॉ. गोविंद पानसरे की हत्याओं का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा उल्लेख करते हुए कहा कि उनके साथ क्या हुआ और आज तक न्याय क्यों नहीं मिला, यह गंभीर प्रश्न है। उन्होंने सवाल उठाया और कहा, ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा होनी थी, उसी समय मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव फैसले का आना संयोग है या साजिश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जब मालेगांव केस चल रहा था, तब जो बयान दिया था, उसका असर कोर्ट के निर्णय पर पड़ा हो, तो यह गंभीर मामला है।

चव्हाण ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, बीते 15 वर्षों से अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री हैं, लेकिन इस अवधि में जांच एजेंसियों ने न्यायोचित कार्य नहीं किया है। ये सब सोची-समझी रणनीति के तहत किया गया है। मुंबई विस्फोट और मालेगांव दोनों मामलों में सरकार को उच्च न्यायालय में अपील करनी चाहिए।

चव्हाण के अनुसार नाथूराम गोडसे की विचारधारा संघ की थी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक समय संघ पर प्रतिबंध लगाया था।

### डॉ. आंबेडकर कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में छात्रों से बोले सीजेआई गवई...

## आंबेडकर का सामाजिक-आर्थिक समानता का दर्शन करेगा भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन

नागपुर। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर का सामाजिक-आर्थिक समानता और न्याय का दर्शन भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा। नागपुर के डॉ. आंबेडकर कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। सीजेआई गवई ने कहा कि उन्होंने जीवन भर सामाजिक-आर्थिक न्याय की विचारधारा को आत्मसात करने का प्रयास किया है। महिलाओं की प्रगति और विकास समाज की प्रगति को मापने का एक पैमाना है। यह देखकर खुशी हो रही है कि डॉ. आंबेडकर कॉलेज की छात्राओं ने मानदंड पूरे कर लिए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है और उनकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। डॉ. आंबेडकर हमेशा कहते थे कि एक प्रतिष्ठित और महान व्यक्ति के बीच अंतर होता है। एक प्रतिष्ठित व्यक्ति वह होता है जो व्यक्तिगत रूप से सफल होता है, लेकिन समाज और देश के कल्याण के लिए काम करता है। सीजेआई ने कहा कि अपने माता-पिता के अलावा वह डॉ. आंबेडकर की सामाजिक-आर्थिक समानता, न्याय और भारतीय संविधान की विचारधारा के कारण ही मुख्य न्यायाधीश बने हैं। यदि आप सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो डॉ. आंबेडकर की विचारधारा और भारतीय संविधान आपकी मदद करेंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी डॉ. आंबेडकर कॉलेज को बधाई दी। उन्होंने संस्थान के विकास में बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय आरएस गवई और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के योगदान को सराहा।



# एचसीएल मलाजखंड में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी

### शुभम ब्रम्हे के विरुद्ध अपराध दर्ज, इस आरोपी ने मजदुर संघ का महासचिव बताते हुए एक नहीं, सैकड़ा भर लोगों से सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगाने के नाम पर लिए है रुपये, अपराध दर्ज होने के बाद फरार है शुभम ब्रम्हे

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। एच सी एल मलाजखंड में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। यह धोखाधड़ी शुभम ब्रम्हे नामक शख्स ने मजदूर संघ का महासचिव बताकर इस क्षेत्र के बेरोजगारों के साथ में की । सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगने के नाम पर की गई करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी में एच सी एल मलाजखंड के कुछ कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में मलाजखंड पुलिस ने सम्मेलाल पिता धनीराम मेरावी 38 साल ग्राम नेवरगांव बिरसा निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर आरोपी शुभम ब्रम्हे पिता जयपाल ब्रम्हे आईटीआई के पास ग्राम पौनी थाना मलाजखंड निवासी के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेलाल मरावी कक्षा आठवीं तक पढ़ा है और वह मजदूरी करता है। जिसके पिता धनीराम एच सी एल मलाजखंड में कैजुअल लेबर का काम करते हैं।एच सी एल मलाजखंड में सुरक्षा गार्ड गिरनीकर ठाकरे ग्राम बंजारी टोला से सम्मेलाल के पिताजी धनीराम की जान पहचान थी। जिसने धनीराम को बताया था कि शुभम ब्रम्हे तुम्हारे बेटे सम्मेलाल की एच सी एल मलाजखंड में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगवा देगा। इस एवज में शुभम ब्रम्हे को 2 लाख रुपये देना पड़ेगा। 22 अप्रैल 2025 को धनीराम ने अपने बेटे सम्मेलाल को डेढ़ लाख रुपए शुभम ब्रम्हे को देने के लिए दिए थे। इसी दिन 2:00 बजे एसडीम ऑफिस के पास सम्मेलाल ने गिरनीकर ठाकरे के सामने शुभम ब्रम्हे को डेढ़ लाख रुपए दिए और शेष 50हजार रुपये नौकरी चालू होने के दो माह बाद देने की बात हुई थी। शुभम ब्रम्हे ने पैसा लेने के बाद सम्मेलाल को बोला था कि 1मई 2025 को एच सी एल मलाजखंड में सुरक्षा गार्ड की नौकरी में आ जाना। उसी दिन शुभम ब्रम्हे ने सम्मेलाल को हाजिरी कार्ड देने के लिए बोला था। 1 में 2025 को सुबह सम्मेलाल एच सी एल माइंस के गेट में गया। यहां पर सम्मेलाल को शुभम ब्रम्हे मिला। जिसने सम्मेलाल को एक गुलाबी रंग का हाजरी काट दिया और बोला कि आज से तुम्हारी नौकरी चालू हो गई है। आज तुम घर चले जाओ 4 मई से एच सी एल में गेट में तुम्हारी सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी रहेगी। शुभम ब्रम्हे के बताए




अनुसार सम्मेलाल 4 मई को दोपहर 1:00 बजे एच सी एल मेन गेट पहुंचा। सम्मेलाल को में गेट से ड्यूटी बताएं कि तुम्हे ड्यूटी करने ब्रह्माटोला वाटर पंप में जाना है। इसके बाद सम्मेलाल ब्रम्हाटोला वाटर पंप गया और 2:00 से रात 9:00 बजे तक ड्यूटी किया। इस प्रकार सम्मेलाल को माह मई 2025 में कुल 14 हाजिरी दी गई। 31 मई 2025 को सुरक्षा गार्ड इंचार्ज अवधेश रजावत ने सम्मेलाल को 1 जून 2025 से ड्यूटी पर आने मना कर दियाऔर इस संबंध में अपने ठेकेदार शुभम ब्रम्हे से बात कर बोल दिया था।। इसके बाद सम्मेलाल शुभम ब्रम्हे के पास गया और उसे बोला की सुरक्षा गार्ड इंचार्ज अवधेश रजावत ने बोला है कि कल से ड्यूटी में मत आना और तुमसे बात करने के लिए कहा है। शुभम ब्रम्हे ने सम्मेलाल से बोला कि अभी मेरा टेंडर खत्म हो गया है। जैसे ही मुझे टेंडर मिलेगा मैं तुम्हें फिर से रख लूंगा। इसके बाद सम्मेलाल शुभम ब्रम्हे से कई बार नौकरी के संबंध मिला तो वह आजकल कहकर टालमटोल करने लगा। पिछले 20 दिन पहले सम्मेलाल को शुभम ब्रम्हे माइंस रोड़ पर मिला और उसे बोला कि यदि मुझे नौकरी में नहीं रख सकते तो मेरे डेढ़ लाख रुपए वापस कर दो। शुभम ब्रम्हे ने यह सुनते ही सम्मेलाल को अश्लील जातिगत गालियां देते हुए कहने लगा कि तुम लोग समझते नहीं हो मैं मजदूर संघ का महासचिव हूं मैं तुम्हारे लिए एच सी एल मलाजखंड से लड़ रहा हूं। यह कहकर शुभम ब्रम्हे ने सम्मेलाल को जातिगत रूप से अपमानित करते हुए भगा दिया और बोला कि मैं तुम्हारे पैसे नहीं दे सकता। तुझे जो करना है कर ले। इस प्रकार शुभम ब्रम्हे ने सम्मेलाल से एच सी एल माइंस में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए लेकरधोखाधड़ी की और पैसे मांगने पर सम्मेलाल को जातिगत रूप से अपमानित किया गया। बताया गया है कि शुभम ब्रम्हे ने सम्मेलाल के अलावा रामकुमार मेरावी ग्राम नेवरगांव निवासी सहित और अन्य एक सेकंड से अधिक लोगों से भी नौकरी लगा के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी की है। और सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगने के नाम पर लाखों रुपए लेकर की गई धोखाधड़ी में एच सी एल मलाजखंड के कर्मचारियों की भी मिली भगत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है फिलहाल मलाजखंड पुलिस थाने में सम्मेलाल ने शुभम ब्रम्हे द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर की गई धोखाधड़ी की एक लिखित शिकायत की। मलाजखंड पुलिस ने सम्मेलाल मेरावी द्वारा की गई शिकायत पर शुभम ब्रम्हे पिता जयपाल ब्रम्हे आईटीआई के पास ग्राम पोनी निवासी के विरुद्ध सम्मेलाल नौकरी से नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी और उसे जातिगत गालियां देकर जातिगत रूप से अपमानित करने के आरोप में धारा 318(4), 296 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 3(1)द,3(1)ध अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### बैहर बिरसा क्षेत्र के तथाकथित पत्रकारों की करतूत

## तथाकथित पत्रकार ने अपने दो साथी के साथ एक व्यक्ति से दो-दो नौकरी करने पर की 20 हजार रुपये की मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर-बिरसा क्षेत्र में फैले तथा कथित एक पत्रकार ने अपने दो साथियों के साथ एक व्यक्ति से दो-दो नौकरी करने पर अवैध रूप से 20 हजार रुपए की मांग कर दी और रुपये नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दे दी। इस मामले ने बिरसा पुलिस ने एक तथाकथित पत्रकार सहित तीन लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। यह रिपोर्ट भालचंद्र पिता बृज नारायण शुक्ल 50 वर्ष वार्ड नंबर 7 ग्राम पौनी मलाजखंड निवासी ने बिरसा पुलिस थाना में की थी। इस व्यक्ति द्वारा की गई रिपोर्ट पर तथाकथित पत्रकार सुभाष देशराज , नगर पालिका के स्थाई कर्मचारी गोपाल देशराज और अधिवक्ता संतोष ब्रम्हे तीनो ग्राम पौनी थाना मलाजखंड निवासी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। इसके पूर्व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव को ब्लैकमेल करने के आरोप में तथाकथित पत्रकार प्रदीप बिसेन ग्राम करौंदा बहरा निवासी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भालचंद्र शुक्ल ग्राम पौनी मलाजखंड निवासी अपने बड़े परिवार को देखते हुए वे यहा की नगर पालिका डेलीविजेस मैं रात 9:00 बजे से सुबह 5:00 तक काम करते हैं वही सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इंडियन बैंक दमोह में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। 25 जुलाई को करीब 4:00 बजे जब भालचंद्र शुक्ल इंडियन बैंक दमोह में अपनी ड्यूटी कर रहे थे ।इस समय सुभाष देशराज और संतोष ब्रम्हे में आए भालचंद्र शुक्ल की फोटो खींचकर बोलने लगे कि तुम्हें 20 हजार रुपये महीने देना पड़ेगा। हम पत्रकार है। नहीं तो तुम्हारे खिलाफ हम पेपर में छापेंगे। भालचंद्र शुक्ल ने उन्हें कहा कि मैं अस्थाई कर्मचारी हूं दिन में बैंक में और रात में नगर पालिका में चौकीदारी का काम करता हूं क्योंकि मेरा परिवार एक जगह की कमाई से नहीं पाला जा सकता। भालचंद्र शुक्ल के यह कहते ही सुभाष देशराज और संतोष ब्रम्हे दोनों भालचंद्र शुक्ल को गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि पंडित पैसा तो तुझे देना ही पड़ेगा नहीं तो तुझे हम कहीं का नहीं रखेंगे ।सुभाष देशराज कहने लगा कि तुम मुझे नहीं जानते तुझे मैं एस सी एक्ट में फंसा दूंगा। सुभाष देशराज और संतोष ब्रम्हे द्वारा भालचंद्र शुक्ल के साथ इंडियन बैंक दमोह में की गई। इस घटना के दौरान वहां पर अन्य लोग भी थे। इसके पूर्व गोपाल देशराज द्वारा इंडियन बैंक दमोह में जब भालचंद्र चौकीदारी कर रहे थे उस समय उसकी वीडियो बनाकर पैसों की मांग की गई थी। इस प्रकार तथाकृत पत्रकार सुभाष देशराज उसके भाई गोपाल देशराज और संतोष ब्रम्हे द्वारा भालचंद्र शुक्ल को रुपए की मांग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। अंततः प्रताड़ना से परेशान होकर के भालचंद्र शुक्ल ने एक लिखित शिकायत बिरसा पुलिस थाना में की थी। बिरसा पुलिस ने भालचंद शुक्ल द्वारा की गई शिकायत पर सुभाष पिता बालचंद देशराज उसके भाई गोपाल देशराज और संतोष ब्रम्हे पिता शंकर ब्रम्हे तीनो ग्राम पौनी मलाजखंड निवासी के विरुद्ध 296 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

### दो-दो जगह नौकरी करने पर 20 हजार रुपये प्रति माह देने की मांग कर रहे थे- भालचंद्र शुक्ल

भालचंद्र शुक्ला ने दूरभाष पर पद्मेश न्यूज़ को बताया कि उनका परिवार बड़ा होने से वे रात में नगर पालिका में चौकीदारी करते हैं और दिन में इंडियन बैंक दमोह में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। सुभाष देशराज अपने आप को पत्रकार बताकर अपने भाई गोपाल देशराज और संतोष ब्रम्हे के साथ दो दो जगह नौकरी करने पर 20हजार रुपए प्रति माह देने की मांग कर रहे हैं। जिससे वे परेशान हो गए थे और प्रताडित होते आ रहे थे। जिसके कारण उन्होंने ,,बिरसा पुलिस थाना में रिपोर्ट की है।




### सांसद श्रीमती भारती पारधी का दौरा कार्यक्रम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी पार्टी 3 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे आम जन से भेंट करेंगी और दोपहर 02 से 02:30 बजे तक भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी। इसके पश्चात वे दोपहर 3:00 बजे बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी और दोपहर 3:15 बजे जबलपुर-बालाघाट-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगी। सांसद श्रीमती पारधी और शाम 06:53 बजे बालाघाट रेलवे स्टेशन पर रीवा-बालाघाट-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी और रात्री 7:15 बजे बालाघाट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।





**आवश्यकता है**

**कंप्यूटर आपरेटर -2 पद**

शैक्षणिक योग्यता हिंदी व अंग्रेजी टायपिंग का ज्ञान अनिवार्य
वेतनमान- योग्यतानुसार

**ऑफिस ब्वाय- 01 पद**

योग्यता-न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण
वेतनमान-योग्यतानुसार

मिलने का पता- वार्ड नं. 14 गंगोत्री कालोनी वारासिवनी तह वारासिवनी जिला बालाघाट
समय -दोपहर 12 से शाम 6 बजे समय
संपर्क करें- मोबाईल नंबर 9584968038

**पैसा ठीक होने के बाद देना**

शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द

**सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज**

**प्रवेश प्रारंभ**

**B.Tech. & Polytechnic**

- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING

Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश

सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट